सोमवार

13 मई 2024

# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण

आपकी आवाज




पीएम मोदी आएंगे हिंदू-मुस्लिम करेंगे लालू को गाली देंगे और चले जाएंगे : तेजस्वी यादव

2



# पीएम नरेंद्र मोदी ने पटना में किया रोड शो, उनकी एक झलक पाने को बेताब दिखे लोग



**केटी न्यूज/पटना**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा चुनाव 2024 के चौथे चरण से पहले बिहार की राजधानी पटना में भव्य रोड शो किया। जिसमें आम जनमानस का एक बड़ा हुजूम उमड़ा। पीएम मोदी एयरपोर्ट से राजभवन पहुंचे, उसके बाद उन्होंने रोडशो किया। भट्टाचार्य मोड़ से शुरू होकर उमा सिनेमा, कदमकुआं, साहित्य सम्मेलन, ठाकुरबाड़ी रोड और कारगिल चौक होते हुए उद्योग भवन और इनकम टैक्स गोलंबर तक लगभग 2 किलोमीटर के इस रोड शो के साथ ही पीएम मोदी ने बिहार में समीकरण को भाजपा के पक्ष में साधा, जहां सातों चरणों में चुनाव हो रहे हैं।रोड शो खत्म होने के बाद राजभवन में ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रात्रि-विश्राम की व्यवस्था की गई। अगले दिन उन्हें पटना सिटी गुरुद्वारा में भी दर्शन करना है। इसके बाद हाजीपुर, वैशाली और सारण में वो रैलियों को संबोधित करेंगे। इस दौरान सड़क के दोनों तरफ सांस्कृतिक झलकियाँ भी दिखीं। इस दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी उनके साथ नजर आए। उनके स्वागत में आईं मुस्लिम महिलाओं ने जय श्री राम के नारे लगाए।

रोड शो में बड़ी संख्या में महिलाएं भी भगवा पगड़ी बांधी हुई नजर आईं, वहीं आरती करते हुए पुजारी भी दिखे। इस दौरान कहीं राम मंदिर की झलक दिखी तो कहीं मिथिला पेंटिंग की। पीएम मोदी की गाड़ी के ठीक आगे साफा बाँधी महिलाओं का काफिला था। बिहार में विपक्षी दलों ने जाति और आरक्षण के इर्दगिर्द इस चुनाव को घुमाने की कोशिश की गई, लेकिन पीएम मोदी ने मुस्लिम आरक्षण लेकर तमाम मुद्दों पर करारा प्रहार किया और आरक्षण पर भ्रम फैलाने वालों को जवाब दिया, लगातार अपनी जन-कल्याणकारी योजनाएं गिनाईं।

नरेंद्र मोदी देश के पहले प्रधानमंत्री हैं, जिन्होंने पटना में रोड शो किया हो। पटना साहिब लोकसभा क्षेत्र से जहां पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद भाजपा के प्रत्याशी हैं, वहीं पाटलिपुत्र से रामकृपाल यादव उम्मीदवार हैं। इस दौरान लोग अपने-अपने घरों की छतों पर खड़े होकर पीएम मोदी की एक झलक पाने को बेताब दिखे। पीएम मोदी ने अपने चुनाव प्रचार का फोकस विपक्ष के देश-विरोधी रवैये पर प्रहार के साथ-साथ अपनी गरीब-कल्याण योजनाओं को रखा है।



## लोकसभा चुनाव: चौथे चरण के लिए 1717 प्रत्याशी उतरे हैं चुनावी मैदान में

# 10 राज्यों की 96 सीटों पर मतदान आज इस बार पांच केंद्रीय मंत्री ठोक रहे ताल

♦ इस चरण में उत्तर प्रदेश की 13, पश्चिम बंगाल की आठ, बिहार की पांच, झारखंड की चार, तेलंगाना की 17 पर डाले जाएंगे वोट

**एजेंसी/नई दिल्ली**

लोकसभा चुनाव 2024 के चौथे चरण में उत्तर प्रदेश, बिहार और मध्य प्रदेश समेत 10 राज्यों की 96 सीटों पर सोमवार यानी 13 मई को चुनाव होना है। इस दिन मतदाता पांच केंद्रीय मंत्री, एक पूर्व मुख्यमंत्री, दो क्रिकेटर और एक अभिनेता समेत 1717 प्रत्याशियों की किस्मत का फैसला करेंगे। लोकसभा के चौथे चरण में आंध्र प्रदेश की 25, उत्तर प्रदेश की 13, तेलंगाना की 17, महाराष्ट्र की 11, मध्यप्रदेश की आठ, पश्चिम बंगाल की आठ, बिहार की पांच, झारखंड की चार, ओडिशा की चार और जम्मू-कश्मीर की एक सीट पर चुनाव होना है। इस फेज में 5 केंद्रीय मंत्री चुनाव लड़ रहे हैं। इनमें गिरिराज सिंह, नित्यानंद राय, अजय मिश्रा टेनी, अर्जुन मुंडा, जी किशन रेड्डी। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव भी मैदान में ताल ठोक रहे हैं। सिने स्टार शत्रुघ्न सिन्हा और दो पूर्व क्रिकेटरों- यूसुफ पठान और कीर्ति आजाद पर भी सबकी नजर रहेगी।



**यहां रोचक मुकाबला की है मुकाबला**

**1. कन्नौज (उत्तर प्रदेश):** समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव यूपी की कन्नौज सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। बीजेपी के सुब्रत पाठक यहां से सांसद हैं, जिन्होंने पिछले चुनाव में अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव को हराया था.

**2. आसनसोल (पश्चिम बंगाल):** इस सीट पर टीएमसी के शत्रुघ्न सिन्हा का मुकाबला बीजेपी के एसएस अहलूवालिया से है। शत्रुघ्न सिन्हा आसनसोल से ही सांसद हैं, जबकि अहलूवालिया बर्धमान-दुगार्पुर से सांसद हैं।

**3. कृष्णानगर (पश्चिम बंगाल):** तृणमूल कांग्रेस की चर्चित नेता महुआ मोइत्रा चुनाव लड़ रही हैं। उनका मुकाबला बीजेपी उम्मीदवार अमृता रॉय से है।

**4. बेगूसराय (बिहार):** बेगूसराय सीट को 'बिहार का लेनिनग्राद' भी कहा जाता है. यहां बीजेपी नेता और केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह का मुकाबला विपक्ष के संयुक्त उम्मीदवार, सीपीआई के अवधेश राय से है। साल 2019 के चुनाव में गिरिराज सिंह ने यहां बड़े अंतर से जीत दर्ज की थी.

**5. उजियारपुर (बिहार):** इस सीट से केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय तीसरी बार चुनाव मैदान में हैं. उनके खिलाफ आरजेडी ने आलोक कुमार मेहता को उतारा है। 2019 के चुनाव में नित्यानंद राय ने करीब 3 लाख वोटों से राष्ट्रीय लोक समता पार्टी प्रमुख उपेंद्र कुशवाहा को शिकस्त दी थी।

**6. खूंटी (झारखंड):** झारखंड की जनजातीय बहुल खूंटी लोकसभा सीट पर इस बार भी दिलचस्प मुकाबला है। यहां से केंद्रीय मंत्री और झारखंड के पूर्व सीएम अर्जुन मुंडा चुनाव लड़ रहे हैं। कांग्रेस के कालीचरण मुंडा उनके सामने खड़े हैं। पिछली बार भी यही दोनों आमने-सामने थे। यहां झामुमो के बागी, निर्दलीय उम्मीदवार बसंत लोंगा पर भी नजर रहेगी।

### इन सीटों पर होगी वोटिंग

1- **उत्तर प्रदेश:** शाहजहांपुर, फेरी, दौरा, सीतापुर, हरदोई, मिसरिख, उन्नाव, फरुर्खाबाद, इटावा, कन्नौज, कानपुर, अकबरपुर, बहराइच।
2- **मध्यप्रदेश:** देवास, उज्जैन, मंदसौर, रतलाम, धार, इंदौर, खरगोन और खंडवा।
3- **आंध्र प्रदेश :** श्रीकाकुलम, विजयनगर, एलुरु, विशाखापट्टनम, अनकापल्ली, काकीनाडा, गुंटूर, अमलापुरम, राजमुंदरी, नरसापुरम, मछलीपट्टनम, विजयवाड़ा, नरसारावपेट, ओंगोल, बापटला, नंद्याल, कुरनूल, चित्तूर, अराकू।
4- **महाराष्ट्र:** नंदुरबार, जलगांव, रावेर, जालना, औरंगाबाद, मावल, पुणे, शिरूर, अहमदनगर, शिरडी और बीड।
5- **बिहार:** दरभंगा, उजियारपुर, समस्तीपुर, बेगूसराय और मुंगेर।
6- **ओडिशा:** कालाहांडी, नबरंगपुर, बेरहामपुर और कोरापुट।
7- **जम्मू कश्मीर:** श्रीनगर।
8- **झारखंड:** सिंहभूम, खूंटी, लोहरदगा, पलामू।
9- **तेलंगाना:** आदिलाबाद, पेद्दापल्ली, नलगोंडा, करीमनगर, निजामाबाद, हैदराबाद, मेडक, मल्काजगीरी, सिकंदराबाद, हैदराबाद।
10- **पश्चिम बंगाल:** बहरामपुर, कृष्णानगर, राणाघाट, बर्धमान पुरबा, बर्धमान – दुगार्पुर, आसनसोल, बोलपुर और बीरभूम।

## उद्योगपति अगर पैसा भेज देते तो नहीं करते हंगामा : अधीर रंजन

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता और बहरामपुर के उम्मीदवार अधीर रंजन चौधरी ने एक नया विवाद खड़ा कर दिया है। उन्होंने खुलासा किया कि पार्टी ने उद्योगपतियों के खिलाफ यह अभियान इसलिए चलाया, क्योंकि उन्होंने (उद्योगपतियों) देश की सबसे पुरानी पार्टी को पैसे नहीं भेजे। मीडिया को एक साक्षात्कार देते हुए अधीर रंजन ने कहा कि अगर उद्योगपति कांग्रेस को पैसों से भरा बैग भेजेंगे तो, पार्टी उनके खिलाफ चुप हो जाएगी। तेलंगाना में एक रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने राहुल गांधी पर उद्योगपतियों के खिलाफ चुप्पी साधने को लेकर सवाल किया था। उन्होंने कहा था, अदाणी और अंबानी से कांग्रेस ने कितना काला धन लिया? पीएम मोदी की इस टिप्पणी पर कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने कहा, अगर यह आता, तो बहुत अच्छा होता। अधीर रंजन ने आगे कहा, एक बीपीएल सांसद होने के नाते मेरे पास चुनाव में लड़ने के लिए पैसे नहीं है। अगर अदाणी एक बोरी पैसा भेज दे, तो मेरे लिए काफी होगा। जब कांग्रेस नेता से उद्योगपतियों के खिलाफ बदनामी का अभियान शुरू करने और पैसे की मांग करने पर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा, हां हमने ऐसा किया, क्योंकि वे हमें पैसे नहीं दे रहे हैं। अगर वे ऐसा करते तो हम उनके खिलाफ चुप रहते।

## बीजेपी नेता ने दो-दो हजार देकर कराया विरोध प्रदर्शन: टीएमसी



**एजेंसी/कोलकाता**

पश्चिम बंगाल की बहुचर्चित संदेशखाली की घटना से कथित तौर पर जुड़ा एक और वीडियो सामने आया है, जिसमें एक स्थानीय बीजेपी नेता यह कहते हुए नजर आ रहा है कि महिलाओं को तृणमूल कांग्रेस के नेता शाहजहां शेख और उसके सहयोगियों के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन करने के लिए दो-दो हजार रुपये दिये गए हैं। टीएमसी ने अपने एक्स हैंडल पर यह वीडियो पोस्ट किया है। शाहजहां शेख पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न करने और ग्रामीणों की भूमि हड़पने का आरोप लगा है। संदेशखाली का कथित नया वीडियो 45 मिनट से ज्यादा का है, जिसमें संदेशखाली मंडल अध्यक्ष गंगाधर कयाल जैसे दिखने वाले एक व्यक्ति ने प्रश्नकर्ता को यह बात कही। पिछले सप्ताह की उस वीडियो में भी कयाल ही थे, जिन्होंने कहा था कि बलात्कार के आरोप मनगढ़ंत हैं।

ताजा वीडियो के सामने आने के बाद बीजेपी और टीएमसी में आरोप-प्रत्यारोप का नया दौर शुरू हो गया है। ताजा घटनाक्रम के बीच रविवार को संदेशखाली के खुलना में बीजेपी और टीएमसी कार्यकताओं के बीच झड़प हो गई। झड़प का वीडियो सामने आया है, जिसमें बीजेपी के झंडे लिए कई पुरुष और महिलाएं कुछ लोगों को दौड़ा-दौड़ा कर पीटते दिखाई दे रहे हैं, जो टीएमसी के कार्यकर्ता बताए जा रहे हैं। इससे पहले सामने आए संदेशखाली घटना जुड़े वीडियो में दावा किया गया था कि बीजेपी की एक स्थानीय महिला नेता ने कई महिलाओं से सादे कागज पर हस्ताक्षर कराए और बाद में सत्तारूढ़ टीएमसी नेताओं के खिलाफ बलात्कार और यौन उत्पीड़न की शिकायत दर्ज कराने में उसका इस्तेमाल किया गया। इन वीडियो को लेकर तृणमूल ने बीजेपी पर झूठ फैलाने का आरोप लगाया था।

## मोदी सरकार नहीं हारी तो देश को काले दिन देखने पड़ेंगे: उद्धव ठाकरे

**एजेंसी/मुंबई**

शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने पार्टी के मुखपत्र सामना को दिए एक साक्षात्कार में देशभर में जारी लोकसभा चुनाव के बारे में बात की। इस दौरान उन्होंने दावा किया कि अगर मोदी सरकार नहीं हारी तो देश को काले दिन देखने पड़ेंगे। उन्होंने आगे कहा कि भारत के लोग अपने नेताओं का भविष्य तय करेंगे। उद्धव ठाकरे ने दावा किया, अगर मोदी सरकार हारी तो देश का भविष्य शांतिपूर्ण होगा और लोकतंत्र फलने-फूलने लगेगा। अच्छे दिन कभी नहीं आएंगे, लेकिन काले दिन जरूर आएंगे। कहा कि भ्रष्टाचारियों को बचाना ही मोदी गारंटी है। भाजपा अन्य पार्टी के लोगों को अपने खेमे में शामिल कर उनके भ्रष्टाचार को साफ कर रही है। उन भ्रष्ट लोगों को भाजपा ने सुरक्षा का आश्वासन दिया है। भाजपा सभी भ्रष्ट लोगों को वैक्यूम क्लीनर की तरह अपने साथ जोड़ रही है, जो गंदगी को अपने अंदर खींच लेती है। कहा कि सत्तारूढ़ पार्टी के पास विकास के नाम पर दिखाने के लिए कुछ भी नहीं है।

## मोदी अपने उत्तराधिकारी का नाम बताएं: केजरीवाल



**केटी न्यूज/ नई दिल्ली**

तिहाड़ जेल से बाहर आने के बाद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार को लगातार दूसरे दिन प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने एक बार फिर प्रधानमंत्री के रिटायरमेंट का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा- अगले साल पीएम मोदी 75 साल के हो जाएंगे। उनके रिटायरमेंट का भाजपा नेताओं ने खंडन किया है। प्रधानमंत्री इस पर चुप हैं। उन्हें अपने उत्तराधिकारी का नाम बताना चाहिए। केजरीवाल ने कहा- अगर पीएम मोदी रिटायर नहीं होंगे तो वे कह दें कि 75 साल उम्र होने पर रिटायरमेंट का नियम उन पर लागू नहीं होगा। ये नियम सिर्फ आडवाणी अन्य कुछ नेताओं के लिए था। वे वन नेशन-वन लीडर आइडिया के तहत विपक्ष के सभी नेताओं को जेल भेज रहे हैं और अपने नेताओं की राजनीति खत्म कर रहे हैं।

पीएम मोदी ने शिवराज सिंह चौहान, वसुंधरा राजे, डॉ. रमन सिंह जैसे नेताओं की राजनीति खत्म कर दी। अब अगला नंबर यूपी के सीएम योगी का है। भाजपा ये तो कह रही है कि मोदी जी रिटायर नहीं होंगे, लेकिन ये नहीं कह रही कि योगी जी को नहीं हटाया जाएगा। मतलब पक्का है कि अगले दो महीने में योगी को सीएम पद से हटाया जाएगा। केजरीवाल ने एक सवाल के जवाब में कहा- मैं प्रधानमंत्री का चेहरा नहीं हूं। उन्होंने यह भी कहा कि अगर विपक्षी पार्टियां सत्ता में आती हैं तो वह सुनिश्चित करेंगे कि आप की गारंटी पूरी हो।

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कैसरगंज लोकसभा क्षेत्र में जनसभा को किया संबोधित

# देश में वही शासन करेगा, जो प्रभु राम को मानता है: योगी

**केटी न्यूज/बहराइच**

देश में राम मंदिर निर्माण पर रामद्रोहियों को ही आपत्ति हो सकती है क्योंकि यह हमेशा राम के अस्तित्व पर सवाल खड़ा करते आए हैं और आज भी सवाल खड़े कर रहे हैं। इंडी गठबंधन में शामिल लोग पाकिस्तान और आतंकवाद की पैरवी करते हैं। यह प्रभु राम पर नहीं बल्कि हम सब लोगों के अस्तित्व पर सवाल खड़ा करते हैं क्योंकि हम सभी जागने से लेकर सोने तक प्रभु श्रीराम का स्मरण करते हैं। अब वक्त आ गया है जब हमें इन्हे बताना है कि देश में वहीं शासन कर सकता है, जो प्रभु राम को मानता है। यह चुनाव रामभक्त और



रामद्रोहियों के बीच का है। यही वजह है कि देश की जनता एक स्वर में तीसरी बार मोदी सरकार और 400 पार का नारा लगा रही है। देश में 500 वर्षों के बाद भव्य, दिव्य और नव्य राम लला का मंदिर बनकर तैयार हो गया है। वहीं कांग्रेस और सपा के लोग कहते थे कि अयोध्या में राम मंदिर कभी नहीं बन पाएगा। आज भव्य मंदिर भी बनकर तैयार हो गया है और देश-विदेश श्रद्धालु बड़ी संख्या में दर्शन करने भी आ रहे हैं। यह वही सपा है, जो कहती थी कि अयोध्या में परिंदा भी पर नहीं मार सकता है। आज वह अपनी आंखें खोलकर देख लें कि अयोध्या में रोजाना रामभक्तों का रेला उमड़ रहा है। यही मोदी की गारंटी है। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को बहराइच के पयागपुर के कैसरगंज लोकसभा क्षेत्र में जनसभा को संबोधित करते हुए कही। इस दौरान उन्होंने लोकसभा प्रत्याशी करण भूषण सिंह के पक्ष में वोट की अपील की।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश की सुरक्षा हो या प्रदेश में कानून व्यवस्था। युवाओं की आजीविका हो या आस्था का सम्मान ये सभी कार्य केवल भाजपा ही कर सकती है। कांग्रेस ने देश को आतंकवाद, नक्सलवाद, परिवारवाद, जातिवाद, क्षेत्रवाद की समस्या दी है। सीएम योगी ने कहा कि कांग्रेस की मंशा एससी, एसटी के अधिकारों में भी घुसपैठ करने की है। इसका सबसे बड़ा उदाहरण यूपीए सरकार में आई सच्चर कमेटी की रिपोर्ट है, जिसे भाजपा के भारी विरोध के कारण उन्हें वापस लेना पड़ा था।




## पटना में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रोड शो को लेकर विपक्ष हमलावर, तेजस्वी बोले...

# पीएम मोदी आएंगे हिंदू-मुस्लिम करेंगे लालू को गाली देंगे और चले जाएंगे

♦ तेजस्वी बोले- नौकरी के एजेंडे ने पीएम मोदी समेत बीजेपी के तमाम नेताओं को सड़क पर ला दिया है

**केटी न्यूज/पटना**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रोड शो को लेकर विपक्ष हमलावर बना हुआ है। विपक्षी दलों का कहना है कि बीजेपी के लिए सबसे सेफ पटना साहिब और पाटलिपुत्र सीट भी इस बार खीसक रही है, इसी डर से प्रधानमंत्री को रोड शो करना पड़ रहा है। पीएम मोदी के पटना पहुंचने से पहले आरजेडी नेता तेजस्वी यादव ने हमला बोला है। तेजस्वी यादव ने कहा है कि नरेंद्र मोदी रोड शो करें या एयर शो करें। अब तक 8-9 बार बिहार आ चुके हैं, एक बार भी बिहार के बारे में कुछ बताएं कि पांच साल का क्या विजन है उनका बिहार को लेकर? बिहार को अगले पांच साल में कैसे आगे बढ़ाएंगे? 40 में से 39 सांसद दिए, 10 साल क्या किए? बिहार के लिए तो कुछ नहीं किया। नौकरी के एजेंडे ने प्रधानमंत्री को रोड पर ला दिया है।



उन्होंने कहा कि एक 34 साल का नौजवान बिहार में अकेले घूम रहा है। 140 से अधिक सभाएं कर लीं। बीजेपी के बड़े-बड़े नेता और खुद प्रधानमंत्री एक दिन में तीन तीन सभाएं कर रहे हैं, फिर भी नौकरी के एजेंडे ने उन सबको रोड पर लाया है। 34 साल के नौजवान के सवाल का प्रधानमंत्री के पास कोई जवाब नहीं है। तेजस्वी ने कहा कि पिछले 10 साल में एक भी चीनी मिल बिहार में चालू नहीं हुआ। बिहार में कितना नया कारखाना लगा या निवेश आया। महंगाई क्यों नहीं खत्म हुई। बिहार में पलायन क्यों नहीं रूका। गरीबी खत्म करने के लिए आखिर उनका मास्टर प्लान क्या है? वह आएंगे और हिंदू-मुस्लिम करेंगे। आरजेडी नेता ने कहा कि पीएम मोदी आएंगे और लालू प्रसाद और तेजस्वी यादव को गाली देंगे और फिर चले जाएंगे। सम्राट चौधरी के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि जैसे बिहार के दरभंगा में एम्स बन गया वैसे ही 14 चीनी मिल चालू हो गए हैं। ओडिशा में पीएम बोल रहे हैं कि जिला का कैपिटल होता है, अद्भुत प्रधानमंत्री हैं।

## तेजस्वी ने बीजेपी को ललकारा बोले... मुझे नहीं, मोदी जी को है बेड रेस्ट की जरूरत

**पटना।** लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में बिहार के उजियारपुर लोकसभा में 13 मई को मतदान हैं। शनिवार को चुनावी प्रचार का शोर थमने से पहले सभी नेताओ ने अपनी-अपनी पूरी ताकत झोंक दी। कमर और पीठ में दर्द से पीड़ित तेजस्वी यादव ने भी उजियारपुर लोकसभा क्षेत्र के पातेपुर हाई स्कूल के मैदान में महागठबंधन समर्थित राजद के उम्मीदवार आलोक मेहता के चुनावी जनसभा को सम्बोधित किया। तेजस्वी ने अपने कमर में लगी बेल्ट को दिखाते हुए कहा कि जबतक मोदी जी को पीएम पद से हटा नहीं लेते तब तक बेड रेस्ट नहीं करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि अब तेजस्वी को नहीं बल्कि नरेंद्र मोदी को बेड रेस्ट की जरूरत पड़ेगी। तेजस्वी यादव इन दिनों मंच पर खड़े होकर भाषण नहीं करते हैं। बल्कि कुर्सी पर बैठे-बैठे लोगो को संबोधित करते हैं।

## पीएम के कार्यक्रम को लेकर छपरा में 36 घंटे तक नो फ्लाइंग जोन

**पटना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन को लेकर शहर में सुरक्षा को लेकर सुबह से शाम तक पूरी व्यवस्था दुरुस्त की जाती रही। हर छोटे-बड़े चीजों को लेकर विशेष ध्यान दिया जा रहा था। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम स्थल सहित पूरे छपरा शहर को हाई सेंसिटिव जोन में बदल दिया गया है। एसपीजी और केंद्रीय पुलिस बल सहित जिला पुलिस की तैनाती की गई है। इस क्रम में शहर को नो फ्लाइंग जोन घोषित कर दिया गया है। अगले 36 घंटे तक किसी भी तरह की आकाशीय वस्तु को उड़ाने के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया है। एसपी गौरव मंगला ने प्रेस रिलीज जारी कर बताया कि 12 मई के सुबह 10 बजे से 13 मई रात 10 बजे तक कार्यक्रम स्थल से 05 किमी की दूरी तक किसी भी प्रकार का ड्रोन, एयर बैलून, पैरा-मोटर्स, पैरा-ग्लाइडर, पावर्ड हैण्ड ग्लाइडर प्रतिबंधित किया गया है।

## छपरा में बहन का सिर कूच कर भाई ने कर दी हत्या

**केटी न्यूज/पटना**

छपरा में रविवार को एक महिला की निर्मम तरीके से हत्या किए जाने का मामला सामने आया है। महिला के भाई पर ही सिर कुचल कर हत्या किए जाने का आरोप लगा है। घटना रविवार के दोपहर के बाद का बताया जा रहा है। नगर थाना क्षेत्र के दहियाव सिया मस्जिद के पास घटना घटित हुआ है।

मृतका की पहचान दहियाव निवासी नर्गिस बानो (35) पति आबिद अली के रूप में हुई है। महिला सरकारी स्कूल की उर्दू शिक्षिका बताई जा रही है। महिला छपरा में नौकरी के चलते अपने मायके में रहती थी। महिला का विवाह सीवान में हुआ था। उसका अपने सहोदर भाई से जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। इसी बात को लेकर रविवार को उसकी हत्या कर दी गई। 12 मई की दोपहर किसी बात को लेकर भाई-बहन में बहस शुरू हुई। इसके बाद भाई ने भारी वस्तु से महिला के सिर पर हमला कर दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस दो व्यक्तियों को हिरासत में ले ली है। हालांकि, मुख्य आरोपी लापता बताया जा रहा है। हत्या के बाद अफरा-तफरी का माहौल है। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए छपरा सदर अस्पताल भेज दिया है। मृतका का पति सीवान में रहकर नौकरी करता है। घटना के बारे में जानकारी देते हुए नगर थानाध्यक्ष ने बताया कि थाना क्षेत्र के दहियावा महमूद चौक सिया मस्जिद के पास आपसी विवाद में एक महिला का मर्डर कर दिया गया। सूचना के बाद घटनास्थल पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है।




## पुलिस वैन को देख भाग रहे एक युवक की कुएं में गिरने से मौत

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार के औरंगाबाद में पुलिस की गश्ती गाड़ी को देखकर तीन नाबालिग भागने लगे। इसमें से एक नाबालिग की कुएं में गिरने से मौत हो गई। इस घटना के बाद ग्रामीणों ने शव को थाने पर रखकर जमकर प्रदर्शन किया। हालांकि प्रदर्शन की जानकारी मिलने के बाद घटनास्थल पर सदर एसडीपीओ पहुंचे और ग्रामीणों को काफी समझाया। तब जाकर मामला कुछ देर बाद शांत हुआ। दरअसल, नरारी कला खुर्द थानाक्षेत्र के दरियाबाद गांव निवासी धीरेंद्र पासवान के नाबालिग पुत्र 14 वर्षीय सनी कुमार की मौत हो गई है। उसकी मौत कुएं में गिरने से हुई। यहां एनटीपीसी बिजली परियोजना के ऐश डैश के पास नरारी थाना की पुलिस गश्ती कर रही थी। ऐसे में पुलिस की गश्ती गाड़ी को देख दरियाबाद गांव में सड़क के किनारे बैठे तीनों लड़के डरकर अंधेरे में भागने लगे। भागने के क्रम में सनी कुमार कुएं में गिर गया। जिससे उसका सिर फट गया और ज्यादा खून बहने से सनी कुमार की मौत हो गई।

वहीं, सनी के साथ रहे दोनों लड़के घर पहुंच गए। आधे घंटे के बाद जब सनी घर नहीं पहुंचा तो दोनों लड़के और ग्रामीण उसे खोजने निकल पड़े। काफी खोजबीन करने के बाद सनी का चप्पल कुएं के बाहर दिखा। इसके बाद ग्रामीणों को शक हुआ। ग्रामीणों ने कुएं में उतरकर सनी के शव को देखा और उसे कुएं से बाहर निकाला। सनी का शव निकालकर ग्रामीण थाना के गेट पर रख कर प्रदर्शन करने लगे। उधर, घटनास्थल पर सदर एसडीपीओ संजय पांडेय समेत कई थानों की पुलिस पहुंची।

## मोदी सरकार गरीबों का हक देने नहीं, छीनने वाली है: मुकेश सहनी

**केटी न्यूज/पटना**

विकासशील इंसान पार्टी के प्रमुख और पूर्व मंत्री मुकेश सहनी आज मधुबनी, सीतामढ़ी, मुजफ्फरपुर एवं वैशाली में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज जो केंद्र में नरेंद्र मोदी की सरकार है वह गरीबों को देने के लिए नहीं बल्कि गरीबों का हक लेने वाली सरकार है। ऐसे गरीब और पिछड़े विरोधी सरकार को बदलने की जरूरत है। सहनी ने कहा कि जरूरत है कि हम एकजुट होकर सामाजिक न्याय की लड़ाई को मजबूत करने के लिए आगे आए। उन्होंने कहा कि गरीबों और पिछड़ों का अधिकार संविधान द्वारा प्रदत्त है लेकिन इसी संविधान को समाप्त करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि आज संस्थाओं का निजीकरण किया जा रहा है, जिससे स्वतः आरक्षण समाप्त किया जा रहा



है। 'सन ऑफ मल्लाह' के नाम से चर्चित मुकेश सहनी ने कहा कि सहारा इंडिया का पैसा देने का वादा किया गया था लेकिन जब कंपनी द्वारा चंदा दे दिया गया तो अब पैसा भी नहीं लौटाया जा रहा है। उन्होंने केंद्र सरकार पर किसानों की अनदेखी करने का आरोप लगाते हुए कहा कि किसान अपने हक के लिए दिल्ली जा रहे थे, तो जाने नहीं दिया गया। मुकेश सहनी ने लोगों से महागठबंधन की सरकार बनाने की अपील करते हुए कहा कि अब जरूरत है कि गरीबों का हक देने वाली सरकार केंद्र और प्रदेश में रहे जिससे गरीबों का हक और न्याय मिले।

## बिहार में आंधी और आकाशीय बिजली गिरने से 11 की मौत

**पटना।** शनिवार की देर शाम प्रदेश के कई जिलों में बारिश हुई। इस दौरान ठनका गिरने से 10 और आंधी के दौरान छत से गिरने पर एक की जान चली गई। नवादा में भारी ओलावृष्टि भी हुई। रोहतास के बिक्रमगंज इलाके में आंधी और बारिश के दौरान ठनका गिरने से अलग-अलग जगहों पर 10 लोग झुलस गए, जिनमें 5 की मौत हो गई। गया में 3, नवादा के नारदीगंज और जमुई में 1-1 लोगों की जान गई। वहीं औरंगाबाद में आंधी के कारण छत से गिरने पर मजदूर की मौत हो गई।

## गिरिराज सिंह ने की मांग... मतदान केंद्रों पर बुर्का पहन वोट देने जाने वालों की हो जांच


**केटी न्यूज/बेगूसराय**

लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में देश के कई राज्यों में 13 मई को वोटिंग होनी है। बिहार की पांच सीटों दरभंगा, उजियारपुर, समस्तीपुर, बेगूसराय और मुंगेर में भी सोमवार को सुबह सात बजे से वोटिंग शुरू हो जाएगी हालांकि वोटिंग से ठीक एक दिन पहले बीजेपी सांसद और बेगूसराय से उम्मीदवार गिरिराज सिंह ने चुनाव आयोग से बड़ी मांग कर दी है। गिरिराज सिंह ने कहा है कि मतदान केंद्रों पर बुर्का पहनकर आने वाले वोटर्स के चेहरे की जांच होनी चाहिए। दरअसल, बेगूसराय संसदीय सीट पर कल यानी सोमवार को वोटिंग होनी है। बेगूसराय में मुस्लिम मतदाताओं की संख्या ढ़ाई लाख के अधिक है, जो जिले के कुल मुस्लिम आबादी का 14 फीसदी है। वोटिंग से ठीक एक दिन पहले गिरिराज सिंह ने गड़बड़ी की आशंका जताते हुए मुसलमानों को लेकर चुनाव आयोग से बड़ी मांग कर दी है। गिरिराज सिंह ने कहा है कि जो भी महिला मतदाता हैं मतदान केंद्रों पर बुर्का पहनकर वोट देने के लिए जाती हैं। ऐसे में उनका चेहरा ढंका रहता है। उस चेहरे को देखने और पहचान करने का अधिकार सभी पोलिंग एजेंट को होता है। इसपर किसी को कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिए।

## चुनाव के बहिष्कार पर जांच करने पहुंची टीम

**पटना।** गोपालगंज के सदर प्रखंड के मशान थाना पंचायत में रोड नही तो वोट नहीं मांगो पर अड़े आक्रोशित लोगों को समझाने और लोगो की नाराजगी की जांच करने मुख्यमंत्री के आंतरिक सर्वे टीम पहुंची। टीम में शामिल जदयू के राजनीतिक सलाहकार और बिहार प्रदेश सह पूर्व संगठन प्रभारी संजय कुमार गिरी, अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव अनिल कुमार दास ने मांगों की जांच की। साथ ही आक्रोशित को समझा-बुझाकर वोट बहिष्कार नही करने की अपील की।



# वोट हमारा है अनमोल, कभी न लेंगे इसका मोल, चुनाव का पर्व देश का गर्व

◆ मत प्रतिशत बढ़ाने के लिए डीएम-एसपी ने गंगौली में लगाया संध्या चौपाल, मतदाताओं को मतदान के लिए किया गया प्रेरित



**केटी न्यूज/बक्सर**

वोट हमारा है अनमोल, कभी न लेंगे इसका मोल, चुनाव का पर्व देश का गर्व कुछ इस तरह के स्लोगनों से शनिवार की देर शाम गंगा के तटवर्ती इलाके में स्थित सिमरी अंचल का गंगौली गांव गूंज उठा। अवसर था डीएम एसपी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित संध्या चौपाल का। जिला प्रशासन द्वारा मतदान प्रतिशत बढ़ाने तथा मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने के उदेश्य से इस गांव में संध्या चौपाल का आयोजन किया गया था। यह आयोजन मध्य विद्यालय गंगौली के प्रांगण में हुआ था। बता दें कि मध्य विद्यालय गंगौली मतदान केंद्र यूपी के सीमावर्ती व दियारा क्षेत्र में स्थित है। जिला पदाधिकारी ने बताया कि मध्य विद्यालय गंगौली में सात मतदान केंद्र बनाए गए हैं, जहां लगभग 714 घरों के कुल 4830 मतदाताओं के द्वारा अपने मताधिकार का प्रयोग किया जाएगा। लोकसभा आम निर्वाचन 2019 में वोटर टर्न आउट 53.63 प्रतिशत था एवं विधानसभा आम निर्वाचन 2020 में वोटर टर्न आउट 60.75 प्रतिशत था। जिलाधिकारी ने उपस्थित सभी गणमान्य लोगों से लोकतंत्र के महापर्व में बढ़ चढ़कर मतदान करने का अपील किया।

## डीएम ने मतदान केन्द्र की सुविधाओं की दी जानकारी

अपने संबोधन के दौरान जिला पदाधिकारी द्वारा सभी को मतदान के दिन मतदान केंद्र पर मिलने वाली मूलभूत सुविधाओं के बारे विस्तार से जानकारी दी और बताया कि मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं के लिए पेयजल, शौचालय, वेटिंग रूम, मेडिकल सुविधा, व्हीलचेयर, रैंप आदि सुविधाएं मौजून रहेंगी। किसी मतदाता को मत देने के दौरान किसी तरह की परेशानी न हो इस बात का ध्यान रखा गया है। डीएम ने बताया कि वैसे मतदाता जो 85 वर्ष से अधिक के हैं, अथवा दिव्यांग है और मतदान केंद्र पर जाने में असक्षम है तो ऐसे मतदाताओं के लिए पोस्टल बैलेट की सुविधा प्रदान की जाएगी। वैसे मतदाता पोस्टल बैलेट के माध्यम से अपने मताधिकार का उपयोग कर सकते हैं।

## निर्भिक और भयमुक्त हो करें मतदान: एसपी

संध्या चौपाल में एसपी मनीष कुमार ने बताया कि प्रत्येक मतदान केंद्र पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की जाएगी। उन्होंने ग्रामीण मतदाताओं से निर्भीक एवं भय मुक्त होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील किया। एसपी ने कहा कि मतदान स्वेच्छा से करना है तथा यदि किसी मतदाता को कोई अपने पक्ष में मतदान के लिए डरा धमका रहा हो या फिर लालच दिखा रहा हो तो इसकी जानकारी पुलिस को दें। पुलिस ऐसे तत्वों से सख्ती से निपटेगी। अंत में डीएम ने उपस्थित सभी ग्रामीणों से मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलायी। साथ ही जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा कैंडल मार्च कर ग्रामीणों को जागरूक किया गया।

## एक नजर

### चेकपोस्ट पर वाहन चेकिंग के दौरान दो युवक से 2 लाख 8500 रुपए किया गया सीज

**नावानगर।** स्थानीय प्रखंड के रुपसागर कांव नदी स्थित चेकपोस्ट से वाहन चेकिंग अभियान के दौरान दो युवक से 2 लाख 8 हजार 500 रुपए सीज किया गया है। जिसे मजिस्ट्रेट द्वारा कोषागार में जमा करा दिया गया है। बताया जाता है कि डुमरांव निवासी मिटू बिष्ट पीकअप से मलियाबाग के तरफ जा रहे थे। इनके पास एक लाख तीस हजार रुपए थे। जबकि औरंगाबाद निवासी मनीष कुमार चौधरी 78 हजार रुपए लेकर निजी कार से डुमरांव की तरफ जा रहे थे। दोनों युवक के वाहन को चेकपोस्ट पर तैनात मजिस्ट्रेट एवं पुलिस बल द्वारा जांच के दौरान रुपए बरामद किए गए। जिसके संबंध में दोनों युवक से मजिस्ट्रेट ने पूछताछ के साथ प्रमाण की मांग किया, पर दोनों युवक द्वारा संतोषजनक जबाव नहीं दिए जाने पर बरामद रूपए को जब्त कर लिया। बाद में पुलिस की मौजूदगी में मजिस्ट्रेट ने उक्त रूपए को सीज कर कोषागार में जमा करा दिया। नावानगर थानाध्यक्ष नंदू कुमार ने बताया कि मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में थाना क्षेत्र के कांव नदी चेकपोस्ट पर वाहन चेकिंग अभियान चला रहे थे। इसी दौरान उक्त दोनो युवक वाहन से वहां पहुंचा। पुलिस ने उसे रोक जब तलाशी ली तो उनके पास से पांच-पांच सौ के नोटों के बंडल बरामद हुए। युवक उस रूपए के संबंध में ठोस जबाव नहीं दे सके। जिसे बाद में मजिस्ट्रेट ने जब्त कर कोषागार में जमा करा दिया है।

### जीविका दीदियों ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान, लोगों को वोट के लिए किया प्रेरित



**केसठ।** प्रखंड के लक्ष्मी जीविका महिला ग्राम संगठन कुलमनपुर के तत्वावधान में जीविका दीदियों ने मतदाता जागरुकता अभियान चलाया। इस अभियान का नेतृत्व जीविका मित्र मंजू द्विवेदी ने किया। इस दौरान जीविका दीदियों ने गांव के घर घर संपर्क कर 18 वर्ष से उपर के मतदाताओं को मतदान के महत्व के बारे में जानकारी दी। साथ ही मतदाताओं को आगामी एक जून को लोकसभा चुनाव के दिन सभी कार्य को छोड़ पहले मतदान का कार्य पूरा करने को लेकर प्रेरित किया। ताकि लोकतंत्र का सबसे बड़ा पर्व को सफल बनाया जा सके। जीविका दीदियों ने मतदाताओं को जागरूक करने के लिए भ्रमण के दौरान नारा भी लगाई। इस दौरान जीविका दीदियों ने महिलाओं एवं पुरुषों को निश्चित रूप से मतदान करने को लेकर शपथ भी दिलाई। मौके पर धर्म शीला देवी, देवंती देवी, सुमित्रा देवी,गीता देवी,सविता देवी, मीना देवी समेत अन्य जीविका दीदी मौजूद थीं।

### अविरल गंगा की टीम ने की गंगा सफाई

**बक्सर।** हर रविवार गंगा सफाई अभियान के तहत अविरल गंगा समिति द्वारा गंगा सफाई के साथ स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत रविवार को चौसा बाजार घाट पर अविरल गंगा समिति के अध्यक्ष रवीश जायसवाल की अध्यक्षता में 19वा रविवार गंगा सफाई एवं गंगा घाट पर जाने वाले मार्ग की सफाई की। साथ ही लोगों को सफाई अभियान के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान बाजार घाट स्थित नदी तट से कचरे हटाये गए। गंगा सफाई के साथ मदर्स डे पर पौधरोपण कर पर्यावरण को स्वच्छ रखने का संदेश दिया गया। रविश कुमार ने बताया कि कचरे से मा गंगा मैली होती जा रही है। इसकी सफाई के साथ लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि वे नदी में कचरा न डाले तभी मा गंगा निर्मल होगी।

### मटर खरीदने के विवाद में नामजदों ने दुकानदार को पीटा, केस दर्ज

**डुमरांव।** डुमरांव थाना क्षेत्र के जंगल बाजार मोहल्ले में मटर खरीदने के विवाद में नामजदों ने दुकानदार की पिटाई कर दी। इस मामले में पीड़ित दुकानदार ने आरोप लगाते हुए दो लोगों के खिलाफ नामजद केस दर्ज कराया है। पीड़ित दुकानदार जंगल बाजार के कौशल जायसवाल ने पुलिस को दिये गये आवेदन में बताया है कि दो युवक सफल मटर खरीदने के लिए आये और सौ ग्राम मटर मांगा। मटर के पांच सौ ग्राम के पैकेट होने से दुकानदार ने थोड़े से मटर देने पर इंकार कर दिया। इसी बात को लेकर विवाद बढा और दोनों युवकों ने उनकी पिटाई कर दी। दुकानदार ने नथुनी के बाग के रहने वाला उपेंद्र यादव और सागर कुमार पर केस किया है।

## खबरें फटाफट

### वाहन की चपेट में आई महिला की मौत

**नावानगर।** सोनवर्षा ओपी के एनएच 319 स्थित कड़सर गांव के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई। मृत महिला की पहचान नहीं हो सकी है। हालांकि पुलिस ने मृतका की पहचान कराने में जुटी है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल बक्सर भेज दिया है। घटना रविवार सुबह की बताया जाता है। इस संबंध में सोनवर्षा ओपीध्यक्ष निशा रानी ने बताया कि ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने पहले ग्रामीणों के माध्यम मृत महिला की पहचान करने की कोशिश की। जब मृतका की पहचान नहीं हो पाई, तो पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ग्रामीण एवं पुलिस ने आशांका जताया है कि संभवत: सड़क पार करने के दौरान वाहन की चपेट में महिला आ गई होगी। जिससे उसकी मौत हो गई है।

### सुमित्रा कॉलेज रोड जर्जर होने से आने जाने में परेशानी

**डुमरांव।** राज हाईस्कूल के पूर्व दिशा से निकलने वाली बड़ाबाग सड़क जो आगे जाकर सुमित्रा कॉलेज रोड से मिल जाती है, काफी जर्जर हो चुकी है। जगह-जगह उभर आए गड्ढें से लोगों को पैदल चलने में भी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इस रोड से कॉलेज की छात्राएं और स्कूल के छात्र पढ़ने के लिए आते-जाते हैं। बरसात के दिनों में गड्ढे में पानी भर जाने से परेशानी और बढ़ जाती है। इसी रोड से चाणाक्या कॉलोनी से लेकर लालगंज कड़वी के लोगों का भी आना-जाना रहता है।

### नो इंट्री के समय चोरी छिपे जंगल बाजार से निकलते हैं वाहन

**डुमरांव।** एनएच 120 जो नगर के स्टेशन रोड से गुजरते हुए बिक्रमगंज तक जाती है, इस पर सुबह 8 बजे से रात्रि 10 बजे तक भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगा हुआ है। जिस कारण दिन में नो एंट्री से बचने के लिए वाहन चालक ठठेरी बाजार रोड और अनुमंडल जाने वाले रोड से शहर में प्रवेश कर रहे हैं। कभी-कभी राजगढ़ चौक पर इनके प्रवेश करने से जाम लग जाता है। यहां कोई ट्रैफिक की व्यवस्था नहीं होने के कारण बेधड़क ये जंगल बाजार होते हुए फोरलेन पर चले जाते हैं।

## लोकसभा चुनाव: निवार्ची पदाधिकारी के साथ बैठककर तैयारियों की हुई समीक्षा

# सुदूर इलाके के बूथों का निरीक्षण कर मूलभूत सुविधाओं की करें पड़ताल: डीएम

**केटी न्यूज/बक्सर**

लोकसभा आम निर्वाचन 2024 की तैयारियों की समीक्षा के लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी अंशुल अग्रवाल की अध्यक्षता में सभी निवार्ची पदाधिकारी, सहायक निवार्ची पदाधिकारी, जिला स्तरीय पदाधिकारी के साथ समाहरणालय परिसर स्थित सभाकक्ष में बैठक की गई। बैठक में जिला पदाधिकारी द्वारा सभी सहायक निवार्ची पदाधिकारी को अपने-अपने क्षेत्रांतर्गत सभी मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर वहां मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रायः प्रखंड के दूरस्थ मतदान केंद्रों पर मूलभूत सुविधाओं का अभाव देखा गया है। जिस कारण वोटर टर्न ओवर में कमी होती है। उन्होंने कहा कि मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जरूरी है कि सुदूर इलाके के मतदान केन्द्रों पर भी मतदाताओं के लिए सभी मूलभूत सुविधाएं मिलें। इस क्रम में सभी सहायक निवार्ची पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि प्रखंड मुख्यालय से नजदीक, दूरस्थ एवं अंतिम छोर पर स्थित सभी मतदान केंद्रों का भी निरीक्षण कर मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता की पड़तला कर लें तथा जहां कमी दिखाई दे वहा अविलंब इसे पूरा कराएं।

**सभी घरों का सर्वे करा प्रतिवेदन देने का दिया निर्देश:** डीएम ने बताया कि लोकसभा आम निर्वाचन 2019 में बक्सर लोक सभा क्षेत्र के दिनारा विधानसभा क्षेत्र में सबसे कम मतदान हुआ था। साथ ही बक्सर जिला के सभी विधानसभा क्षेत्रों में मतदान प्रतिशत राज्य के औसत से काफी कम था। बैठक में सभी सहायक निवार्ची पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि वे अपने क्षेत्र में मतदान केंद्रवार सभी घरों का सर्वे कराकर प्रतिवेदन उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। डीएम ने सभी सहायक निवार्ची पदाधिकारी को वैसे मतदाताओं की पहचान करने को कहा जो घर में रहते हुए भी मतदान करने नहीं जाते हैं। ऐसे मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ स्वीप गतिविधियां भी आयोजित करते हुए मतदान करने के लिए प्रेरित करने को कहा गया। स्वीप कार्यक्रम में जीविका दीदी, किसान समूह, युवक युवतियों के साथ अन्य विभागों को सम्मिलित का निर्देश भी डीएम ने दिया।



### सेक्टर अधिकारियों को मिलेगा एक-एक सीपीयू, बीयू व दो वीवीपैट

बैठक के दौरान निर्वाचन पदाधिकारी ने ईवीएम के संबंध में आवश्यक तैयारी की समीक्षा भी की। इस संबंध में उन्होंने बताया कि कार्य योजना के तहत सभी सेक्टर पदाधिकारी को एक कंट्रोल यूनिट, एक बैलट यूनिट एवं दो वीवीपैट मशीन उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही रिजर्व में कुछ ईवीएम-वीवीपैट सभी प्रखंडों को उपलब्ध कराया जाएगा। सभी सहायक निवार्ची पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि उक्त ईवीएम-वीवीपैट को प्रखंड मुख्यालय अथवा अन्य सुरक्षित जगह पर रखे जाने एवं जरूरत पड़ने पर उसे निर्धारित जगह पर अविलंब सुरक्षित तरीके से पहुंचाने के संबंध में कार्य योजना बनाकर इसकी जानकारी देने का निर्देश दिया। वही, एक जून को मतदान के समाप्ति के बाद रिजर्व में रखे गए ईवीएम-वीवीपैट को दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी की अभिरक्षा में पुराने वेयरहाउस में विधिवत जमा कराने का निर्देश भी दिया।

### वृद्ध, दिव्यांग व अक्षम मतदाताओं को पोस्टल बैलेट की सुविधा

बैठक में बताया गया कि वैसे मतदाता जो 85 वर्ष से अधिक के हैं अथवा दिव्यांग या गंभीर बीमारी से ग्रसित है और मतदान केंद्र पर जाने में असक्षम है तो ऐसे मतदाताओं के लिए पोस्टल बैलेट की सुविधा प्रदान की जाएगी। सभी सहायक निवार्ची पदाधिकारी को इसका पर्याप्त प्रचार प्रसार करने का निर्देश दिया गया। साथ ही निर्देशित किया गया कि बीएलओ से सर्वे करा कर उक्त श्रेणी के मतदाताओं की पहचान करेंगे तथा पोस्टल बैलेट के बारे में अवगत कराएंगे तथा पोस्टल बैलेट से उनके मतदान करने का आवेदन प्राप्त करेंगे। जबकि, कार्मिक कल्याण के अंतर्गत डिस्पैच सेंटर एवं ईवीएम-वीवीपैट संग्रहण केंद्र पर पेयजल, ओआरएस घोल, सतू, शीतल पेयजल, पौस्टिक आहार आदि की अनुदानित दर पर जीविका के माध्यम से उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

### डिस्पैच सेंटर पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम होंगे: अनिशा राणा



**डुमरांव।** प्रशिक्षु डीएसपी अनिशा राणा ने रविवार को सुरक्षा के लिहाज से राज हाई स्कूल का निरीक्षण किया। बता दें कि इस विद्यालय में कुल सात मतदान केन्द्र बनाए गए है, वही डुमरांव विधानसभा के बूथों के लिए इसी विद्यालय को डिस्पैच सेंटर भी बनाया गया है। जहा से ईवीएम मशीन, वीवीपैट, मतदान दल, पुलिस बल तथा अर्द्धसैनिक बलों को उनके निर्धारित मतदान केन्द्रों पर रवाना किया जाएगा। मिली जानकारी के अनुसार 30 मई को डिस्पैच सेंटरों पर पूरे विधानसभा के बूथों के लिए ईवीएम व वीवीपैट मशीन जिला मुख्यालय से पहुंच जाएगा। इस दौरान इसकी सुरक्षा व्यवस्था दुरूस्त रखी जाएगी। निरीक्षण के दौरान सुरक्षा के मानकों को सूक्ष्मता से परखा तथा प्रधानाध्यापक अनुराग मिश्र को कई आवश्यक निर्देश भी दिए। इसके अलावे डिस्पैच सेंटर की सुरक्षा के लिए तैनात किए गए अर्द्धसैनिक बलों तथा पुलिस के जवानों को मिलने वाली मुलभूत सुविधाओं को भी परखा। उन्होंने कहा कि डिस्पैच सेंटर पर वाहनों के रख रखाव, पेयजल, बिजली, शौचालय तथा जवानों के लिए अल्पाहार व भोजन की व्यवस्था को भी परखा गया। इसके अलावे परिसर की साफ सफाई कराने का निर्देश भी प्रधानाध्यापक को दिया गया है।

## केसठ के दसियांव में भीषण चोरी, छत के रास्ते घुसे चोरों ने उड़ाई लाखों की संपति

**केटी न्यूज/केसठ**

प्रखंड के गांवों में एक बार फिर चोरों का आतंक धीरे-धीरे बढ़ने लगा है। अब चोर गांवों के घर, देवी देवताओं के मंदिर एवं विद्यालय को निशाना बना रहे हैं। शनिवार की रात अज्ञात चोरों ने दसियांव गांव के विपुल दूबे के घर से लाखों रुपए की संपत्ति चुरा कर फरार हो गए। इसकी सूचना पीड़ित ने पुलिस को दी। पुलिस जांच में जुट गई है। जानकारी के अनुसार गृहस्वामी का परिवार रात को खाना खाने के बाद सो रहे थे। तब तक रात्रि में दीवार के सहारे छत पर चढ़कर चोरों ने आंगन में कूदकर घर से सामान लेकर फरार हो गए। जब सुबह गृहस्वामी के परिजनों की नींद खुली तो देखा कि घर का दरवाजा खुला हुआ है। जिस घर में परिवार के लोग सोए हुए थे, उस घर का दरवाजा बाहर से चोरों ने बंद कर दिया था। जिसकी भनक घर के लोगों को नहीं लगी।



चोरों ने अलमीरा एवं बक्सा को तोड़कर उसमें रखा नगद रुपए, आभूषण, कपड़ा समेत अन्य लाखों रुपए की संपत्ति चुरा कर फरार हो गए। चोरी की घटना के बाद रविवार की सुबह ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। ग्रामीणों ने चोरी की घटना की सूचना नावानगर थाने को दी। पुलिस मौके पर पहुंचकर छानबीन शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष नंदु कुमार ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज होते ही पुलिस मामले की जांच कर चोरी की घटना का उद्भेदन कर देगी। वही इस चोरी की घटना से गांव में हड़कंप मचा हुआ है।

## दबंगों ने घेराबंदी तोड़ भूमि पर जमाया कब्जा, प्राथमिकी दर्ज

**बक्सर।** इटाढ़ी थाना क्षेत्र के कुकुढ़ा गांव में कुछ दबंगों द्वारा घेराबंदी को तोड़ जमीन पर कब्जा करने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में भूस्वामी ने इटाढ़ी थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। बताया जाता है कि बक्सर के स्टेशन रोड निवासी दीपक वर्मा द्वारा वर्ष 2022 में 15 कट्ठा जमीन ली थी। उसमे से आधी जमीन किसी अन्य को बेची भी थी। जिसकी रविवार को इटाढ़ी सीओ के देख-रेख में मापी की जा रही थी। इसी दौरान वहां पहुंचे लोगों नेपाइलिंग की घेराबंदी को तोड़ भूमि पर कब्जा जमा लिया। भूस्वामी ने कुकुढ़ा निवासी दिनेश चौधरी, अशोक चौधरी, ओम प्रकाश चौधरी, बबलू चौधरी, वीरेंद्र कुमार चौधरी पर केस किया है।

## 200 लीटर अर्द्धनिर्मित शराब बरामद, दो धराए

**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव पुलिस ने रविवार को 30 लीटर निर्मित और करीब 200 लीटर अर्द्धनिर्मित शराब बरामद करने में सफलता पायी है। इस मामले में दो धंधेबाजों को भी गिरफ्तार किया है। बताया जाता है कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि टेढ़की पुल के पास एक तस्कर द्वारा शराब की खेप आने वाली है। पुलिस ने थानाध्यक्ष सह प्रशिक्षु डीएसपी अनीषा राणा के नेतृत्व में एक टीम गठित कर अपनी निगरानी बढा दी। इसी दौरान टेढ़की पुल के पास साइकिल पर सवार तस्कर दिखाई पड़ा और पुलिस को देखते ही भागने लगा। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को धर दबोचा तथा साइकिल पर रखे गये 30 लीटर देसी शराब बरामद कर उससे पूछताछ शुरू कर दी। पकड़े गये आरोपी की पहचान रामलगन कहार की गली निवासी संतोष बारी के रूप में हुई है। आरोपी ने बताया कि वह शराब नोनियाडेरा से लेकर आ रहा है। पुलिस ने पकड़े गये आरोपी के साथ जब नोनियाडेरा में छापेमारी की तो वहां से करीब दो सौ लीटर अर्द्धनिर्मित शराब के साथ शराब बनाने के उपकरण को भी बरामद किया। पुलिस ने अर्द्धनिर्मित शराब को विनष्ट कर तस्कर नंदजी चौधरी को गिरफ्तार किया।

### चौसा स्टेशन में 23 लीटर देशी व विदेशी शराब के साथ तीन महिलाओं को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**चौसा ।** मुफस्सिल थाने की पुलिस ने गुप्त सूचना पर थाना क्षेत्र के चौसा स्टेशन मार्ग में जांच के दौरान भारी मात्रा में देशी व विदेशी शराब के साथ तीन महिलाओं को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि तस्करी की शराब की खेप लायी जा रही है। इसे लेकर पुलिस द्वारा महिला सिपाहियों के साथ जांच चलाई जाने लगी। जहां हर आने जाने वालों की जांच की गई। इसी दौरान तीन महिलाओं के झोले से शराब बरामद की गई। तीनों महिलाओं को थाने लाया गया। वही पकड़े गए शराब की गिनती की गई। जिसमें 96 टेट्रा पैक 200 एमएल की देशी शराब, 180 एमएल की 15 टेट्रा पैक अंग्रेजी व 375 एमएल की पांच बोतल अंग्रेजी कुल 23.745 लीटर शराब पायी गई। तीनों महिलाओं को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। बताया गया पकड़ी गई तीनों महिलाएं मीना देवी, कालिंदी देवी व सीतामणी देवी अखौरीपुर गोला की रहने वाली है।

## नाथ बाबा मंदिर में चल रहा है रूद्र महायज्ञ, वैदिक मंत्रोच्चार व मांगलिक गीतों से गूंजता रहा मंदिर परिसर

# 1008 कलशों से किया गया श्री आदिनाथ भगवान शिव का महाअभिषेक

**केटी न्यूज/बक्सर**

बक्सर के प्राचीन नाथ बाबा मंदिर परिसर में चल रहे श्री रूद्र महायज्ञ व मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ के तहत रविवार को 1008 कलशों में पवित्र गंगाजल से आदिनाथ भगवान शिव का महाभिषेक किया गया। वही शाम में भव्य शोभा यात्रा निकाली गई, जो आकर्षण का केन्द्र बना। शोभा यात्रा में हाथी, घोड़ा, उंट के साथ ही डीजे भी शामिल था। हजारों की संख्या में श्रद्धालु महिला व पुरूषों ने शोभायात्रा में भाग लिया। इसके पहले पूरे दिन श्री नाथ बाबा के परम शिष्य



महामंडलेश्वर योगी शीलनाथजी महाराज के नेतृत्व में साधु संतो व वैदिक विद्वानों द्वारा कई तरह के धार्मिक आयोजन व आहूतियां दी गई। वैदिक मंत्रोच्चार से इलाके का



माहौल भक्तिमय बन गया था। जबकि मंत्रोच्चार व महादेव शिव के जयघोष के साथ पूरे वैदिक विधान से 1008 कलशो से महादेव का मस्तिकाभिषेक किया गया। पूरे दिन महायज्ञ मंडप की परिक्रमा करने वाले श्रद्धालुओं एवं भक्तों की भीड़ लगी रही। सुबह में वैदिक विधान से पूजा व आहूतियों के बाद दोपहर में आदिनाथ अखाड़ा स्थित नवनाथ चौरासी सिद्ध मंडप में भगवान शिव की आकर्षक मूर्ति का महाभिषेक दूध, दही, घी, मधु ,शक्कर ,पंचामृत , गन्ने का रस, बेलपत्र, पुष्प, फल, धूप, दीप के साथ किया गया। महाअभिषेक के लिए आश्रम के सैकड़ो शिष्यों व श्रद्धालुओं ने 1008 कलशों में गंगाजल भरकर मंदिर परिसर लाए थे। कलश से हुआ मस्तकाभिषेक श्रद्धालुओं के लिए कौतूहल का विषय बना रहा। वही इस दौरान श्रद्धालु भक्तों द्वारा लगाए जा रहे जयघोष से पूरा मंदिर परिसर गूंजायमान हो गया था। जबकि शाम में भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। बता दें कि श्री आदिनाथ अखाड़ा चरित्रवन बक्सर के तत्वावधान में नाथ बाबा मंदिर परिसर में श्रीनाथ बाबा तथा अन्य देवी देवताओं के मूर्तियों के प्राण प्रतिष्ठा के लिए श्री रुद्र महायज्ञ का आयोजन किया गया है। शोभा यात्रा में एक रथ पर गुरु भगवान श्रीनाथ बाबा के परम शिष्य महामंडलेश्वर योगी शीलनाथजी महाराज विराजमान थे, वहीं अन्य रथों पर दूसरे नाथ जी महाराज विराजमान हुए थे।

## डुमरांव अनुमंडलीय अस्पताल में बने एनबीएसयू का नहीं मिल रहा लाभ

**केटी न्यूज/डुमरांव**

अनुमंडलीय अस्पताल में स्थापित एनबीएसयू यूनिट में इलाज के लिए पांच साल से अनुमंडलवासी इंतजार करते आ रहे हैं। इनके इंतजार की घड़ियां समाप्त ही नहीं हो रही है। मालूम हो की एनबीएसयू में नवजात बीमार बच्चें और उसकी बीमार मां का इलाज होता है। जब भी ऐसा मौका आता है, मरीज को रेफर कर दिया जाता है। यही एनबीएसयू काम करता रहता तो रेफर करने की नौबत ही नहीं आती। ऐसे में समय गवाए मां और बच्चे का इलाज शुरू हो जाता और उनकी जान भी बच जाती। गौरतलब है कि एनबीएसयू के लिए चार चिकित्सक के साथ प्रशिक्षित 10 स्टाफ को होना जरूरी होता है। फिर इलाज के सारे समाने मौजूद होना चाहिए। इसका जो भवन बना है, इसके उपयोग के लिए अलग-अलग कमरा भी बने हैं। पांच साल में कभी भी इसे चालू करने की कवायद नहीं शुरू की जा सकी है। जब चुनाव आता है तो नेताओं द्वारा आश्वासन तो जरूर मिलता है, लेकिन चुनाव बित जाने के बाद सबकुछ हवाहवाई साबित होकर बिखर जाता है।

# बिक्रमगंज क्षेत्र में ठनका गिरने से 5 लोगों की मौत, परिजनों में मचा कोहराम

**केटी न्यूज/बिक्रमगंज (रोहतास)**



रोहतास जिले के बिक्रमगंज अनुमंडल क्षेत्र में विभिन्न जगहों पर ठनका गिरने से पांच लोगों की मौत हो गई। जबकि तीन झूलसे लोगों में एक को चिंताजनक स्थिति में हायर सेंटर रेफर किया गया दो का इलाज नीजी अस्पताल बिक्रमगंज में जारी है। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। रोहतास जिले में तेज गर्जन हवा व बारिश के बीच आकाशीय बिजली गिरने से अलग-अलग जगह पर पांच लोगों की मौत हो गई । मृतक में एक किशोर भी शामिल हैं। पहली घटना बिक्रमगंज थाना इलाके के गोटपा गांव की है जहां बारिश से बचने के लिए पेड़ की नीचे छिपे 5 लोगों में दो लोगों की मौत हो गई है। जिसमें अरविंद कुमार तथा ओमप्रकाश शामिल हैं। 50 वर्षीय बुधन शाह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जबकि 32 वर्षीय कंचन कुमार और 35 वर्षीय मुन्ना रजवार इस घटना में आंशिक रूप से जख्मी हो गए। सभी मजदूरी कर घर वापस लौट रहे थे। जबकि झूलसे एक को चिंता जनक हालत में हायर सेंटर रेफर किया गया तथा दो का इलाज बिक्रमगंज नीजी अस्पताल में जारी है। बिक्रमगंज थाना इलाके के घोसियां कला रोड में कार्य कर रहा एक मजदूर सुनील कुमार की मौत हो गई।

जबकि सूर्यपुरा थाना क्षेत्र के मठगोठानी गांव में खेल रहा किशोर आकाश गिरी कि मौत हो गई। वही दिनारा थाना क्षेत्र के गंजभडसरा रोड नहर पर बेनसागर के विनय चौधरी की मौत हो गई। रोहतास जिले के बिक्रमगंज , सूर्यपुरा तथा दिनारा थाना क्षेत्र में घटी इस घटना के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए अगली कार्रवाई जारी रखी है।

जबकि बिक्रमगंज अनुमंडल क्षेत्र में विभिन्न जगहों पर हुए 5 मौत के बाद 4 शवों को सदर अस्पताल सासाराम पोस्टमार्टम के लिए लाया गया है। सदर अस्पताल सासाराम के चिकित्सक ने बताया कि विभिन्न जगहों से ठनका गिरने से 4 शवों को फिलहाल सदर अस्पताल सासाराम में पोस्टमार्टम हेतु लाया गया है।

## एक नजर

### मतदाता जागरूकता अभियान के तहत चलाए गए कार्यक्रम, मतदान करने की अपील

**दावथ (रोहतास)।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी रोहतास के निर्देश के आलोक में प्रखंड क्षेत्र में मतदाता जागरूकता अभियान का किया गया संचालन। इस कार्यक्रम के तहत कई तरह की गतिविधियां संचालित की गई जिनमें मतदाता जागरूकता रैली प्रमुख रूप से रही। रैली में प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी एवं कर्मचारी निर्वाचन भाग लिए और उनके द्वारा घूम-घूम कर मतदाताओं के बीच जाकर एक जून को मतदान के दिन इस बार सरकारी स्तर पर की जाने वाली व्यवस्थाओं से परिचित कराया गया। यह अपील की गई, कि एक भी मतदाता न छूट पाए, ताकि वोट का प्रतिशत इस बार बढे। इस बार लोगों को बुथ स्थल तक जाने के लिए निजी वाहनों के प्रयोग पर छूट दी गई है तथा महिलाओं एवं वृद्धों तथा नए मतदाता के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं। बुथ पर पेयजल, प्रतीक्षालय के साथ ही 200 मीटर की दुरी पार्किंग की व्यवस्था भी की जानी है। वृद्ध एवं दिव्यांगों के लिए व्हीलचेयर आदि की जिला प्रशासन की ओर से व्यवस्था करने की योजना है। मतदाताओं से अपील करते हुए पदाधिकारियों ने माइक्रोफोन का सहारा लिया और अपील करते हुए देखे गए, कि आप खुद जाएं तथा बगल के घर के दरवाजे को खटखटा कर निकलें, ताकि आपके पड़ोसी भी मतदान करने से न छूट पाए। महिलाओं के लिए पहले मतदान करने की विशेष अपील की गई। अन्य गतिविधियों में घर जाकर वोटरों को समझाया गया तथा 1 जून को होने वाले चुनाव से संबंधित स्लोगन लिखे स्टीकर भी दरवाजे पर चिपकाए गए।एक- दूसरे को प्रोत्साहित करने के लिए यह भी कहा गया, कि उंगलियों के निशान को एक बार जरूर देख लेना है,कि कहीं कोई मतदान करने से वंचित नहीं रह पाए ? रैली में प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी काशीनाथ सिंह, प्रखंड समन्वयक पंकज किरण, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी आनंद किशोर सिंह, प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी अखिलेश कुमार, बीपीएम जीविका मुन्ना कुमार, पर्यवेक्षिका संजू कुमारी, मालती देवी एवं विमला देवी बिजया लक्ष्मी,सुमेधा, आंगनबाड़ी सेविका एवं जीवीका कर्मी उपस्थित थीं।

### बालू लदे ट्रक चालकों से जबरन वसूली करते पासिंग गिरोह के तीन सदस्य गिरफ्तार

**आरा।** बड़हरा थाने की पुलिस ने ओवरलोड और अवैध बालू लदे ट्रक चालकों को पास कराने के नाम पर जबरन वसूली करने वाले एक गिरोह का खुलासा किया है। पुलिस द्वारा इस मामले में भोजपुर व सारण के रहने वाले पासिंग गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार भी किया गया है। उनमें बड़हरा थाना क्षेत्र के फूहां निवासी सुबोध सिंह, अनिमेष सिंह और सारण के डोरी गंज थाना निवासी सोनू यादव शामिल हैं। उनके पास से ट्रक चालकों से वसूला गया चालीस हजार रुपए, एक कार, एक बाइक और चार मोबाइल बरामद किया गया है। चालकों से जबरन पैसे की वसूली करते थे। सदर एसडीपीओ टू रंजीत सिंह के नेतृत्व में बुधवार की सुबह तीनों को बड़हरा थाना क्षेत्र के फूहां के पास से गिरफ्तार किया गया। तीनों ट्रक पास कराने के लिए पुलिस के नाम पर चालकों से जबरन वसूली करते थे। एसडीपीओ रंजीत कुमार सिंह की ओर से गिरफ्तारी की पुष्टि की गयी है। उन्होंने बताया कि कुछ दिनों से शिकायत मिल रही थी कि फूहां के समीप पुलिस के नाम पर कुछ लोगों द्वारा अवैध और ओवरलोड बालू लदे ट्रकों का पास कराया जा रहा है। उसके एवज में ट्रक चालकों से जबरन वसूली भी की जा रही है। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए पासिंग गिरोह के सदस्यों को गिरफ्तार करने के लिए थानाध्यक्ष संजय कुमार के नेतृत्व में टीम गठित की गयी। टीम शनिवार की सुबह फूहां गांव के पहुंची और चालकों से पैसे वसूल रहे पासिंग गिरोह के तीन सदस्यों को मौके से पकड़ लिया गया। उनके पास से ट्रक चालकों से वसूले गए 40 हजार रुपए, कार, बाइक और चार मोबाइल भी बरामद किया गया। एसडीपीओ ने बताया कि गिरोह के कुछ अन्य लोगों को चिन्हित किया गया है। उनकी गिरफ्तारी के लिए भी छापेमारी की जा रही है।

## खबरें फटाफट

### पूर्व शराब कांड का एक अभियुक्त गिरफ्तार

**काराकाट(रोहतास) ।** काराकाट पुलिस ने पूर्व शराब कांड के एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया । काराकाट थानाध्यक्ष फूलदेव चौधरी ने बताया कि थाना क्षेत्र के सकला निवासी जगेश्वर पासवान के पुत्र रमेश पासवान को गिरफ्तार किया गया है । उन्होंने कहा कि गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध थाना में पूर्व शराब कांड का मामला दर्ज था ।

### पुलिस ने एक आरोपी को किया गिरफ्तार

**बिक्रमगंज(रोहतास)।** नासरीगंज पुलिस निरीक्षक कुणाल कृष्ण के नेतृत्व में कछवां थाना कांड संख्या 43/23 के तहत विभिन्न धारा एवं आर्म्स एक्ट के प्राथमिकी विधि विवादित किशोर विकास राम पिता गुलिडडा राम ग्राम निरंजनपुर को गिरफ्तार किया गया है । इसकी जानकारी थानाध्यक्ष मितेश कुमार ने दी।

### शराबी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कोचस (रोहतास)।** स्थानीय पुलिस ने रामपुर गांव से शराब के नशे मे एक शराबी को पड़ा है। शराबी थाना क्षेत्र के रामपुर निवासी नंदकुमार राय बताया जाता है। इसकी पुष्टि करते हुए कोचस थाना अध्यक्ष रंजीत कुमार सिन्हा ने बताया पुलिस ने सूचना के आधार पर रामपुर गांव से गाली गलौज तथा अभद्र भाषा का उपयोग कर रहे शराब के नशे में एक शराबी को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं पुलिस गिरफ्तार आरोपी के ऊपर मध्य निषेध अधिनियम के तहत कांड दर्ज कर न्यायिक हिरासत मे जेल भेज दिया है।

### शराब कारोबारी को भेजा जेल

**कोचस( रोहतास )।** शनिवार को स्थानीय नगर पंचायत कोचस के वार्ड नंबर 10 से पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर 1 लीटर 180 एम एल अंग्रेजी शराब के साथ एक कारोबारी को गिरफ्तार किया है। पुष्टि करते हुए थाना अध्यक्ष रंजीत कुमार सिन्हा ने बताया कि पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया।

## नवादा थाना क्षेत्र के विष्णु नगर बैंक कॉलोनी मोहल्ले की शनिवार की रात की घटना

# फायरिंग की शिकायत करने का आरोप लगा रिटायर प्रिंसिपल के बेटे को मारी गोली

- बर्थडे पार्टी से लौटने के दौरान दरवाजे के पास दाग दी गयी ताबड़तोड़ चार गोलियां
- नवमी के दिन मोहल्ले के व्यक्ति पर फायरिंग की शिकायत करने के आरोप में मारी गई गोली
- जख्मी युवक का बाबू बाजार स्थित प्राइवेट हॉस्पिटल में कराया जा रहा इलाज
- एएसपी बोले: आरोपित अपराधी किस्म का युवक, बहुत जल्द किया जाएगा गिरफ्तार



ऑपरेशन कर निकाली गयी गोली, सीने में लगाया गया ट्यूब

इधर, डाक्टर विकास सिंह ने बताया कि युवक को चार गोलियां लगी है। दो गोली बायें सीने में दो, एक बाएं हाथ में और एक दाहिने साइड सीने में लगी है। ऑपरेशन कर बुलेट निकाल दिया गया है। दोनों साइड सीने में चेस्ट ट्यूब लगा दिया गया है। खून भी काफी बह गया है। मरीज की स्थिति अभी गंभीर है। उसे अभी ऑब्जर्वेशन में रखने की जरूरत है।

**केटी न्यूज/आरा**

नवादा थाना क्षेत्र के विष्णु नगर बैंक कॉलोनी मोहल्ले में शनिवार की रात पूर्व में फायरिंग की शिकायत करने का आरोप लगा एक युवक को गोली मार दी गयी। दरवाजे के पास खड़े युवक को ताबड़तोड़ चार गोलियां मारी गयी है। गोली उसके सीने और हाथ में लगी है। उससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसका इलाज बाबू बाजार स्थित एक प्राइवेट हॉस्पिटल में कराया जा रहा है। जख्मी युवक विष्णु नगर बैंक कॉलोनी निवासी रिटायर प्रिंसिपल सुरेंद्र प्रसाद सिंह का 29 वर्षीय पुत्र उत्कर्ष आनंद है। वह छात्र है और फिलहाल कंपटीशन की तैयारी करता है। गोली मारने का आरोप मोहल्ले के गजेंद्र राय नामक एक युवक और उसके दो साथियों पर लगाया गया है। गजेन्द्र राय मूल रूप से नारायणपुर थाना क्षेत्र के सितुहारी गांव का रहने वाला है। गजेंद्र राय और उसके साथियों पर पांच से छह राउंड फायरिंग करने का आरोप लगाया जा रहा है। घटना का मूल कारण मोहल्ले के ही एक व्यक्ति से पूर्व की गोलीबारी के बारे में शिकायत करना बताया जा रहा है। इस मामले में सुरेंद्र सिंह की ओर से गजेंद्र राय और उसके दो साथियों के खिलाफ प्राथमिकी भी दर्ज करायी गयी है। इधर, देर रात फायरिंग और युवक को गोली मारे जाने की घटना से इलाके में सनसनी मच गई है। सूचना मिलने पर एएसपी परिचय कुमार व नवादा थानाध्यक्ष कमलजीत अस्पताल पहुंचे और जख्मी युवक के परिजनों से घटना की जानकारी ली। बाद में अधिकारी पुलिस बल साथ के घटनास्थल पर गये और अपने स्तर से छानबीन की। बहरहाल पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है। एएसपी परिचय कुमार ने बताया कि घटना की तफ्तीश की जा रही है। अभियुक्त की पहचान कर ली गई है। गिरफ्तारी को लेकर टीम लगी है। जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिस लोगों पर गोली मारने का आरोप लगा है, वे अपराधी किस्म के हैं। पहले भी कुछ अपराध कर चुके हैं। उनकी गिरफ्तारी को

### प्रिंसिपल के बेटे को पहले दी गयी धमकी, फिर बरसा दी गयी ताबड़तोड़ गोलियां

रिटायर प्रिंसिपल सुरेंद्र प्रसाद सिंह ने बताया कि शनिवार की रात वह अपने छोटे बेटे उत्कर्ष आनंद सहित घर के अन्य सदस्यों के साथ बर्थ डे पार्टी में एक रिश्तेदार के घर गए थे। रात करीब सवा दस बजे वह अपने बेटे और परिवार के अन्य सदस्यों के साथ घर लौटे। वे लोग दरवाजे पर गाड़ी से उतर रहे थे, तभी एक लड़का पहुंचा और कहा कि गजेंद्र राय बुला रहे हैं। तब उनके बेटे ने कहा कि गजेंद्र को यही भेज दो। तब तक गजेंद्र राय पहुंच गया और उनके बेटे से उलझ गया। कहने लगा कि उत्कर्ष आनंद द्वारा मोहल्ले के एक व्यक्ति से उसकी शिकायत की गयी है। आनंद ने उसने किसी से कोई शिकायत नहीं की। उस व्यक्ति को बुला कर पूछ लो, लेकिन आरोपित युवक बात सुनने को तैयार नहीं था। तब उन्होंने गजेन्द्र राय से कहा कि बहुत रात हो गई है, अभी घर जाओ। उस पर गजेंद्र वहां से चला गया, लेकिन कुछ देर बाद दो अन्य लड़कों के साथ आया। उसके बाद गजेंद्र और उसके साथियों द्वारा उनके बेटे पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। उसमे उनका बेटा गंभीर रूप से जख्मी हो गया। रिटायर प्रिंसिपल का कहना है कि नवमी के दिन मोहल्ले के एक व्यक्ति पर फायरिंग की गयी थी। हालांकि फायरिंग में व्यक्ति को गोली नहीं लग सकी थी। गजेंद्र राय की ओर से उनके बेटे पर उसी मामले में शिकायत करने का आरोप लगाया जा रहा है।

## बारिश ने खोली नगर पंचायत काराकाट की पोल

**केटी न्यूज/काराकाट (रोहतास)**



काराकाट प्रखंड में शनिवार की दोपहर अचानक आई झमाझम बारिश ने एक तरफ उमस भरी गर्मी से लोगों को राहत दी तो वही दूसरी तरफ नगर पंचायत काराकाट के लिए परेशानियों का सबब लेकर आया । झमाझम बारिश ने नगर पंचायत के तमाम दावों का पोल खोल कर रख दिया। नगर में कुल 12 वार्ड है, जिसमें वार्ड के नालियों के जाम होने की वजह से वार्ड की गलियों में लबालब पानी भर गया । नालियों में कूड़ा-करकट भरने के वजह से नाली का गंदा पानी सड़क पर बहने लगा । नगर पंचायत ने नगर के सभी छोटी बड़ी नालियों के गंदे पानी घरों में घुस गया । इससे लोगों में गहरी नाराजगी भी देखने को मिली । वही प्रखंड कार्यालय पर भी जल जमाव हो गया । जहां मुख्यालय के मुख्य द्वार से सटे पथ पर करीब डेढ़ से दो फीट बारिश की पानी बह रही थी। गोडारी बकस बाबा मंदिर के सटे पथ, वार्ड नंबर आठ के सभी गलियों में जल जमाव होने से लोगों की परेशानी बढ़ गई । सबसे हैरान करने वाली बात ये है कि नगर पंचायत में साफ- सफाई के नाम पर लाखों की निकासी प्रति माह होती है ।इसके बावजूद हल्की बारिश ने नगर का पोल खोल कर रख दिया ।

## वाहन जांच में चौबीस हजार रुपया जुर्माना वसूला गया

**केटी न्यूज /अकोढ़ी गोला (रोहतास)।**

रोहतास जिले के आयरकोठा थाना के अपर थानाध्यक्ष अविनाश कुमार एवं एस आई नवलेश शर्मा ने शनिवार को थाना के समीप एवं चेक पोस्ट के पास आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर रखते हुए थाना क्षेत्र में अपराध नियंत्रण शांति व्यवस्था विधि व्यवस्था शांति व्यवस्था एवं यातायात नियमों के पालन कराने हेतु वाहन जांच लगाकर हेलमेट डिक्की ड्राइविंग लाइसेंस इंश्योरेंस ट्रिपल लोडिंग सीट बेल्ट सहित अन्य कागजातों की जांच किया गया। जांच के दौरान यातायात नियमों के उलंघन करने वाले एवं कागजात की कमी रखने वाले वाहन चालकों से चौबीस हजार रुपया ऑनलाइन जुमार्ना वसूला गया। थानाध्यक्ष प्राची कुमारी ने बताया कि थाना क्षेत्र में वाहन जांच की प्रक्रिया लगातार जारी रहेगी।

## सड़क दुर्घटना में ट्रैक्टर चालक की हुई मौत

**जहानाबाद।** मखदुमपुर थाना के नवाबगंज रोड में कंसारा मोड के समीप सड़क दुर्घटना में ट्रैक्टर चालक की मौत हो गई, मृतक ट्रैक्टर चालक धराउत गांव निवासी मंतोष कुमार उम्र 18 वर्ष पिता सुरेश पासवान बताया जाता है। मिली जानकारी के अनुसार मंतोष कुमार ट्रैक्टर चालक था जो रविवार के दिन नवाबगंज से मखदुमपुर ईंट लेकर आया था, मखदुमपुर से ईंट उतार कर वापस जाने के दौरान ट्रैक्टर अपने साथी को चलाने के लिए दे दिया, और खुद ट्रैक्टर के इंजन और डाले के बीच खड़ा हो गया, जिससे वह असंतुलित होकर गिर गया, और ट्रैक्टर का पिछला चक्का उसके ऊपर चढ़ गया। घटना के बाद आसपास के लोगों ने उसे अस्पताल लाया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।




## डीजे संचालक हत्याकांड: पिता के बयान पर अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

# खून के छींटें के जरिए कातिलों तक पहुंचने में जुटी पुलिस

- जांच में जुटी फॉरेंसिक एक्सपर्ट टीम को बगल की छत पर मिला था एक बूंद खून
- छत पर हत्या करने के बाद कुछ दूरी पर स्थित खेत में शव फेंके जाने की आशंका

**केटी न्यूज/आरा**

मुफस्सिल थाना क्षेत्र के शोभी डुमरा गांव निवासी डीजे संचालक नीरज कुमार की हत्या की तफ्तीश तेज हो गयी है। पुलिस एक छत से मिले खून के छींटें के सहारे कातिलों तक पहुंचने में जुटी है। मोबाइल सीडीआर और सर्विलांस की सहारे भी कातिलों का क्लू लेने का प्रयास किया जा रहा है। उस काम में एफएसएल और डीआईयू की टीम लगी है। एफएसएल की टीम घटनास्थल से खून के छींटें सहित कुछ अन्य सैंपल भी जांच के लिए पटना ले गयी है।? बताया जा रहा है कि छानबीन के दौरान पुलिस को कुछ अहम सुराग भी हाथ लगे हैं। इधर, हत्या के मामले में अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करा दी गयी है।? इधर, सूत्रों के अनुसार मर्डर मिस्ट्री की गुत्थी सुलझाने में जुटी पुलिस और एफएसएल टीम को पार्टी कार्यक्रम स्थल से कुछ दूरी पर स्थित छत पर खून के छीटें मिले हैं। ऐसे में आशंका जताई जा रही है कि छत पर हत्या करने के बाद शव को कुछ दूरी पर स्थित खेत में फेंक दिया गया है और साक्ष्य मिटाने के लिए छत को धो दिया गया है। उस आधार पर तफ्तीश में जुटी एफएसएल टीम द्वारा केमिकल के सहारे खून का सैंपल भी लिया गया है। खेत से भी फिंगर प्रिंट, फुट प्रिंट, कपड़े, मिट्टी और टूटे बाल के साथ अन्य सैंपल भी जांच के लिए टीम ले गई है। उसके अलावा डीआईयू टीम डीजे संचालक के मोबाइल सीडीआर भी खंगाल रही है। घटनास्थल से बैंगन के खेत काम करने वाले मोबाइल का डाटा तैयार किया गया है? और उसकी पहचान की जा रही है। पुलिस यह भी पता लगा रही है कि डीजे संचालक की किस-किस लोगों से बात हो रही थी। घटना के दिन किन-किन लोगों से और कब बात हुई थी। आखिरी कॉल की भी जांच की जा रही है। बता दें कि डीजे संचालक नीरज कुमार शुक्रवार की रात अपने दोस्त सोनू के बेटे के बरही पार्टी में गया था। पार्टी में नाच का भी प्रोग्राम था। शनिवार की सुबह करीब तीन बजे तक पार्टी चली। उसमें नीरज और उसके दोस्तों का डांस करने का वीडियो भी वायरल हुआ है। उसके बाद सुबह करीब पांच बजे पार्टी स्थल से कुछ दूरी पर स्थित बैंगन के खेत से नीरज कुमार का शव बरामद किया गया। उसके सिर पर धारदार हथियार से वार करने का जख्म और गले में भी काला जख्म मिला है। ऐसे में धारदार हथियार से सिर फोड़ने के बाद गला दबाकर हत्या करने का आरोप लगाया जा रहा है।

### तीन साल पहले हुई थी शादी, दूसरे बच्चे की मां बनने से उजड़ गया चुन्नी का सुहाग

डीजे संचालक नीरज कुमार की हत्या के बाद पूरे परिवार में रोना-धोना और कोहराम मचा हुआ है। सबसे बुरा हाल नीरज की पत्नी चुन्नी देवी की है। दूसरे बच्चे की मां बनने से पहले ही उसका सुहाग उजड़ गया। बताया जा रहा है कि नीरज कुमार और चुन्नी की शादी 30 नवंबर 2021 को हुई थी। उन्हें दो साल का एक पुत्र है। चुन्नी को दूसरा बच्चा होने वाला है। वह चार माह की गर्भवती भी है। ऐसे में पति की हत्या के बाद चुन्नी देवी के आंखों से आंसू थमने का नाम नहीं ले रहे है। रो-रोकर उसका बुरा हाल था। उसकी चीत्कार से घर और पड़ोस के लोगों का कलेजा दहल जा रहा था। इधर, शनिवार को नीरज कुमार का अंतिम संस्कार भी कर दिया गया। दो साल के बेटे सत्या द्वारा मुखाग्नि दी गयी। चुन्नी देवी का कहना है कि नीरज ने छह माह पहले ही डीजे का काम शुरू किया था। गांगी के पास मुर्गा की दुकान भी थी। गांव में उसका किसी से कोई विवाद नहीं था। शुक्रवार को अपने दोस्त सोनू के बेटे की छठी समारोह में अपना डीजे लेकर गया था। नीरज और सोनू जिगरी दोस्त थे। दोनों हमेशा साथ रहते थे। चुन्नी देवी द्वारा अपने पति के हत्यारों को फांसी की सजा देने की मांग की गयी है।



मृतक

केशव टाइम्स डिजिटल संस्करण



# पूर्व कैप्टन बब्बन मास्टर्स एथलेटिक्स के रूप में भारतीय टीम में चयनित

**तिलक कुमार/गाजीपुर**

रेवतीपुर ब्लॉक के रामपुर उर्फ साधोपुर निवासी राष्ट्रीय मास्टर्स एथलीट व सेना के पूर्व कैप्टन बब्बन राम का चयन मास्टर्स एथलेटिक्स भारतीय टीम (65 प्लस आयु वर्ग) में किया गया है। यह खबर परिजनों व इलाके के सेना के जवानों, खेल प्रेमियों को होते ही सभी खुशी से झूम उठे। लोगों ने उनके चयन पर हर्ष जाहिर करते हुए कहा कि उन्हें उम्मीद है कि सेना के रिटायर्ड अधिकारी बब्बन राम ढलती उम्र में भी खेलों में अपना परचम लहरा देश व प्रदेश का नाम रौशन करेगें। सेना के पूर्व कैप्टन व मास्टर्स एथलेटिक्स भारतीय टीम में चयनित बब्बन राम ने बताया कि अयोध्या में स्थित डाक्टर भीम राव अंबेडकर अंतरराष्ट्रीय स्पोर्ट्स स्टेडियम में आगामी चार से सात जून तक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की स्मृति में



अंतर्राष्ट्रीय मास्टर्स एथलेटिक्स भारत चैम्पियनशिप का आयोजन प्रस्तावित है। इसमें विदेशों की कई टीमें प्रतिभाग करेंगी। बब्बन राम ने खुद के भारतीय टीम में चयन पर हर्ष जाहिर करते हुए कहा कि उनके लिए यह काफी गौरवशाली है। उन्होंने बताया कि वह इस चैम्पियनशिप में उनका पूरा जोर भारतीय टीम के लिए गोल्ड मेडल लाना है। कहा कि इसके लिए वह अभ्यास में जुट गये हैं। सेना के पूर्व कैप्टन बब्बन राम ने बताया कि उन्हें देश की ओर से भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिला है। यह निश्चित ही उनके जिंदगी के लिए काफी अहम है। वह अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेगें। उन्होंने बताया कि वह 1979 में सेना में भर्ती हुए थे। 30 साल सेना में नौकरी के पश्चात 2009 में रिटायर्ड हुए। इसके बाद उनकी इच्छा मास्टर्स एथलेटिक्स में प्रतिभाग करने की हुई। इसकी तैयारी उन्होंने शुरू कर दी। बताया कि वर्ष 2021 में पहली बार उन्होंने मास्टर्स एथलेटिक्स प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। बताया कि अबतक भाला प्रक्षेप, चक्का प्रक्षेप, बाधा दौड़ आदि विभिन्न प्रतियोगिताओं में उन्होंने तीन गोल्ड सहित 13 पदक जीत चुके हैं।

## शराबी ने दो महिलाओं का सिर फोड़ा दो के खिलाफ थाने में तहरीर

**गाजीपुर।** करीमुद्दीनपुर थाना क्षेत्र में लट्ठूडीह गांव निवासी एक शराबी ने शनिवार की शाम नशे में धुत होकर बगल में रह रहे लोगों से गाली गल्लौज करते हुए मारपीट कर दो महिलाओं का सिर फोड़ दिया। मामला थाने पहुंचा। इस दौरान दो के खिलाफ नामजद तहरीर दी गई। रोज की तरह शराब के नशे में धुत जयसिंह चौहान पडोसियों को गाली देने लगा। गाली की आवाज सुन महिलाओं ने भी गाली देना शुरू कर दिया। गाली गल्लौज सुन आस-पास के लोग बीच-बचाव कर दोनों को अलग किया, लेकिन दोनों आपस में लाठी- डंडा लेकर पुनः मारपीट करनें लगे। मारपीट में पूनम देवी व कल्पना का सिर फट गया। रविवार सुबह थाने पहुंची घायल महिलाओं ने जयसिंह चौहान सुमित चौहान के खिलाफ नामजद तहरीर दी। थानाध्यक्ष प्रदीप सिंह ने बताया मुकदमा दर्ज कर मेडिकल जांच के लिए स्वास्थ केंद्र बाराचवर भेजा गया है ।

## एक नजर

### डालिम्स सनबीम में धूमधाम से मना मदर्स-डे, बच्चों ने पेश किए सांस्कृतिक कार्यक्रम

**गाजीपुर।** जिले के बाराचवर ब्लॉक अंतर्गत गांधीनगर में स्थित डालिम्स सनबीम स्कूल में मदर्स-डे धूमधाम से मनाया गया। सबसे पहले सभी



माताओं का तिलक चंदन एवं पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया। इस दौरान डा. प्रेरणा राय एवं अन्य उपस्थित अभिभावकों ने द्वीप प्रज्वलित कर एवं सरस्वती वंदना से कार्यक्रम की शुरूआत की। बच्चों ने कई प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों से उपस्थित सभी माताओं का मनोरंजन किया। सभी उपस्थित माताओं ने इस प्रकार के आयोजन के लिए स्कूल प्रबंधन की काफी प्रशंसा की और कहा की इस प्रकार के आयोजनों से बच्चों में जागरूकता उत्पन्न होती है। कार्यक्रम का संचालन सुधा राय, खुशी मौर्य, सौम्या राय ने किया। कार्यक्रम के अंत में डा. प्रेरणा राय ने उपस्थित सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया।

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक के कटे दोनों पैर, जिला अस्पताल में भर्ती

**चंदौली।** चंदौली मझवार स्टेशन के समीप शनिवार की रात किसी ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक के दोनों पैर कट गए। पुलिस ने लोगों की मदद से उसे पंडित कमलापति त्रिपाठी संयुक्त जिला अस्पताल में भर्ती कराया।जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने वाराणसी के लिए रेफर कर दिया। वहीं पुलिस की सूचना पर पहुंचे परिजन इलाज कार्य में जुट गए। बताते हैं कि वाराणसी के छित्तूपर सामने घाट निवासी गोविंद तिवारी 25 वर्ष शनिवार की रात वाराणसी से चंदौली की कार्य के लिए आया था। अपनी बाइक को चंदौली मझवार स्टेशन के पास खड़ी कर रेलवे ट्रैक पकड़कर जैसे ही कुछ दूर आगे बढ़ा की किसी ट्रेन की जद में आ गया। जिससे उसके दोनों पैर कट गए। अपने मोबाइल फोन से पर सूचना दिया। इसके बाद जैसे ही इसकी जानकारी चौकी इंचार्ज शिव बाबू को हुई तो उन्होंने मौके पर पहुंच कर एक पत्रकार के वाहन से जख्मी युवक को जिला अस्पताल ले गए। जहां पर चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद वाराणसी के लिए रेफर कर दिया। वही मौके पर जिला अस्पताल परिजन भी पहुंच गए और इलाज कराने में जुट गए।मुख्यालय चौकी इंचार्ज शिव बाबू ने बताया कि घायल युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया और उसके परिवार के लोग मौके में पहुंच गए। जहां परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया और आगे पुलिस कार्रवाई कर रही है।

### पश्चिम बंगाल की पुलिस ने तीन आरोपियों को सिविल लाइन से किया गिरफ्तार

**बलिया चितबड़ागांव।** पश्चिम बंगाल के बांकड़ा पंचायत कार्यालय में गोलीबारी कांड के मामले में पश्चिम बंगाल की पुलिस ने बलिया सिविल लाइन से रविवार की शाम तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद कोर्ट से रीमांड लेकर पश्चिम बंगाल लेकर चली गई। गिरफ्तार आरोपियों का नाम चांद नट पुत्र नेसार नट निवासी मानपुर, शुभम सिंह निवासी आंबेडकर नगर व यशवंत सिंह निवासी कथरिया थाना नरहीं है। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि बीते दिनों पश्चिम बंगाल के बांकड़ा पंचायत कार्यालय में अंधाधुंध फायरिंग की गई थी। जिससे एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। इस मामले में पश्चिम बंगाल की पुलिस ने मुख्य आरोपी को पहले ही बेंगलुरू से गिरफ्तार कर लिया था। इसके बाद मुख्य आरोपी ने घटना में शामिल चांद नट, शुभम सिंह व यशवंत सिंह का नाम बताया। इसके बाद पश्चिम बंगाल की पुलिस ने रविवार की शाम तीनों आरोपियों को सिविल लाइन से गिरफ्तार कर लिया। उधर इस संबंध में चितबड़ागांव थानाध्यक्ष प्रशांत चौधरी ने बताया कि पश्चिम बंगाल की पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार करने के उपरांत रीमांड पर लेकर पश्चिम बंगाल लेकर चली गई है।

## खबरें फटाफट

### लोकसभा चुनाव में तैनात किए गए उड़नदस्ता व स्थैतिक निगरानी दल

**गाजीपुर।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में तैनात किया गया उड़नदस्ता (एफएसटी) व स्थैतिक निगरानी दल एसएसटी में तैनात आठ अधिकारीगण सहायक व्यय प्रेक्षकों द्वारा चैकिंग के दौरान अपनी ड्यूटी स्थल से बिना सूचना के अनुपस्थित पाए गए। जनपद में आदर्श आाचार संहिता प्रभावी होने के बाद उड़नदस्ता (फ्लाइंग स्क्वायड) व स्थैतिक निगरानी दल (स्टैटिक सर्विलांस टीम ) कार्यरत है। संवेदनशील स्थलों व चेकपोस्ट, बैरियर आदि आचार संहिता उल्लंघन संबंधी शिकायतों पर सतत दृष्टि रखती है। जब भी नकदी , शराब व अन्य किसी वस्तु के वितरण से संबंधित कोई शिकायत प्राप्त होती है, तो ये टीमें नियमानुसार कार्रवाई करती हैं। इन टीमों के स्टैटिक व` फ्लाइंग स्क्वायड मजिस्ट्रेट इन कार्रवाईयों को अपने नेतृत्व में करते हैं। इसकी सूचना चुनाव आयोग को भी प्रेषित की जाती है। उक्त टीमों में नामित आठ मजिस्ट्रेट दिग्विजय सिंह, राकेश पांडेय, अनुज कुमार, रविशंकर वर्मा, विजय कुमार सिंह, नितीश कुमार भारद्वाज, कमलेश सिंह व श्रवण कुमार अपनी ड्यूटी के समय अनुपस्थित मिले। सूचना प्रभारी मानिटरिंग टीम के नोडल द्वारा जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी को दे दी गई। जिस पर चुनाव संबंधी दायित्वों में हुई लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए इसका संज्ञान लिया गया। उक्त कार्रवाई के लिए प्रभारी मानिटरिंग टीम के नोडल द्वारा अनुपस्थित कर्मचारियों के विरुद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 134 के अंतर्गत थाना कोतवाली में प्राथमिकी दर्ज करा दी गई है।

## सुखपुरा के जीराबस्ती पटखौली पुलिया के पास हुई घटना

# टीडी कॉलेज के पूर्व अध्यक्ष शिप्रांत को बदमाशों ने मारी गोली, वाराणसी रेफर

- दाहिने पीठ व बाए पैर में छात्रनेता को लगी गोली
- एससी कालेज पर वर्ष 2023 में हेमंत यादव की हुई थी हत्या
- पिता के तहरीर पर तीन नामजद व चार अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा
- हेमंत के परिजनों पर पीड़ित के पिता ने लगाया है आरोप

**केटी न्यूज/बलिया**



सुखपुरा थाना क्षेत्र के जीराबस्ती (पटखौली) पुलिया के पास शनिवार की रात करीब आठ बजे बाइक सवार बदमाशों ने टीडी कालेज के पूर्व अध्यक्ष को गोली मार कर फरार हो गए। आसपास के लोगों ने घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने वाराणसी रेफर कर दिया। घटना की जानकारी होते ही सैकड़ो की तलाश में छात्र व छात्रनेता जिला अस्पताल पहुंच गए। वर्ष 2023 में एससी कालेज के पास छात्रनेता हेमंत यादव की हुई हत्या के मामले में शिप्रान्त आरोपी थे और उसी समय से वह निशाने पर चल रहे थे। इस मामले में पुलिस ने घायल के पिता पंकज सिंह के तहरीर पर तीन नामजद और चार अज्ञात के विरुद्ध धारा 307 व 34 के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दिया है।

मिली जानकारी के अनुसार श्री मुरली मनोहर टाउन स्नातकोत्तर महाविद्यालय के पूर्व अध्यक्ष शिप्रान्त सिंह गौतम 30 वर्ष पुत्र पंकज सिंह उर्फ बबलू निवासी ब्राह्माइन हनुमानगंज थाना सुखपुरा जनपद बलिया शनिवार को किसी काम से मुख्यालय आये थे, जहाँ से वह बाइक से घर जा रहे थे, जैसे ही सुखपुरा थाना के जीराबस्ती (पटखौली) पुलिया के पास पहुँचे की जान से मारने की नीयत से बाइक सवार बदमाशों ने गोली मार दिया जो दाहिने साइड पर पीठ और बाए पैर में जा लगी। इसके बाद फरार हो गए। उधर गोली की आवाज सुन दर्जनों की संख्या में लोग मौके पर पहुंच गए और घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां से हालत नाजुक देख चिकित्सकों ने वाराणसी के लिए रेफर कर दिया। उधर पुलिस को दिए तहरीर में घायल के पिता पंकज सिंह ने उल्लेख किया है कि सचिन यादव पुत्र मनराज यादव, बलवन्त यादव पुत्र मनराज यादव, नवीन यादव पुत्र अजात तथा अजात 3-4 व्यक्ति जान से मारने की नियत से मेरे लड़के पर फायर किए। जिसमें से दो गोली मेरे पुत्र को जा लगी। जिसे जिला अस्पताल बलिया ले जाया गया, जहाँ से बीएचयू वाराणसी के लिए रेफर कर दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने धारा 307 व 34 के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दिया। इस बाबत पुलिस अधीक्षक देव रंजन वर्मा ने बताया कि घायल युवक के पिता के तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है, अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

## सरयू नदी में किशोरी का शव उतराया मिला

**बिल्थरारोड।** उभांव थाना क्षेत्र के शिवपुर मठिया के समीप सरयू नदी में एक किशोरी का शव उतराया मिला। युवती गुरुवार को अपने परिवार के साथ पूजा करने गई हुई थी। इसी दौरान वह लापता हो गई थी। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार शिवपुर मठिया निवासी लाल मोहन राजभर का परिवार सरयू नदी के समीप स्थित शिव मंदिर में पूजा करने आया था। परिवार के साथ उसकी पुत्री खुश्बू राजभर (16) भी पूजा करने गई हुई थी। पूजा समाप्त होने के बाद उनका परिवार घर वापस लौट आया।पूजा करने गई थी किशोरी घर पहुंचने पर जब परिजन खुश्बू को ढूंढने लगे तो वह उन्हें नहीं मिली। बाद में परिजनों ने आस-पास व अन्य जगह उसकी खोजबीन की परन्तु उसका कुछ पता नहीं चल सका। परिजनों ने इस बात की सूचना उभांव पुलिस को भी दी। पुलिस ने उन्हें खुश्बू को खोज लेने का आश्वासन दिया।शनिवार को शिवपुर मठिया के समीप स्थित सरयू नदी में एक किशोरी का शव उतराया मिला। ग्रामीणों ने इसकी सूचना उभांव पुलिस को दी। सूचना के बाद घटना स्थल पहुंचकर युवती के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## सेंध काटकर कर लाखों का जेवर व नकदी चोरी

**केटी न्यूज/मऊ**

जनपद के मधुबन थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत धर्मपुर विशुनपुर अंतर्गत जरलहवा के निकट त्रिवेणी के पुरवा में शनिवार की रात चोरों द्वारा नकब जनी कर लाखों के आभूषण और नकदी पर हाथ साफ कर दिया गया। जिससे दहशत व्याप्त है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक धर्मपुर विशुनपुर के जरलहवा अंतर्गत त्रिवेणी के पुरवा निवासी। जगदीश यादव पुत्र लालबचन के मकान में पीछे से चोरों ने ईट की दिवाल में सेंध काटकर नगदी और आभूषण चुरा लिया । ग्रामवासियों के मुताबिक जगदीश यादव के परिवार में एक ब्यक्ति की तबियत खराब होने के कारण परिवार के सदस्य मऊ जिला मुख्यालय के फातिमा हास्पिटल में भर्ती मरीज को देखने के लिए चले गए थे। प्रतिदिन की भांति घर में एक महिला पंखा चला कर सोई थी। चोरों ने घर के माहौल का अंदाजा लगा उसका फायदा उठा लिया। चोरों द्वारा तीन बाक्स का ताला तोड़ कर सोने का एक हार, एक माला, एक अंगुठी दो कनफुल एक टीका, एक चांदी का पायल, एक हाफ



पलानी, और नगद पांच हजार पर हाथ साफ कर दिया गया। महिला सुबह जागने पर चोरी का पता चला। जानकारी होते ही महिला ने जब शोर मचाया तो अगल-बगल के लोगों को जानकारी हुई । घटना की जानकारी मिलने पर मधुबन थाना के चौकी प्रभारी मोहन प्रसाद घटना स्थल पर पहुंचे। मोहन प्रसाद ने बताया कि जल्द ही इस चोरी की घटना में शामिल लोगों का पदार्फाश कर उन्हे सलाखों के पीछे भेजा जायेगा।

## वन विभाग ने की कार्रवाई, ठेकेदार के साथ तीन गिरफ्तार

**बलिया।** वन विभाग की टीम द्वारा लकड़ी माफियाओं के विरुद्ध बड़ी कार्यवाही की गयी है। शनिवार को वन विभाग को जानकारी प्राप्त हुई कि सिकन्दरपुर तहसील अंतर्गत ग्राम सभा भरथांव में हरे प्रतिबंधित प्रजाति के वृक्षों का अवैध कटान हो रहा है। प्राप्त सूचना के आधार पर शिवम गुप्ता क्षेत्रीय वन अधिकारी सिकन्दरपुर के नेतृत्व में प्रभागीय प्रवर्तन दल व सिकन्दरपुर रेंज के कर्मचारियों के त्वरित कार्यवाही करते हुए ग्राम भरथंव में अवैध कटान के विरुद्ध छापेमारी की गई। मौके पर अवैध कटान करते हुए व अभिवहन करते अभियुक्त तेज सिंह व श्याम बाबू ठेकेदार के साथ साथ ट्रैक्टर चालक नथुनी यादव को रंगेहाथ पकड़ा गया तथा एक ट्रैक्टर ट्रॉली, टांगा, फावड़ा व डीजल चलित आरी जब्त किया गया। कार्यवाही में अंजनी सिंह उप क्षेत्रीय वन अधिकारी, मुकेश राय वन दरोगा, संजीव गुप्ता वन दरोगा, दत्तात्रेय सिंह तथा सूरज भारती माली आदि शामिल रहे।

## बारिश के साथ पड़े ओले

**गाजीपुर।** पूर्वी हवा के चलते एक सप्ताह से उमस काफी बढ़ी थी और अचानक बादल घिर गया। तेज हवा के साथ ओले पड़े, बूदाबांदी बर्फ के छोटे-छोटे टुकड़े बारिश के साथ शुरू हो गईं। इस दौरान बर्फ के छोटे-छोटे टुकड़े गिरे और अचानक बारिश बंद हो गई। बादल की गड़गड़ाहट होती रही। इससे किसान को सब्जी और फसलों को नुकसान हुआ है।

## चुनाव कार्य में लापरवाही बरतने पर बीएलओ के विरुद्ध केस दर्ज

**गाजीपुर।** आगामी लोकसभा निर्वाचन- 2024 के दृष्टिगत जनपद में भाग संख्या 85 प्राथमिक विद्यालय वृंदावन मध्य छोर थाना बहरियाबाद गाजीपुर की मतदाता सूची पुनरीक्षण के कार्य में लालचंद्र यादव सहायक अध्यापक प्राथमिक विद्यालय बक्सूपुर की ड्यूटी लगाई गई थी। जिन्हें पूर्व में घर-घर जाकर फार्म 6,7,8 प्राप्त करने के लिए कई बार सुपरवाइजर द्वारा निर्देशित किया गया था। लेकिन बार-बार पत्र/ मौखिक चेतावनी देने के बाद भी बर्तमान समय में बीएलओ लालचन्द्र यादव अपने आवंटित बूथ से संबन्धित निर्वाचन कार्य नहीं किया गया। जिस पर विवेकानंद सिंह नायब तहसीलदार /अएफ्ड विधान सभा 373 जखनियां द्वारा 11 मई 2024 को थाना बहरियाबाद जनपद में तहरीर प्रस्तुत कर बीएलओ लालचन्द्र यादव के विरुद्ध मुअसं 196/2024 धारा 134 लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कराया गया। इसके विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## विधानसभा क्षेत्र मोहम्मदाबाद गोहना एवं मऊ के सुपरवाइजर व बूथ लेवल अधिकारियों के साथ किया संवाद कार्यक्रम

- महिला,दिव्यांग एवं बुजुर्ग मतदाताओं का शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के प्रयास करने के दिए निर्देश



**केटी न्यूज / मऊ**

लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र 70 घोसी में मतदान प्रतिशत में वृद्धि के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण मिश्र लगातार प्रयत्नशील हैं। इसी क्रम में पिछले दो दिनों से वह विधानसभा वार सुपरवाइजर एवं बूथ लेवल अधिकारियों के साथ संवाद कार्यक्रम का आयोजन कर रहे हैं।कल उन्होंने विधानसभा क्षेत्र मधुबन एवं घोसी में संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया था। आज विधानसभा क्षेत्र मोहम्मदाबाद गोहना एवं मऊ के समस्त सुपरवाइजर एवं बूथ लेवल अधिकारियों के साथ उन्होंने संवाद स्थापित कर मतदान प्रतिशत में वृद्धि हेतु आवश्यक निर्देश दिए। विधानसभा क्षेत्र मोहम्मदाबाद गोहना में पब्लिक बालिका सहर महाविद्यालय बरामदपुर एवं विधानसभा क्षेत्र मऊ हेतु जनपद मुख्यालय स्थित मंडी परिसर में संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

संवाद कार्यक्रमों के दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थित समस्त बूथ लेवल अधिकारियों को पूर्व में अच्छे कार्य करने हेतु धन्यवाद देते हुए कहा कि अब परिणाम की बारी है। अतः मतदान के दिन अधिक से अधिक लोगों को मतदान प्रक्रिया में शामिल करने का विशेष प्रयास करे। इस दौरान उन्होंने महिला बूथ लेवल अधिकारियों को उनकी अन्य जिम्मेदारियां के अलावा निर्वाचन से जुड़े कार्यों को सफलतापूर्वक संपादित करने हेतु बधाई दी तथा आधी आबादी का मतदान में शत प्रतिशत प्रतिभाग सुनिश्चित करने हेतु विशेष प्रयास करने को कहा। उन्होंने कहा कि जिस समाज में महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी अधिक होती है वह क्षेत्र, समाज तथा देश विकसित कहलाता है। इसके अलावा महिलाओं के सशक्तिकरण में उनकी राजनीतिक भागीदारी सहायक भी होती है। उन्होंने समस्त बूथ लेवल अधिकारियों को दिव्यांग एवं बुजुर्ग मतदाताओं का शत प्रतिशत मतदान प्रक्रिया में सम्मिलित कराना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, जिससे उनकी राजनीतिक भागीदारी के दृष्टिगत राजनीतिक पार्टियों एवं नीति निमार्ता उनके लिए नीतियां तैयार करने हेतु विवश हो जाए। जिलाधिकारी ने मतदाता पर्चियो का शत प्रतिशत वितरण डोर टू डोर सुनिश्चित करने को भी कहा। साथ ही अवशेष पर्चियो की सूची तैयार कर उनका विवरण अंकन करते हुए संबंधित सहायक निर्वाचन अधिकारी को एक सप्ताह पूर्व उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि घर-घर मतदाता पर्ची बांटने से मतदान की संभावना में वृद्धि होती है। घर से बाहर रहने वाले पुरुषों के घर की महिलाओं की मतदान में भागीदारी कम होने पर उन्होंने बूथ लेवल अधिकारियों को इस हेतु विशेष प्रयास कर समस्त महिलाओं को मतदान प्रक्रिया में सम्मिलित करना सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने कहा कि इस काम में महिला बूथ लेवल अधिकारी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।आज भी जिला निर्वाचन अधिकारी ने विधानसभा वार टॉप 10 अधिकतम मतदान प्रतिशत वाले बूथ लेवल अधिकारियों को सम्मानित करने तथा पिछले चुनाव में न्यूनतम मतदान प्रतिशत वाले बूथों पर मतदान प्रतिशत में अपेक्षित सुधार होने पर उन बूथ लेवल अधिकारियों को भी जनपद स्तर पर सम्मानित करने को कहा। अपने संबोधन के दौरान जिलाधिकारी ने दिव्यांग,महिला एवं बुजुर्ग मतदाताओं पर विशेष ध्यान देने को कहा,जिससे उनकी राजनीतिक भागीदारी सुनिश्चित हो सके तथा आमजन भी उनसे प्रेरित होकर मतदान प्रक्रिया में सम्मिलित हो। जिला निर्वाचन अधिकारी ने समस्त बूथ लेवल अधिकारियों को निर्वाचन से संबंधित समस्त कार्यों को पारदर्शी एवं निष्पक्ष पूर्ण ढंग से करने को कहा।

## बलिया शहर के गौशाला रोड का मामला, मुखबिर की सूचना पर हुई कार्रवाई

# कोतवाली व आबकारी की टीम ने शराब तस्कर को किया गिरफ्तार

- दो बैग से 1605 ट्रैट्रा पैक खाली रैपर बरामद
- कई कम्पनियों के फर्जी रैपर लगाकर बेचता था अंग्रेजी शराब

**केटी न्यूज/बलिया**

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में शहर कोतवाली पुलिस एवं आबकारी विभाग की टीम ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए शनिवार की शाम नगर के गौशाला रोड स्थित एक मकान में मुखबिर की सूचना पर छापेमारी की। जहां से दो बैग से 1605 ट्रैट्रा पैक खाली रैपर बरामद किया। इसके अलावा शराब तस्कर को गिरफ्तार कर संबंधीत




धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय भेज दिया। पूछताछ में अभियुक्त ने अपना नाम व पता छितेश्वर प्रसाद पुत्र स्व दीनानाथ प्रसाद निवासी सहतवार थाना सहतवार जनपद बलिया तथा वर्तमान पता गौशाला रोड कदम चौराहा थाना कोतवाली जनपद बलिया बताया। आबकारी विभाग को मुखबिर से सूचना मिली कि छितेश्वर प्रसाद पुत्र स्व दीनानाथ प्रसाद की अंग्रेजी शराब का गोदाम गौशालारोड पर है। वह भारी मात्रा में नकली शराब का व्यवसाय करता है तथा नकली शराब को असली के रुप में 8स्त्रे टेट्रा पैक रैपर में पैक करके उस पर बार कोड लगा कर बेचता है और भारी मुनाफा कमाता है। इस समय उसके घर पर काफी मात्रा में 8स्त्रे टेट्रा पैक रैपर रखे हैं। अगर त्वरित कार्रवाई की जाय तो पकडा जा सकता है। जिसके बाद आबकारी व कोतवाली पुलिस ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए गौशालारोड स्थित मकान पर छापेमारी की, जहां से दो बैग बरामद हुए। जिसमें एक बैग से 800 तथा दूसरे बैग से 805 ट्रेटा पैक खाली रैपर बरामद किया। इस प्रकार दोनों बैगों से कुल 1605 ट्रेटा खाली रैपर बरामद हुआ। बरामद हुए ट्रैट्रा पैक को खोलकर देखा गया तो कागज के अन्दर चमकदार पन्नी लगी है।

होलोग्राम को स्कैन किया गया तो इनवैलिड बता रहा है। मौके पर आबकारी निरीक्षक द्वारा रेडको खेतान लिमिटेड कम्पनी के जूनियर मैनेजर विष्णु दत्त सिंह को बुलाया गया। जिन्होंने बताया कि पकड़ा गया रैपर हमारी कम्पनी का नहीं है जो ट्रेडमार्क अधि० 1999 की धारा 103 का दण्डनीय अपराध है। जिसके बाद स्पष्ट हो गया कि मकान मालिक छितेश्वर प्रसाद नकली ट्रैट्रा पैक कूटरचित तथा फर्जी होलोग्राम जिस पर स्याही लगाकर ग्राहको को बजार में असली के रुप में उंचे दाम में बेचकर अच्छा मुनाफा कमाता है। पुलिस ने अभियुक्त के विरुद्ध धारा 420, 467, 468, 471 भादवि व धारा 103 ट्रेडमार्क अधि 1999 का दण्डनीय अपराध आदि में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय भेज दिया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में आबकारी निरीक्षक विनय कुमार राय, उनि राम अनुज, उनि राजू कुमार आदि रहे।

# धरने का दूसरा दिन : पूरी रात अनशन पर बैठे रहे बीएचयू के हार्ट स्पेशलिस्ट

♦ कोविड और वैक्सीनेशन के बाद आजकल चलते-फिरते लोगों की मौत हो रही है हर तीसरे मरीज की हार्ट अटैक से हो रही है मौत: डा. ओम शंकर

**केटी न्यूज/वाराणसी**

बीएचयू के सीनियर कॉर्डियोलॉजिस्ट प्रोफेसर ओम शंकर का आमरण अनशन का दूसरा दिन है। पूरी रात अस्पताल के अपने चेंबर में ही धरना दिए। वहीं पर कंबल ओढ़कर आराम भी किए। प्रोफेसर के साथ चंद समर्थक और मरीज भी थे। इसके बाद सुबह उठे और संडे की छुट्टी में ही मरीजों को देखने का सिलसिला जारी कर दिए। इस दौरान कई मरीज उनके चेंबर में आए हैं। वो उनका इलाज भी कर रहे हैं। उनको सलाह दे रहे हैं। आमरण अनशन पर बैठे प्रो. ओम शंकर केवल नींबू पानी ही ले रहे हैं। पिछले 24 घंटे से अन्न का त्याग कर चुके हैं। इस दौरान उनसे मिलने सपा के कई नेता भी पहुंचे हैं। प्रो. ओम शंकर का कहना है कि आज कल चलते-फिरते लोग गिरकर दम तोड़ दे रहे हैं। इसके पीछे वजह कार्डियक अरेस्ट ही



दिख रहा। ऐसे में नई बिल्डिंग में पूरे कार्डियोलॉजी विभाग को शिफ्ट किया जाए, जिससे बेहतर टाइम पर ज्यादा से ज्यादा मरीजों को इलाज मिल सके। ऐसे समय में उनका केयर बहुत जरूरी है। प्रो. ओम शंकर ने कहा, "कोविड और वैक्सीनेशन के बाद आजकल चलते-फिरते लोगों की मौत हो रही है। अस्पताल में मरने वाला हर तीसरा मरीज हार्ट पेशेंट है। ऐसे में 2 साल पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पूर्वांचल में पहली बार दी गई सुपर स्पेशियालिटी की सुविधा का लाभ उठाया जाना चाहिए। अस्पताल में ज्यादा से ज्यादा बेड हृदय रोगियों के लिए सुरक्षित होना चाहिए। लेकिन, दुख की बात ये है कि पीएम ने जिन सेवाओं को हृदय रोगियों के लिए अपने संसदीय क्षेत्र में शुरू किया था, वहां के अधिकारी उसे जनता तक नहीं पहुंचा पा रहे हैं।" प्रो. ओम शंकर ने कहा, " पीएम मोदी और रोगियों के बीच एक दीवार खड़ी कर दी गई है। पिछले 2 साल से चल रही इस लड़ाई में 35 हजार से ज्यादा हृदय रोगियों को बेड नहीं मिल पाया। जबकि बेड खाली था। ये बेड डिजिटली लॉक्ड है। ये लॉक करने वाले अधिकारी पर कदाचार के कई आरोप हैं। जांच कमेटियों ने भी माना है। मैंने पिछले 2 साल में 50 से ज्यादा बार बड़े अधिकारियों को चिट्ठियां लिखी है, लेकिन कोई फायदा होता नहीं दिखा है। मेरे माता-पिता ने मुझे इसीलिए डॉक्टर बनाया कि मैं आम और गरीब मरीजों की सेवा कर सकूं। ये ही मेरे संस्कार हैं।

## एक नजर

### साइबर अपराधियों ने छात्र की मां को फोन कर रेप केस में फंसे होने को बता मांगे 20 हजार




**जौनपुर।** साइबर अपराधियों के रोज नए तरीकों से लोग खासे परेशान दिख रहे हैं। शनिवार को वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के एक विद्यार्थी को रेप केस में फंसे होने का बताकर साइबर अपराधियों ने पुलिस बनकर उसकी मां को पाकिस्तानी कोड वाले नंबर से व्हाट्सएप कॉलकर पैसे की मांग की। बहन अलर्ट हुई और प्रोफेसर से बात कर वीडियो कॉल किया मां ने परीक्षा दे रहे बेटे को देखा तब जाकर घर वालों ने राहत की सांस ली। शनिवार को साइबर अपराधियों ने विश्वविद्यालय के एक छात्र की मां को फोन कर उसके बेटे को रेप में फंसे होने के जानकारी दी और इस मामले को रफा दफा करने के लिए बीस हजार रुपये की मांग की गई पैसा ना देने पर खामियाजा भुगतने की भी चेतावनी दी गई। इस फोन के बाद छात्र की मां और बहन दोनों परेशान हो गए घर में माहौल पूरा बदल गया। छात्र की बहन भी विश्वविद्यालय की छात्रा है वह अलर्ट हुई और उसने विश्वविद्यालय के प्रोफेसर अविनाश पाथर्डीकर को कॉल कर तुरंत घटना की जानकारी दी। प्रोफेसर ने माँ को वीडियो कॉल पर परीक्षा दे रहे छात्र को दिखाया और विश्वविद्यालय की बिल्डिंग आदि देखने के बाद माँ को चैन मिला। विश्वविद्यालय के साइबर क्लब के नोडल अधिकारी डॉ दिग्विजय सिंह राठौर ने बताया कि इस तरह की घटना लगातार बढ़ती जा रही है अगर आपके परिवार में किसी को फोन कर किसी घटना में फंसे होने की जानकारी के एवज में पैसे की मांग की जा रही हो तो , बिल्कुल डरे नहीं और साइबर क्राइम पोर्टल पर इसकी शिकायत अवश्य दर्ज कराएं।

### विश्व नर्सिंग दिवस पर छात्र-छात्राओं ने सेवा का लिया संकल्प

**चंदौली।** अंतरराष्ट्रीय नर्सेज दिवस पर रविवार को मुख्यालय स्थित अभिषेक नर्सिंग एण्ड पैरामेडिकल इस्टीट्यूट, में विश्व नर्सेज दिवस मनाया गया। इस दौरान नर्सिंग छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने नर्सिंग मदर फ्लोरेंस नाइटएंगल के चित्र पर पुष्प अर्पित किया और केक काटा एक दूसरे को खिलाकर संकल्प लिया। इस दौरान संस्था के सचिव डा. संजय यादव ने कहा कि नर्सिंग मदर फ्लोरेंस नाइटएंगल हमेशा सेवा के लिए जानी जाती है। उनके किए गए कार्यों से छात्र-छात्राओं को मानव सेवा ही सर्वोपरि का संदेश लेना चाहिए। सभी छात्राओं आज संकल्प लेने की उनके विचारों को और किए गए प्रयासों को आगे बढ़ाने में पीछे नहीं रहेंगे। इस दौरान प्रधानाचार्य नरेन्द्र नागर अमित पचौरी, प्रीति गुप्ता, रोजलाइन टूडु, प्रसासनिक वर्ग से शिवजनम यादव राम अशीष यादव मुत्युन्जय, आर पी पटेल उपस्थित रहे।

### एनडीए प्रत्याशी अरविंद राजभर ने कहा कल्पनाथ राय के अधूरे सपनों को करेंगे पूरा

**मऊ।** घोसी लोकसभा क्षेत्र से एनडीए समर्थित सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के प्रत्याशी डा. अरविंद राजभर ने शनिवार को प्रेसवार्ता कर घोसी के चौमुखी विकास का वादा किया। उन्होंने कहा कि उनकी प्राथमिकता स्व. कल्पनाथ राय के विजन में शामिल रहे अधूरे विकास कार्यों को पूरा करने की होगी।केंद्रीय चुनाव कार्यालय विजय प्लाजा मऊ में पत्रकारों से बातचीत में एनडीए प्रत्याशी अरविंद राजभर ने कहा कि केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार ने विकास से संबंधित जिन योजनाओं को आगे बढ़ाया है उन सभी योजनाओं का लाभ घोसी की जनता को दिलाने का काम करेंगे। परिवहन, स्वास्थ्य, शिक्षा, सुरक्षा, रोजगार, विनिर्माण, ढांचागत औद्योगिक विकास तथा खेलों को बढ़ावा देना उनकी प्राथमिकता का हिस्सा होगी। लोकसभा क्षेत्र की आसपास के प्रमुख शहरों से बेहतर कनेक्टिविटी दिलाने का काम करेंगे। स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर किया जाएगा।उन्होंने यह भी कहा कि चुनाव जीतने पर वह लोकसभा में पत्रकार कल्याण आयोग के गठन के लिए आवाज बुलंद करेंगे। उनकी कोशिश होगी कि पत्रकारों के हितों की रक्षा हो और उनके परिजनों को भी उसका लाभ मिले।

## खबरें फटाफट

### पीएम मोदी के नामांकन में 12 सीएम-20 मंत्री होंगे शामिल

**वाराणसी ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 14 मई को तीसरी बार वाराणसी



से नामांकन करेंगे। भाजपा इससे एकजुटता दिखाने की कोशिश करेगी। एनडीए में शामिल सभी पार्टियों के लीडर मौजूद रहेंगे। 12 राज्यों के मुख्यमंत्री और 20 केंद्रीय मंत्री, यूपी सरकार के मंत्री और कई सांसद और विधायक शामिल होंगे। नामांकन से 1 दिन पहले पीएम बीएचयू काशी विश्वनाथ मंदिर तक रोड शो करेंगे। भाजपा रोड शो में मिनी भारत की झलक दिखाएगी। गंगा किनारे बसे विभिन्न समाज के लोग अपनी संस्कृति के साथ स्वागत करेंगे। इससे पीएम देश-दुनिया को 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' का संदेश देंगे। पीएम काशी में पिछले 2 चुनावों में भी नामांकन के समय 2 रोड शो कर चुके हैं। यह तीसरा रोड-शो होगा, जिसे भाजपा मेगा रोड शो बनाने में जुटी है। नामांकन से पहले मोदी काशी विश्वनाथ धाम में षोडशोपचार विधि से पूजन करेंगे। फिर काल भैरव मंदिर में विशेष पूजा कर जीत का आशीर्वाद लेंगे।

### प्रेक्षक ने मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

**जौनपुर।** लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष एवं पारदर्शी रूप से संपन्न कराने के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त 73-जौनपुर सामान्य प्रेक्षक सीबी बलात के द्वारा प्राथमिक विद्यालय सोनपुरा, खपरहा में बूथ संख्या 26, 27, 28 प्राथमिक विद्यालय बथुआ में बूथ संख्या 250 और प्राथमिक विद्यालय बाकी में बने बूथ संख्या 251, 252 का निरीक्षण कर मतदान केंद्रों पर मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। 73-जौनपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के व्यय प्रेक्षक मुण्डे राजेश बालाजी राव कुसुम जी के द्वारा मल्हनी और सिकरारा में एफएसटी टीम का निरीक्षण किया तथा टीम को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### अमित शाह ने मंत्री, विधायक, क्षेत्रीय अध्यक्ष, जिलाध्यक्ष, व सभी कार्यकर्त्ता को बताई रणनीति

# मोदी की जीत को शाह ने बनाया एबीसीडी फार्मूला, काशी में मीडिया सेंटर का उद्घाटन

♦ 16 घंटे की 6 बैठकों में जीत की मार्जिन बढ़ाने के लिए बनाई गयी स्ट्रेटजी

**केटी न्यूज/वाराणसी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जीत के लिए केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शनिवार की देर रात तक कार्यकताओं के साथ संवाद किया। बनारस दौरे के 16 घंटे में 6 बैठक की, जिसमें पीएम की जीत के लिए हर किसी को काम बांटा। अमित शाह ने मंत्री, विधायक, क्षेत्रीय अध्यक्ष, जिलाध्यक्ष, मंडल प्रमुख, बूथ प्रमुख और पन्ना प्रमुख को पहले अपना बूथ जीतने की स्ट्रेटजी बताई फिर हर घर से मतदाताओं को लाने की रणनीति तय की। महमूरगंज तुलसी उद्यान स्थित केंद्रीय चुनाव कार्यालय में पीएम नरेंद्र मोदी के चुनाव में हर अभियान की सफलता का फॉमूर्ला बताया। जीत का मार्जिन बढ़ाने के लिए पन्ना प्रमुख और बूथ प्रमुखों की प्राथमिकताएं गिनाई। पहले तो अमित शाह ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने का प्लान पूछा, फिर बूथों की एबीसीडी समझाई। बताया कि बूथों को ए,बी, सी और डी श्रेणी में बांट कर काम करना है। जो अपना बूथ बड़े अंतर से जीतेंगे पार्टी की प्राथमिकता में रखे जाएंगे और उनकी भूमिका भी तय होगी।

#### 7 बजे बूथ पर आएं ए-बी कैटेगरी के मतदाता

गृहमंत्री ने स्पष्ट भी किया कि पन्ना प्रमुखों की भूमिका हर चुनाव में महत्वपूर्ण होती है, उनका लक्ष्य अब बूथ विजय अभियान है। भले बात पुरानी है, मगर याद रखिए जो बूथ जीता, वह चुनाव जीता। इसीलिए बूथ पर पूरा फोकस करिए। गृहमंत्री ने कहा कि श्रेणीवार बूथ को ऐसे समझिए। अपनी सूची देखिए, जो बूथ आप हमेशा विधानसभा, लोकसभा और नगर निकाय चुनावों में भी जीतते आ रहे हैं, उन्हें ए और बी श्रेणी में रखिए। वहां सबसे पहले मतदान कराइए। इन मतदाताओं को हर हाल में 7 बजे से 10 बजे के बीच वोट करवाएं। बूथ के पन्ना प्रमुख अपने जेब में पन्ना रखें, उसे लेकर घर से मतदाताओं को बूथ तक लाकर मतदान कराने का लक्ष्य रखिए। इसके बाद सी ग्रेड में उन बूथों को रखिए, जहां आप कभी हार जाते हैं, कभी जीत जाते हैं। यहां कांटे की टक्कर रहती है। इन बूथों पर ए और बी ग्रेड के बूथों पर वोट कराने के बाद मतदान कराने में जुट जाइए। बूथों पर अंतिम ताकत लगाइए, पन्ने में शेष मतदाताओं को दोपहर में मतदान के लिए लाएं। बूथ स्तर पर कार्यकर्ता एकजुट होकर संगठन की मजबूती के लिए कार्य करता है, तभी प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर पर संगठन मजबूत होता है।



#### पन्ना प्रमुख वोटर ग्रेडिंग को क्रॉस चेक करें

केंद्रीय कार्यालय पर अमित शाह ने प्रत्येक बूथ पर कमल खिलाने के लिए सभी मोर्चों और कार्यकताओं को अलग-अलग जिम्मेदारियां और लक्ष्य बांटे। उन्होंने कहा कि हर बूथ पर 370 प्लस के लक्ष्य को हासिल करने के लिए 15 से 20 मई तक विशेष बूथ विजय अभियान चलेगा। इसमें हर बूथ में पन्ना प्रमुख के साथ वोटर ग्रेडिंग को क्रॉस चेक किया जाएगा। दो बार घर घर संपर्क करना होगा। पहली बार कैलेंडर और स्टिकर के साथ तो दूसरी बार हैंडबिल के साथ। कहा कि हर पन्ना प्रमुख के जेब में 1 जून तक उसका पन्ना होना चाहिए, 25 से 28 मई तक पन्ना प्रमुख से वोटर ग्रेडिंग पूरी हो जाए।

#### हर मतदाता के पास दो बार जाएं

पन्ना प्रमुख इन श्रेणीवार मतदान पर सबसे अच्छे से काम कर सकते हैं। अभी से जुट जाएं। हमें मतदान तक हर मतदाता के पास दो बार पहुंचना है। घर-घर संपर्क करने पर विशेष फोकस करें। आगे कहा कि पहले सभी पदाधिकारी सुबह 7 बजे ही अपने परिवार के साथ मतदान करें। इसके बाद अपने-अपने क्षेत्र के सभी घरों के मतदाताओं को बूथों तक पहुंचाने में जुट जाएं। यह काम मतदान खत्म होने तक करें। हर बूथ पर पोलिंग एजेंट के नामों की सूची 20 मई तक बना देनी है और इनकी ट्रेनिंग कार्यशाला हर मंडल पर 25 मई के बाद होनी है।

#### अमित शाह ने किया मीडिया सेंटर का उद्घाटन

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने वाराणसी दौरे के दूसरे दिन रविवार को भारतीय जनता पार्टी के मीडिया सेंटर का उद्घाटन किया। कैंटोनमेंट स्थित होटल डी-पेरिस में मीडिया सेंटर का निरीक्षण करने के बाद दीप प्रज्वलित कर विधिवत शुभारंभ किया। इसके साथ ही कार्यकताओं से संवाद किया। गृहमंत्री ने भारत माता और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण कर शुभारंभ किया। उन्होंने मीडिया सेंटर पर जिम्मेदारी संभालने वाले पदाधिकारियों से संवाद किया। सोशल मीडिया टीम से मुलाकात की, परिसर के वार रूम का भी निरीक्षण किया। गृहमंत्री ने कहा काशी में सारी कवायद पीएम की ऐतिहासिक जीत के लिए है।

## लोहे की प्लेटों पर रेत जमा होने से वाहनों को आने-जाने में हो रही परेशानी

♦ चार पहिया व दो पहिया वाहनों के रेत में फंसने से लग रहा है जाम

**केटी न्यूज/गाजीपुर**





बच्छल का पुरा-रामपुर पीपापुल पर जाने के लिए रेत में लगाई गई लोहे की प्लेटों पर रेत जमा होने के कारण वाहनों के आने- जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।भयंकर लू चलने के बाद रेत में लगाई गई प्लेटें काफी संख्या में बालू से ढंक गई है। इन दिनों लोग पीपापुल से यात्रा कर रहे हैं। दोपहर के वक्त जब तेज पछुंआ हवा के चलते रेत की आंधी चल रही है, उसी में लोहे की प्लेटों के रेत से ढ़कने के कारण दो पहिया एवं चार पहिया वाहन रेत में फंस जा रहे हैं। फंसे वाहनों को धक्का देकर लोग किसी तरह से पुल पर ले जा रहे हैं। रेत में गाड़ियों के फंस जाने पर जाम भी लग जा रहा है। शादी- विवाह का मौसम होने के कारण पीपापुल पर वाहनों का आवागमन बढ़ा है। दिन में भयंकर लू चलने के कारण अधिकांश लोग रात्रि में यात्रा कर रहे है। 18 एवं 19 अप्रैल की रात्रि में पीपापुल पर लंबा जाम लग गया था। इसके चलते कई घंटे तक लोग जाम में फंसे रहे।बारात और दूल्हे के वाहन के जाम में कई घंटे तक फंसे रहने से बारात अपने समय पर द्वारपूजा नहीं लगा सकी। लोगों का कहना है कि पीपापुल के रास्ते में रेत पर डाली गई लोहे की चादरों पर से रेत हटाने के लिए काफी पैसा खर्च होता है। ठेकेदार व विभागीय अधिकारियों की मिली भगत से रेत साफ न करके उस पैसे का बंदरबांट कर लिया जाता है। लोगों ने विभागीय अधिकारियों से इस गंभीर समस्या की तरफ ध्यान दिलाते हुए प्लेटों पर जमे रेत की सफाई कराने की मांग किया है।




### सीएम योगी ने अमेठी के माधौगढ़ में चुनावी जनसभा को किया संबोधित

# कांग्रेस के अंदर औरंगजेब की आत्मा घुस गई है : योगी आदित्यनाथ

♦ केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के लिए योगी आदित्यनाथ ने जनता से की वोट की अपील

**केटी न्यूज/अमेठी**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि कांग्रेस अपने घोषणापत्र में विरासत टैक्स लगाने की बात कह रही है। ये एक तरह का जजिया टैक्स है। ऐसा लगता है कि कांग्रेस के अंदर औरंगजेब की आत्मा आ गई है। उन्होंने कहा कि चौथे चरण के मतदान के साथ ही देश में मोदी लहर सुनामी का रूप ले लेगी। आज पूरा देश एक स्वर से कह रहा है कि जो राम को लाए हैं हम उनको लाएंगे। सीएम योगी रविवार को यहां माधौगढ़ में चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने यहां पार्टी प्रत्याशी और केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के लिए जनता से वोट की अपील की। मुख्यमंत्री ने कहा कि राम और राष्ट्र एक दूसरे के पर्याय हैं और जो लोग राम का विरोध कर रहे हैं वो राष्ट्र का विरोध कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विरोध केवल दो ही लोग कर रहे हैं एक पाकिस्तान और दूसरा रामद्रोही। सीएम योगी ने कहा कि देश में 'अबकी बार 400 पार' का स्वर गूंज रहा है, जिसे सुनकर कांग्रेस और इंडी गठबंधन को चक्कर आने लगता है। उन्होंने कहा कि देश में किसी भी पार्टी को बहुमत के लिए 273 सीटें चाहिए, मगर कांग्रेस पूरे देश में इतनी सीटों पर



भी चुनाव नहीं लड़ रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरे देश में रामलला के विराजमान होने की खुशी है और यह तो अवध क्षेत्र है, इस क्षेत्र के लिए तो एक नया सवेरा हुआ है। 500 साल का इंतजार समाप्त हुआ है। अयोध्या में प्रभु श्रीराम विराजमान हुए हैं। अब एक बार फिर अमेठी की जनता को भाजपा को वोट देकर भगवान राम के परम भक्त प्रधानमंत्री मोदी जी को फिर से पीएम बनाना है। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री, सांसद प्रत्याशी स्मृति ईरानी, प्रदेश सरकार में मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह, विधायकगण सुरेश पासी, अशोक कोरी, एमएलसी शैलेन्द्र प्रताप सिंह, बीजेपी जिलाध्यक्ष रामप्रसाद मिश्रा, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि, दुर्गेश त्रिपाठी सहित अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

#### स्मृति ईरानी ने जितना दौरा किया, उतना कांग्रेस की चार पीढ़ियां नहीं कर सकीं

सीएम योगी ने अमेठी की जनता को संबोधित करते हुए कहा कि आपने 2019 में क्रांतिकारी निर्णय लिया तो उसकी धमक लखनऊ ही नहीं दिल्ली तक सुनाई दे रही थी। निर्णय सही होता है तो परिणाम भी सही होता है। पहली बार अमेठी वासियों ने किसी दल का पिछलग्गू बनने की जगह भारत के विकास का सारथी बनने का निर्णय लिया। वहीं स्मृति ईरानी ने भी पांच साल में जितना दौरा अमेठी का किया, कांग्रेस की चार पीढ़ियां नहीं कर सकीं। एक सजग जनप्रतिनिध के रूप में हर हफ्ते उनका दौरा अमेठी के गांव-गांव में होता रहा।

## सुभाषितम्

मनुष्य की इच्छाओं का पेट आज तक कोई नहीं भर सका है।

- वेदव्यास

## भाजपा के नहले पर केजरीवाल का दहला?

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल शराब घोटाला मामले में 50 दिन तिहाड़ जेल की हिरासत में रहकर अंतरिम जमानत पर बाहर निकले हैं। जेल से बाहर आने के फौरन बाद अरविंद केजरीवाल ने भाजपा के नहले पर दहला चलकर भाजपा को जीत से दूर ले जाने की पहल की है। भारतीय जनता पार्टी हमेशा विपक्षी दलों और मतदाताओं से पूछती है, भाजपा के पास मोदी है और विपक्ष के पास प्रधानमंत्री का दावेदार कौन हैं? दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने अब भाजपा से पूछा है, नरेंद्र मोदी के बाद उनका प्रधानमंत्री कौन होगा। इसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री ओर भाजपा संगठन द्वारा बनाए गए 75 साल के फामूर्ले का उल्लेख किया है। केजरीवाल ने कहा, भाजपा के पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी, पूर्व भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुरली मनोहर जोशी, लोकसभा की पूर्व अध्यक्ष सुमित्रा महाजन जैसे ताकतवर नेताओं को मार्गदर्शक मंडल में ले जाकर प्रधानमंत्री ने बिठा दिया है। भाजपा की दूसरी पीढ़ी के नेता जिसमें शिवराज सिंह चौहान, वसुंधरा राजे सिंधिया और रमन सिंह आदि को सत्ता से दूर कर दिया है। प्रधानमंत्री पद की दौड़ से अलग कर दिया है। यह कहकर केजरीवाल ने भाजपा के अंदर नेताओं में फूट डालने की कोशिश की है। अगले साल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 75 वर्ष के होने जा रहे हैं। इनके बाद किसको भाजपा प्रधानमंत्री बनाएगी। इसका नाम भाजपा बताए। अरविंद केजरीवाल ने एक गूगली और फेंक दी है। नरेंद्र मोदी अपने बाद अमित शाह को ही प्रधानमंत्री बनाएंगे। उन्होंने जनता से अपील करते हुए, कह दिया कि आप जो भी वोट कर रहे हैं, वह मोदी को प्रधानमंत्री बनाने लिए नहीं, बल्कि अमित शाह को प्रधानमंत्री बनाने के लिए करेंगे। एक तीर से दो शिकार करने की केजरीवाल ने कोशिश की है। भाजपा संगठन में जहां अमित शाह के विरोधियों और प्रधानमंत्री पद की दौड़ में शामिल नेताओं को उकसाने का काम किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब प्रधानमंत्री नहीं रहेंगे तो ऐसी स्थिति में उनकी गारंटियों को कौन पूरा करेगा? ऐसा कहकर उन्होंने मतदाताओं के मन में संशय पैदा करने की कोशिश की है। अरविंद केजरीवाल के जेल से छूटने के बाद दिए गए इस सार्वजनिक बयान के बाद, जैसी प्रतिक्रिया भाजपा की ओर से होनी चाहिए थी, वह प्रतिक्रिया हुई है। गृहमंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को सामने आकर कहना पड़ा, यदि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सत्ता में आए, तो वह अपना कार्यकाल पूरा करेंगे। उनके लिए 75 साल का नियम लागू नहीं होगा। नाही संविधान में प्रधानमंत्री पद के लिए आयु सीमा अथवा उत्तराधिकारी की कोई व्यवस्था नहीं है। गृहमंत्री अमित शाह ने यह भी कह दिया कि 2029 के बाद भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश का नेतृत्व करते रहेंगे। इंडिया गठबंधन से प्रधानमंत्री का नाम बताने का जो सवाल, भाजपा खड़ी करती रही है। एक तरह से केजरीवाल ने अब भारतीय जनता पार्टी को नरेंद्र मोदी के बाद कौन, को लेकर घेरने का काम किया है। भारतीय जनता पार्टी के अंदर नरेंद्र मोदी और अमित शाह को लेकर कहीं ना कहीं नाराजगी देखने को मिल रही है। इस नाराजगी को सतह से बाहर लाने की दिशा में केजरीवाल का यह बयान, निश्चित रूप से भाजपा संगठन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, योगी आदित्यनाथ और गृहमंत्री अमित शाह के बीच दूरियां बढाने वाला बयान माना जा रहा है। भाजपा के अंदर एक जंग शुरू कराने की कोशिश के रूप में देखा जा रहा है। भारतीय जनता पार्टी जिस तरह से विपक्षी दलों में विघटन पैदा कर, उन्हें कमजोर करने का काम करती रही है, उसी रणनीति पर अरविंद केजरीवाल ने भारतीय जनता पार्टी पर हमला किया है। 2024 के लोकसभा चुनाव में केजरीवाल ने भाजपा से ही पूछ लिया, मोदी के बाद कौन, इसका जवाब भाजपा दे। भारतीय जनता पार्टी सारे देश में प्रधानमंत्री मोदी के नाम और मोदी की गारंटी के नाम पर चुनाव लड़ रही है। ऐसी स्थिति में भाजपा के नहले पर केजरीवाल का यह दहला माना जा रहा है। लोकसभा चुनाव में सभी अपनी-अपनी बाजी चल रहे हैं।

## चिंतन-मनन

## श्रम रहित परिश्रम



महर्षि वेदव्यास किसी नगर से गुजर रहे थे। उन्होंने एक कीड़े को तेजी से भागते हुए देखा। मन में सवाल उठा- एक छोटा सा कीड़ा इतनी तेजी से क्यों भागा जा रहा है? उन्होंने कीड़े से पूछा- ऐ क्षुद्र जंतु! तुम इतनी तेजी से कहां जा रहे हो? कीड़ा बोला- हे महर्षि, आप तो इतने ज्ञानी हैं, यहां क्षुद्र कौन और महान कौन? क्या इनकी सही-सही परिभाषा संभव है? महर्षि सकपकाए। फिर सवाल किया- अच्छा बताओ कि तुम इतनी तेजी से कहां भागे जा रहे हो? इस पर कीड़े ने कहा-अरे! मैं तो अपनी जान बचाने के लिए भाग रहा हूं। देख नहीं रहे कि पीछे कितनी तेजी से बैलगाड़ी चली आ रही है। कीडे के उत्तर ने महर्षि को फिर चौंकाया। वह बोले- पर तुम तो इस कीट योनि में पड़े हो। यदि मर गए तो तुम्हें दूसरा और अच्छा शरीर मिलेगा। इस पर कीड़ा बोला- महर्षि! मैं तो कीड़े की योनि में रहकर कीड़े का आचरण कर रहा हूं, पर ऐसे प्राणी बहुत हैं जिन्हें विधाता ने शरीर तो मनुष्य का दिया है, पर वे मुझ कीड़े से भी गया-गुजरा आचरण कर रहे हैं। महर्षि उस नन्हे से जीव के कथन पर सोचते रहे, फिर उन्होंने उससे कहा- चलो, हम तुम्हारी सहायता कर देते हैं। कीड़े ने पूछा- किस तरह की सहायता? महर्षि बोले-तुम्हें उठाकर मैं आने वाली बैलगाड़ी से दूर पहुंचा देता हूं। इस पर कीड़े ने कहा- धन्यवाद! श्रम रहित पराश्रित जीवन विकास के सारे द्वार बंद कर देता है। मुझे स्वयं ही संघर्ष करने दीजिए। महर्षि को कोई जवाब न सूझा।

# जनादेश भारत माता के चरणों में समर्पित हो

- संजय गोस्वामी



आजादी मिलने के 76 साल बाद तक हमारे बारे में हम पर थोपी गई हमारी गलत धारणाओं के कारण कि हम एक कृषि-प्रधान समाज हैं) हमारी नीतियां, हमारे सारे प्रोत्साहन कृषि क्षेत्र को दिए गए और उसका नतीजा हमारे सामने है। आज एक ओर, भारत की विश्व व्यापार में भागीदारी 20-25 फीसदी से घटकर 1-2 फीसदी के आसपास आ गई है और दूसरी ओर, कृषि क्षेत्र में मिले ढेरों प्रोत्साहन के कारण और कारीगरी से बदखल लोगों को और कोई विकल्प न सुझाए जाने के कारण, कृषि कार्य में उसकी क्षमता से ज्यादा लोग लगे हुए हैं। जिसके कारण यह क्रमशः व्यापारिक घाटे की आजीविका रह गई है। वर्तमान में भी परिस्थिति बहुत ज्यादा बदली नहीं हैं। कारीगरी क्षेत्र (बहुत सारी नई कारीगरी विधाओं के साथ अभी भी देश में कृषि के बाद सबसे बड़ा रोजगार प्रदायक क्षेत्र है। विभिन्न अध्ययनों के माध्यम से देश में कारीगरी पर आधारित जनसंख्या 25 से 30 करोड़ आंकी गई है। परंतु जिस तरह का आर्थिक व्यवस्था तंत्र कृषि क्षेत्र के लिए प्रदान किया जाता रहा है- विशालकाय ऋण माफी कार्यक्रम, ऋण प्रदायक तंत्र (किसान क्रेडिट कार्ड, फसल ऋण, कृषि सहकारी समितियाँ, कॉपरेटिव बैंक, व्यवसायिक और निजी बैंक, खाद एवं बीज आदि में मिलने वाली विशालकाय छूट, विभिन्न तरह की तकनीकी सहायता तंत्र) स्वतंत्र मंत्रालय, विभिन्न विभाग, कृषि विश्वविद्यालय, महाविद्यालय, सरकारी एवं गैर-सरकारी रिसर्च संस्थाएँ, देश भर में फैला कृषि विज्ञान केन्द्रों का जाल, इत्यादि। भंडारण एवं विपणन तंत्र (समर्थन मूल्य, विपणन संघ, बोर्ड, निगम, निगम और इन सबके द्वारा संचालित ढेर सारे छूट कार्यक्रम, इत्यादि) फसल बीमा एवं इसके अलावा अनेकों व्यवस्था जनित तंत्र, बजटीय प्रावधान, इत्यादि के मुकाबले संपूर्ण कारीगरी क्षेत्र एकदम अछूता सा रह गया है। कृषि क्षेत्र के मुकाबले लगभग आधी जनसंख्या के ‍कारीगरी‍ क्षेत्र में आश्रित रहने के बावजूद कृषि क्षेत्र में किए जा रहे सरकारी खर्च और प्रयासों की तुलना में एकदम नगण्य सा हिस्सा ही कारीगरी क्षेत्र में किया जा रहा है। जिस तरह का प्रोत्साहन एवं सहयोग-तंत्र कृषि क्षेत्र के लिए कार्य कर रहा है लगभग उतना ही, बल्कि उससे भी विशाल प्रोत्साहन एवं विस्तृत सहयोग-तंत्र देश में बड़े उद्योगों एवं समाज में औद्योगीकरण को बढ़ावा देने के लिए कार्य कर रहा है। कृषि क्षेत्र में स्थापित एक स्वतंत्र कृषि मंत्रालय की 32 ही तरह उद्योग क्षेत्र में समन्वय के लिए भी एक स्वतंत्र उद्योग मंत्रालय सरकार के एक महत्वपूर्ण घटक के रूप में कार्य कर रहा है। इस पूरे व्यवस्था-तंत्र के माध्यम से समाज में बड़े उद्योगों को स्थापित करने, उनके व्यवस्थित संचालन एवं समाज में औद्योगीकरण को लगातार बढ़ावा देने के लिए सक्रिय कार्य होता रहा है। परंतु इस व्यवस्था में भी कारीगर, कारीगरी क्षेत्र और उससे संबंधित संपूर्ण कार्य हमारे मूलभूत उद्योग होने के बावजूद भी कहीं छूट गए है। कृषि और बड़े उद्योग, दोनों की तुलना में लगभग नहीं के बराबर का ध्यान, ऊर्जा, समय, खर्च और प्रयास कारीगरी के क्षेत्र की ओर किया जा रहा है। कृषि क्षेत्र में वर्तमान तरह की निर्भरता बढ़ने से पहले समाज के कारीगरी क्षेत्र में तरह-तरह का सामर्थ्य जहां-तहां सहज ही भरा पड़ा था। हम उद्योग-प्रधान देश होने के नाते न केवल कारीगरी एवं औद्योगिक कौशल के मामले में अग्रणी थे, बल्कि उससे भी बढ़िया हमारा व्यापारिक कौशल एवं कमाए हुए धन के बंटवारे की व्यवस्थाएँ थीं। वोट देना आज जरुरी क्यों हो गया है इसके लिए कुछ समय पहले की घटना को या राजनीति के निम्न स्तर को जानने की कोशिश करें कुछ समय पूर्व एक वीडियो बहुत तेजी से वायरल हुई जिसे हल्के में नहीं लेना चाहिए एक विचारधारा पर चलते है राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव ने सावन के महीने में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के साथ मटन तैयार कर उसका सेवन किया। दोनों नेताओं के जब वीडियो वायरल हुए तो लोगों ने कहा कि इनका सावन जैसे पवित्र महीने से कोई लेना देना नहीं है। अब नवरात्रि में लालू के बेटे और राज्य के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने मछली का आनंद लेते हुए वीडियो शेयर किया है। जिसको लेकर सियासी विवाद शुरू हुआ। दरअसल, नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने सोशल मीडिया में एक वीडियो पोस्ट किया, इसमें यह देखा जा सकता है कि तेजस्वी यादव की बगल में वीआइपी नेता मुकेश सहनी बैठे थे और दोनों नेता भोजन कर रहे थे। तेजस्वी यादव बता रहे हैं कि मुकेश सहनी अपने घर से छेचढ़ा मछली बनवा कर लाए। वीडियो में तेजस्वी यादव यह कहते हुए देखे गए कि इस भुनी हुई मछली के साथ रोटी, प्याज, मिर्च और नमक भी था। इसके अलावा भीषण गर्मी में लू न लगे और चुनाव प्रचार जोरशोर से जारी रहे इसलिए भोजन के साथ सत्तू, तरबूज, बेल के शरबत के साथ मट्ठा भी था। बता दें कि अगस्त 2023 में राहुल गांधी ने लालू यादव से मटन बनाना सीखा था। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और नेता राहुल गांधी ने इसका वीडियो अपने सोशल मीडिया पर शेयर किया था और इसमें वो मटन की सीक्रेट रेसिपी के साथ-साथ राजनीति के गुर भी लालू यादव से सीखते नजर आ रहे थे। लालू यादव की बड़ी बेटी मीसा भारती के दिल्ली स्थित आवास पर राहुल गांधी ने लालू परिवार संग न सिर्फ बिहारी मटन का स्वाद चखा था जिसको लेकर राजनीति भी गर्म हो गई थी। दरअसल, लालू यादव ने सावन के महीने में मटन खाया था, जबकि बिहार में हिंदू लोग सावन को पवित्र महीना मानते हैं और मांसाहार का सेवन नहीं करते हैं। लेकिन, लालू यादव ने न केवल मटन बनाने में राहुल गांधी की मदद की बल्कि पूरे परिवार संग इसका लुत्फ भी उठाया था। इसको लेकर उनपर खूब सियासी हमले किए गए थे। जब राहुल जी को महाशय लालू जी कुछ समझ ही नहीं रहें है तो यह रिमोट से चलने वाला होगा, इस वीडियो में सहनी दावा कर रहे हैं कि महागठबंधन बिहार की सभी 40 सीटे जीत जायेंगे। साथ ही भोजन के बारे में बताते हुए मुकेश सहनी ये भी कहे कि वीडियो को देख काफी लोगों को मिर्ची भी लगेगी। ऐ क्या दशार्ता है देश यदि गलती से इसके कमान में गया तो बिहार तो पहले से ही माफियाओ के साथ बंधा है कहीं देश ना माफियाओ का शिकार हो जाए चुनाव प्रचार के बीच एक्स मीडिया पर पोस्ट किए गए वीडियो को अब तक काफी लोग देख चुके हैं और इस पर काफी नकारात्मक प्रतिक्रियाएं सामने आयी। अब ऐसे लोगों के हाथ में भारत को सौंप देंगे तो भारत माता का शर्म से मस्तिष्क झुक जायेगा भारत जो सोने की चिड़िया है उसकी नजर विदेशों पर भी है यहाँ माइंस काफी है और काफी नेचुरल रिसोर्स है और विदेश में भी नेताओं लोग खूब जाकर बुराई करते हैं उसे भारत पर एक दबाब की राजनीती बनाने का सुनहरा अवसर मिल जायेगा अतः बचे हुए चरणों में बहुत सोच समझ कर वोट करें क्योंकि इंडि गठबंधन में कम्युनिस्ट पार्टी भी है जो किसी ना किसी रूप से चीन का भला चाहती है। अतः एक अच्छे मानसिकता के साथ देश के विकास हेतु मतदान करें नहीं समझ आता है तो नोटा पर दे दीजिये ताकि एक वोट काटने के लिए दो वोट की आवश्यकता ना पड़े। सत्ता से विरोध है तो न्यूट्रल रहें लेकिन गलत लोगों को देकर मतदान और देश को बर्बाद होने का तनिक भी जोखिम ना लें अपने भारत माता को देखकर उनका आशीर्वाद लेकर वोट करें और देश के भविष्य को अच्छा करने की कोशिश करें।

## आखिर कथित शाहजादे का इतना खौफ क्यों है?

-राकेश अचल



देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी जी चुनाव का चौथा चरण आते-आते तक एकदम अमर्यादित हो गए हैं। वे जिस जबान का इस्तेमाल अस्सी साल के बूढ़े डॉ मनमोहन सिंह के लिए करते थे उसी जबान का इस्तेमाल पचास पार के राहुल गांधी के लिए कर रहे हैं। यहां तक कि वे अब खीज कर कह रहे हैं कि - कांग्रेस के शाहजादे की पार्टी को उनकी उम्र से कम सीटें मिलेंगी। मै कहता हूँ कि राहुल गांधी को एक भी सीट न मिले किन्तु प्रधानमंत्री जी को तो अपने शब्दों के गाम्भीर्य को नहीं खोना चाहिए। मोदी जी का मुकाबला कांग्रेस से नहीं बल्कि अपने आप से होना चाहिए था। आखिर कथित शाहजादे का इतना खौफ क्यों है मोदी जी को? देश और दुनिया देख रही है कि माननीय मोदी जी ही नहीं बल्कि उनकी पूरी टीम की बौखहेत में लगातार इजाफा हो रहा है। वे हिंदी शब्दकोश के सबसे परित्यक्त शब्दों का इस्तेमाल कर अपनी गरिमा समाप्त करने में लगे हैं। दुर्भाग्य ये है कि देश का केंद्रीय चुनाव आयोग माननीय और उनकी फौज को इस मामले में हटक नहीं सकता ,अन्यथा सत्तारूढ़ दल के नेताओं के तमाम ब्यान ऐसे हैं जो उन्हें चुनाव प्रचार से बाहर करने के लिए काफी हैं। लेकिन जब सैयां ही कोतवाल हो तो डर काहे का? केंचुआ मोदी जी और उनकी कम्पनी को हड़काने के बजाय पूरे विपक्ष को हड़काने में लगा है। मोदी जी और उनकी फौज शायद नहीं जानती कि सत्ता हरजाई होती है। ये किसी की नहीं होती . जनता सत्ताधीशों को रोटी की तरह उलटती -पलटती रहती है ,इसलिए सत्ता से चिपके रहने में किसी की भलाई नहीं। कांग्रेस को भी सत्ता से बाहर जाना पड़ा और एक बार नहीं ,अनेक बार। भाजपा को भी सत्ता से बाहर जाने के लिए हर समय कमर कसकर तैयार रहना चाहिए। वैसे भी भाजपा भले ही एक दशक से सत्ता में है किन्तु उसका व्यवहार विपक्षी दलों जैसा ही है। भाजपा खुद जबाबदेह न हो कर हमेशा कांग्रेस से सवाल करती है। भूल जाती है कि कांग्रेस को सत्ता से बाहर गए एक दशक हो चुका है। अब देश की दशा,दुर्दशा के लिए कांग्रेस को नहीं बल्कि भाजपा को ही कोसा जाएगा,निशाने पर लिया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चतरा की सभा में कहा कि लोकसभा चुनाव 2024 के बीच ‍इंडिया‍ अलायंस ने अपनी हार मान ली हैं। पीएम मोदी ने बिना नाम लिए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा- शहजादे को उनकी उम्र से भी कम सीटें मिलेंगी। प्रधानमंत्री ने कहा- ‍तीन चरणों के चुनाव के बाद ही कांग्रेस और उसके साथियों ने एक तरह से अपनी हार स्वीकार कर ली है। तीन चरण का मतदान अभी मशीनों में कैद है किन्तु केंद्रीय गृहमंत्री अपनी तीसरी आँख से देखकर कह रहे हैं की भाजपा 190 सीटें तो जीत चुकी है। जाहिर है कि दाल में काला ही काला है अन्यथा इस तरह की गैरजिम्मेदाराना बात कौन करता है? मुझे दरअसल आज मातृ दिवस पर राजनीति की राजमाताओं के बारे में लखना था ,लेकिन मोदी जी ने मुझे ऐसा नहीं करने दिया। वे उस राहुल गांधी को शाहजादा कहते हैं जो एक दशक से सत्ता से दूर है। उनकी नजर में राहुल की माँ और दादी ही नहीं बल्कि नाना भी किसी मुगलिया खानदान के हैं। मोदी जी के मन से अपनी हैसियत की दीनता जाने का नाम नहीं ले रही। वे इसीलिए लगातार राहुल-राहुल का नाम जपते रहते हैं। पूरे चुनाव अभियान में शुरू के चार दिन छोड़ दें तो सत्तारूढ़ भाजपा अपने चुनाव घोषणा पत्र और दस साल की उपलब्धियों पर बोलने के बजाय केवल और केवल कांग्रेस तथा राहुल पर केंद्रित है। कभी भाजपा को कांग्रेस का मुसलमान प्रेम खलता है तो कभी वे कांग्रेस के सत्ता में आने पर विरासत कर लगाने की बात करते हैं और जब कुछ नहीं बचता तो कांग्रेस के शुभचिंतक रहे अमरीका में रहने वाले सैम अंकल के विचारों को कांग्रेस का विचार मानकर हल्ला मचाने लगते हैं। अगर कल मतदान का चौथा चरण न होता तो तय मानिये मैं मोदी जी के मातृप्रेम के बारे में लिखता, राहुल गाँधी, ज्योतिरादित्य सिंधिया के अलावा देश के तमाम राजनेताओं के मातृप्रेम का उल्लेख करता लेकिन मोदी जी तो अपनी माताराम के स्वर्गवास के बाद किसी की माँ को माँ मानते ही नहीं दिखाई दे रहे। वे राहुल की माँ को भी अपना राजनितिक शत्रु मानते हैं जबकि श्रीमती सोनिया गाँधी उनसे पुरानी नेता हैं। वे १९९१ से देश के सबसे बड़े राजनितिक दल कांग्रेस का प्रत्यक्ष और परोक्ष नेतृत्व कर रहीं हैं। मोदी जी जब अपने गुजरात के मुख्यमंत्री भी नहीं बने थे तब सोनिया गाँधी संसद में प्रतिपक्ष की नेता थीं। यानि संसदीय जीवन में भी वे माननीय मोदी से कम से कम डेढ़ दशक वरिष्ठ हैं। बहरहाल मसला ये है कि मोदी जी अपनी जबान का कड़वापन कब दूर कर पाएंगे। उनकी जबान की कड़वाहट विपक्षी दलों के लिए ही नहीं बल्कि अपनी पार्टी के नेताओं के लिए भी हैं। खासतौर पर उन भाजपा नेताओं के लिए जो या तो उनके समक्ष हैं या उनके लिए प्रतिद्वंदी बन सकते हैं। देश में चुनाव तो होते आये हैं और आगे भी होंगे। मोदी जी लाख कोशिश कर लें किन्तु ये देश उनके सपनों का देश नहीं बन सकता। यहां का संविधान, खानपान, भाईचारा बदलने वाला नहीं है। यहां का 20 करोड़ मुसलमान देश छोड़कर जाने वाला नहीं है। वो यही रहकर मुल्क की तरक्की में भागीदारी करेगा। हमारे बुंदेलखंड में एक कहावत है कि - कौवों के कोसने से ढोर नहीं मरा करते अर्थात मोदी जी और उनकी पार्टी देश के मुसलमानों को भले ही भारतीय न माने ,भले ही उन्हें हौवा बनाकर राजनीति करे किन्तु अब मुसलमान देश की एक हकीकत हैं उन्हें दोयम दर्जे का नागरिक नहीं बनाया जा सकता। लोकसभा चुनाव के लिए शेष चार चरणों के मतदान के बाद क्या परिणाम आएंगे ये बाद की बात है ,किन्तु अभी इस बात की सख्त जरूरत है कि नेताओं को बेलगाम होने से रोका जाये। अदावत,नफरत की सियासत पर रोक लगाईं जाये अन्यथा जैसे तमाम गलतियों के लिए भाजपा आज कांग्रेस को पानी पी-पीकर कोसती है वैसे ही आने वाले कल में भाजपा को भी कोसा जा सकता है। अभी भी समय है सम्हलने का। भाजपा को अटल बिहारी भाजपा बनाने की कोशिश होना चाहिए न की मोशा वाली भाजपा।

## संत कवि सूरदास की कृष्ण आराधना

- संजय गोस्वामी

हिंदू कैलेंडर के अनुसार, वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को सूरदास जी का जन्म हुआ था। इसलिए हर साल इस दिन को सूरदास जयंती के रूप में मनाया जाता है। अतः सूरदास की जयंती 12 मई 2024 को है। उनके पिता का नाम पंडित था। रामदास सारस्वत ब्राह्मण और माता का नाम जमुना दास था। सूरदास के पिता एक प्रसिद्ध गायक थे। सूरदास के जन्मांध होने की कई कहानियाँ प्रचलित हैं। कुछ विद्वानों का मानना है कि वह जन्म से ही अंधे थे, जबकि अन्य का मानना है कि वह बाद में अंधे हो गये। फरीदाबाद के निकट जी गाँव में उनका जन्म हुआ था वे जन्म से ही अंधे थे इसलिए उनका नाम सूरदास हुआ उन्होंने सूरसागर आदि महान रचनाओं की रचना की थी। सूरदास ने अपनी प्राथमिक शिक्षा अपने पिता से प्राप्त की। उसके बाद उन्होंने संस्कृत, व्याकरण, साहित्य और संगीत का अध्ययन किया। वह एक कुशल गायक और कवि थे। एक बार सूरदास की भेंट श्री वल्लभाचार्य से आगरा के निकट गऊघाट पर हुई। वल्लभाचार्य ने उन्हें पुष्टिमार्ग में दीक्षित किया और कृष्णलीला के पद गाने का आदेश दिया। वल्लभाचार्य के शिष्य के रूप में सूरदास ने कई वर्षों तक कृष्णलीला के कई पद गाए और लिखे। सूरदास को वल्लभाचार्य का शिष्य माना जाता है। वे मथुरा के गऊघाट स्थित श्रीनाथ जी के मंदिर में रहते थे। सूरदास का भी विवाह हो गया। आपको बता दें कि अलग होने से पहले वह अपने परिवार के साथ रहते थे। वल्लभाचार्य से मिलने से पहले सूरदास विनम्रता के पद गाते थे, लेकिन जब वे वल्लभाचार्य से मिले और उनके संपर्क में आए तो उन्होंने कृष्णलीला गाना शुरू कर दिया। कहा जाता है कि तुलसी की मुलाकात एक बार मथुरा में सूरदास जी से हुई और धीरे-धीरे उनके बीच प्रेम की भावना बढ़ती गई। ऐसा माना जाता है कि तुलसीदास ने सूरदास के प्रभाव में आकर श्री कृष्ण गीतावली की रचना की थी। सूरदास की सबसे प्रसिद्ध रचना सूरसागर है। यह एक महाकाव्य है जिसमें कृष्णलीला का वर्णन है। इस महाकाव्य में सूरदास ने कृष्ण के बचपन से लेकर उनके द्वारिका प्रवास तक की घटनाओं का वर्णन किया है। इस रचना ने सूरदास को हिन्दी साहित्य का सूर्य बना दिया। वह अपनी रचना सूरसागर के लिए बहुत प्रसिद्ध हैं। ऐसा माना जाता है कि उनके काम में लगभग 100000 गाने हैं, लेकिन आज केवल 8000 ही बचे हैं। इन गीतों में कृष्ण के बचपन और उनकी लीलाओं का वर्णन किया गया है। सूरदास अपनी कृष्ण भक्ति के साथ-साथ अपनी प्रसिद्ध रचना सूरसागर के लिए भी जाने जाते हैं। सूरदास की अनेक गद्य कृति है। इसमें सूरदास ने अपने जीवन और अनुभवों का वर्णन किया है। साहित्य लहरी 118 छंदों की एक लघु रचना है। यह सूरदास की एक काव्य रचना है। इसमें नल और दमयंती के प्रेम प्रसंग का वर्णन है। यह सूरदास की अनेक काव्य रचना भगवान कृष्ण के प्रति सच्ची भक्ती को दशार्ता है। इसमें कृष्ण और राधा के प्रेम प्रसंग का वर्णन है। सूरदास एक महान भक्त कवि थे। उन्होंने अपने काव्य में कृष्ण भक्ति की अनूठी भावना का परिचय दिया। सूरदास एक कुशल कवि थे। उन्होंने अपने काव्य में ब्रज भाषा का सुन्दर प्रयोग किया है। सूरदास एक भावुक कवि थे। उन्होंने अपने काव्य में कृष्ण भक्ति के भावपूर्ण रूप को व्यक्त किया है। सूरदास हिन्दी साहित्य के महान कवि थे। उनकी कृतियों ने हिन्दी साहित्य को गौरवान्वित किया है। उनकी कविता का प्रभाव हिन्दी साहित्य के परवर्ती कवियों पर पड़ा।

## आज का राशिफल

**मेष** – आज हर मामले में बहुत सचेत रहने की जरूरत है। वरना कोई आपको धोखा दे सकता है।

**तुला** – आज आपके पराक्रम में वृद्धि होगी। न्यायिक मामलों में आपकी विजय होगी।

**वृषभ** – नई परेशानी पैदा हो सकती है। काम की अधिकता के कारण आपकी सेहत बिगड़ सकती है।

**वृश्चिक** – आज आपको आर्थिक लाभ होगा। कारोबार में निवेश से जुड़ी योजनाएं सफल होंगी।

**मिथुन** – आज आर्थिक लाभ का दिन है और आज आपका मूड सुबह से ही बहुत अच्छा रहेगा।

**धनु** – आर्थिक लाभ का दिन है और आज आपको संतान पक्ष के लोगों से हर्षवर्धक समाचार मिलेगा।

**कर्क** – राजनीतिक क्षेत्र में सफलता प्राप्त होगी। बड़े बुजुर्ग कार्यक्षेत्र में हरेक प्रकार की मदद करेंगे।

**मकर** – कारोबार में सफलता मिलेगी। आपको कोई सुव्यवस्था करने में वक्त लगाना पड़ सकता है।

**सिंह** – समस्याओं वाला होगा। आज आपके घर में आपस में लोगों की किसी कारण से खटपट हो सकती है।

**कुंभ** – आज आपको कोई नई सफलता प्राप्त होगी। बेहतर होगा कि लेनदेन के मामले में सावधानी रखें।

**कन्या** – आज आपको राजनीतिक व सामाजिक क्षेत्र में तनाव का सामना करना पड़ सकता है।

**मीन** – आज का दिन सफलता से भरा होगा। आपके परिवार में प्रेम और आदर की भावना रहेगी।

## विशेष

## भाजपा के नहले पर केजरीवाल का दहला

भारतीय जनता पार्टी जिस तरह से विपक्ष के राजनीतिक दलों में सेंध लगाती है। विपक्ष में फूट डालकर राजनीतिक फायदा उठाती है। जेल से छूटने के बाद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने वही रास्ता अख्तियार किया है। उन्होंने भाजपा से पूछा है,उनका अगला प्रधानमंत्री कौन है। 75 साल की उम्र में नरेंद्र मोदी सेवानिवृत्ति होंगे। वह अपनी विरासत अमित शाह को सौंपेंगे? मोदी की गारंटी कौन पूरा करेगा। भाजपा बताए अगला प्रधानमंत्री कौन होगा। इसी तरह से उन्होंने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भी निशाने पर लिया है। जिस तरह से भाजपा अपने विपक्षी दलों को घेरती है। उनमें फूट डालने का प्रयास करती है। वैसा ही केजरीवाल ने भाजपा को घेरने का प्रयास किया है। अब भाजपा को जवाब देना पड़ रहा है। गृहमंत्री अमित शाह ने बोल दिया है, कि 75 साल की उम्र सीमा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर लागू नहीं होगी। 2029 का कार्यकाल मोदी पूरा करेंगे। आगे भी वही प्रधानमंत्री बने रहेंगे। संविधान में प्रधानमंत्री पद के लिए उम्र की सीमा की कोई व्यवस्था नहीं है। जेल में रहते हुए कोई मुख्यमंत्री सरकार नहीं चला सकता है। ऐसी कोई व्यवस्था संविधान में नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह के जरिए उन्होंने भाजपा की दूसरी पीढ़ी को यह बता दिया है कि भाजपा में उनके लिए कोई स्थान नहीं है। नहले पर दहला मारना केजरीवाल ने जेल में सीख लिया है। यही कहा जा सकता है।

## कार्टून कोना




## आज का इतिहास

1503: स्पेनी फौजे फ्रांसिसियों को पराजित कर नेपल्स पहुंची. 1648: दिल्ली का लाल किला बनकर पूरा हुआ. 1809: फ्रांस ने विएना पर कब्जा किया. 1830: इक्वाडोर गणराज्य बना. 1888: ब्राजील की संसद ने दास प्रथा समाप्त करने का प्रस्ताव पारित किया. 1968: अमरीका और उत्तर वियतनाम के बीच शांति वार्ता पेरिस में शुरू हुई. 1969: मलेशिया में दंगो में एक सौ से अधिक लोग मारे गए. 1972: ओसाका, जापान में नाइट क्लब में लगी आग से 46 लोगों की मृत्यु. 1992: अमरीकी अंतरिक्ष शटल इंडेवर के तीन अंतरिक्ष यात्री ने अंतरिक्ष में तैरकर इनसैट-6 की मरम्मत की. 1993: एजर बिजमेन ने इजरायल के राष्ट्रपति पद की शपथ ली. 1996: बंगलादेश में समुद्री तूफान से छह सौ से अधिक लोग मारे गए, 1999: पेरू और इक्वाडोर का सीमा विवाद हल हुआ.

## दैनिक पंचांग

**13 मई 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मेष में | वृष | 05.29 बजे से |
| चंद्र | कर्क में | मिथुन | 07.27 बजे से |
| मंगल | मीन में | कर्क | 09.40 बजे से |
| बुध | मेष में | सिंह | 11.56 बजे से |
| गुरु | वृष में | कन्या | 14.08 बजे से |
| शुक्र | मेष में | तुला | 16.19 बजे से |
| शनि | कुंभ में | वृश्चिक | 18.34 ब.से |
| राहु | मीन में | धनु | 20.50 बजे से |
| केतु | कन्या में | मकर | 22.55 बजे से |
| राहुकाल | | कुंभ | 00.41 बजे से |
| 7.30 से 9.00 | | मीन | 02.14 बजे से |
| बजे तक | | मेष | 03.45 बजे से |

**सोमवार** 2024 वर्ष का 134 वां दिन
**दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** ग्रीष्म।
**विक्रम संवत्** 2081 **शक संवत्** 1946
**मास** वैशाख **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** षष्ठी 02.51 बजे रात्र को समाप्त।
**नक्षत्र** पुनर्वसु 11.24 बजे को समाप्त।
**योग** शूल 07.41 बजे को समाप्त।
**करण** कौलव 14.22 बजे तदनन्तर तैतिल 02.51 बजे रात्र को समाप्त।
**चन्द्रायु** 04.9 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 18° 27'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1871978
**जूलियन दिन** 2460443.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2550
**हिजरी सन्** 1445
**महीना** जिल्काद
**तारीख** 04
**विशेष** रामानुजाचार्य जयंती, स्कंद षष्ठी।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अमृत | 05.53 से | 07.22 बजे तक | चर | 05.43 से | 07.14 बजे तक |
| काल | 07.22 से | 08.50 बजे तक | रोग | 07.14 से | 08.45 बजे तक |
| शुभ | 08.50 से | 10.19 बजे तक | काल | 08.45 से | 10.17 बजे तक |
| रोग | 10.19 से | 11.48 बजे तक | लाभ | 10.17 से | 11.48 बजे तक |
| उद्वेग | 11.48 से | 01.17 बजे तक | उद्वेग | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| चर | 01.17 से | 02.45 बजे तक | शुभ | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| लाभ | 02.45 से | 04.14 बजे तक | अमृत | 02.51 से | 04.2 बजे तक |
| अमृत | 04.14 से | 05.43 बजे तक | चर | 04.22 से | 05.53 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

# लोकसभा चुनावों के बीच हरियाणा में बड़ा 'खेला'

### नायब सैनी सरकार से रूठे तीन निर्दलीय विधायक, और हो गया खेला....



**तीन निर्दलीय विधायकों ने तो बाकायदा प्रेस कांफ्रेंस करके अपने समर्थन वापसी का ऐलान कर दिया है। यह सब ऐसे वक्त पर हुआ है जब राज्य में कुछ दो महीने पहले ही नेतृत्व परिवर्तन हुआ था। नायब सैनी सरकार से जिन निर्दलीय विधायकों ने समर्थन वापस लिया है।**

लोकसभा चुनावों के बीच में हरियाणा में बड़ा राजनीतिक ट्विस्ट आया है। दो महीने पहले राज्य में सत्ता परिवर्तन के वक्त पर सरकार के साथ रहे तीन निर्दलीय विधायकों ने अब राज्य में कांग्रेस के उम्मीदवारों का समर्थन और प्रचार करने का ऐलान किया है। तीनों विधायकों ने आधिकारिक तौर पर समर्थन वापस लेने का भी ऐलान कर दिया है।

लोकसभा चुनावों के बीच दिल्ली से सटे हरियाणा में राजनीतिक उथल-पुथल सामने आई है। राज्य में नायब सैनी सरकार को समर्थन दे रहे तीन निर्दलीय विधायकों के नाराज होकर अपने समर्थन वापस ले लिया है। इस विधायकों के साथ कांग्रेस का समर्थन करने का ऐलान किया है। तीन निर्दलीय विधायकों ने तो बाकायदा प्रेस कांफ्रेंस करके अपने समर्थन वापसी का ऐलान कर दिया है। यह सब ऐसे वक्त पर हुआ है जब राज्य में कुछ दो महीने पहले ही नेतृत्व परिवर्तन हुआ था। नायब सैनी सरकार से जिन निर्दलीय विधायकों ने समर्थन वापस लिया है। उनमें पुंडरी के विधायक रणधीर गोलन, नीलोखेड़ी के विधायक धर्मपाल गोंदर व चरखी दादरी के विधायक सोमवीर सांगवान शामिल हैं। हरियाणा के रोहतक में तीन निर्दलीय विधायकों ने कांग्रेस के प्रदेश प्रमुख उदयभान की मौजूदगी में बीजेपी सरकार से समर्थन वापसी की घोषणा की। इन विधायकों ने कांग्रेस को समर्थन देने का ऐलान किया।

### कांग्रेस के समर्थन का ऐलान

नायब सैनी सरकार ने ध्वनिमत से विश्वासमत हासिल किया था। निर्दलीय चार विधायकों ने लोकसभा चुनावों में कांग्रेस के लिए चुनाव प्रचार करने का ऐलान किया है। 2019 के विधानसभा चुनावों में बीजेपी ने हरियाणा की 90 सदस्यीय विधानसभा में 40 सीटें जीती थी। कांग्रेस पार्टी को 31 सीटें मिलीं थी। 10 सीटों पर जेजेपी को जीत मिली थी। 7 सीटें निर्दलीयों के पास गई थी। एक सीट हरियाणा लोकहित पार्टी और 1 सीट इनेलो को मिली थी। वर्तमान में विधानसभा की दो सीटें खाली हैं। इनमें करनाल और रानिया सीटें हैं। करनाल सीट पर लोकसभा के साथ उपचुनाव हो रहा है। ऐसे में वर्तमान में हरियाणा की विधानसभा में कुल विधायकों की संख्या 88 है। हरियाणा में छठवें चरण में लोकसभा चुनाव हैं। बीजेपी राज्य में सभी 10 सीटों पर लड़ रही है तो वहीं कांग्रेस नौ और आम आदमी पार्टी 1 सीट पर चुनाव मैदान में है।

### दौलताबाद भी हैं नाराज!

चौथे विधायक राकेश दौलताबाद ने भी कांग्रेस के लिए चुनाव प्रचार करने का ऐलान किया है। दौलताबाद गुरुग्राम की बादशाहपुर सीट से विधायक हैं। राकेश दौलताबाद 2019 के विधानसभा चुनावों में बीजेपी के मनीष यादव को हराकर ही विधानसभा पहुंचे थे। बीजेपी ने मनोहर लाल के पहले कार्यकाल में पीडब्ल्यूडी मंत्री राव नरबीर सिंह का टिकट काटकर मनीष यादव को मैदान में उतारा था। दौलताबाद ने निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर जीत हासिल की थी। हरियाणा के साढ़े नौ साल तक मुख्यमंत्री रहे मनोहर लाल करनाल लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रहे हैं तो वहीं मौजूदा सीएम नायब सैनी करनाल विधानसभा सीट से चुनाव मैदान में हैं।

**तेलंगाना में एक मिनी पूर्वांचल भी बसता है जोकि वहां की राजनीति में अच्छी खासी दखल रखता है। साथ ही सरकार चुनने में भी बड़ी भागीदारी निभाता है। इसी वजह से चुनाव में हर दल इन्हें साधने का प्रयास करते हैं। जानिए किसे कहते हैं मिनी पूर्वांचल और क्या हैं यहां के लोगों के मुद्दे। पूर्वांचल (उत्तर प्रदेश-बिहार-झारखंड) के लोगों के बारे में आम धारणा है कि जहां होते हैं, मजदूरी करते हैं, लेकिन हैदराबाद और उसके आसपास के क्षेत्रों में सरकार चुनने में भी उनकी बड़ी भागीदारी होती है। ग्रेटर हैदराबाद में भी 'मिनी पूर्वांचल' बसता है, जो दक्षिण भारत के राजनीतिक चालों और नारों से दूर अपने श्रम की ताकत से उस राज्य की हैसियत को आगे बढ़ाता है।**

# तेलंगाना की राजनीति में 'मिनी पूर्वांचल' अहम फैक्टर

### सरकार बनाने में रखते हैं दखल, दलों के सामने इन्हें साधने की चुनौती

तेलंगाना में एक मिनी पूर्वांचल भी बसता है जोकि वहां की राजनीति में अच्छी खासी दखल रखता है। साथ ही सरकार चुनने में भी बड़ी भागीदारी निभाता है। इसी वजह से चुनाव में हर दल इन्हें साधने का प्रयास करते हैं। जानिए किसे कहते हैं मिनी पूर्वांचल और क्या हैं यहां के लोगों के मुद्दे। पूर्वांचल (उत्तर प्रदेश-बिहार-झारखंड) के लोगों के बारे में आम धारणा है कि जहां होते हैं, मजदूरी करते हैं, लेकिन हैदराबाद और उसके आसपास के क्षेत्रों में सरकार चुनने में भी उनकी बड़ी भागीदारी होती है। ग्रेटर हैदराबाद में भी 'मिनी पूर्वांचल' बसता है, जो दक्षिण भारत के राजनीतिक चालों और नारों से दूर अपने श्रम की ताकत से उस राज्य की हैसियत को आगे बढ़ाता है।

सैकड़ों फैक्ट्रियों के मजदूर से लेकर उद्योगपति और सुरक्षा गार्ड से लेकर शीर्ष पदाधिकारी तक करीब 15 लाख पूर्वांचली मतदाता तेलंगाना के सैकड़ों बूथों पर जाते हैं और चुपचाप प्रत्याशियों की किस्मत तय करते हैं। हैदराबाद समेत आसपास के क्षेत्रों में बिखरे ये मतदाता अपने गृह राज्यों की तरह जात-पात में बंटे नहीं होते। किसी पार्टी विशेष या प्रत्याशी के प्रति आग्रह-दुराग्रह भी नहीं रखते हैं।



### विकास है मुद्दा

तरक्की की तलाश में अपने गांव से सैकड़ों किलोमीटर दूर पलायन करके आए हैं, इसलिए विकास इनके एजेंडे में है। हाथ की जगह विकास ने ले ली है। तेलंगाना की राजनीति भी इनकी अहमियत को अच्छी तरह से समझने लगी है। बाहरी लोगों के श्रम के साथ ही वोटों की कीमत भी पहचानने लगी है।

यही कारण है कि समर्थन पाने के लिए तरह-तरह के तरीके अपनाए जाने लगे हैं। उत्तर भारतीय नेताओं और भोजपुरी कलाकारों से रोड-शो कराए जाते हैं। पांच महीने पहले तेलंगाना विधानसभा चुनाव के दौरान भोजपुरी गायक पवन सिंह एवं अक्षरा सिंह जैसे कलाकारों को हैदराबाद की सड़कों पर घुमाया जा चुका है। इस बार प्रत्याशी उत्तर भारतीय विभिन्न संगठनों के साथ बैठकें करने में जुटे हैं। भोजपुरी कलाकार खेसारी लाल यादव आठ मई को बीआरएस के समर्थन में प्रचार करेंगे।



### अर्थव्यवस्था को भी दे रहे गति



दक्षिण भारत में सबसे ज्यादा पूर्वांचल के लोग तेलंगाना में ही हैं। मुंबई-सूरत के बाद हैदराबाद उत्तर भारतीयों का बड़ा ठिकाना है। गृह राज्यों से सैकड़ों किलोमीटर दूर इस हाईटेक सिटी में आकर पूर्वांचल के लोग सिर्फ मजदूरी ही नहीं करते हैं, बल्कि तेलंगाना की अर्थव्यवस्था को भी गति दे रहे हैं। केसीआर की सरकार में राज्य के मुख्य सचिव से लेकर डीजीपी जैसे शीर्ष पद भी पूर्वांचलियों के हाथ में थे। वरिष्ठ पत्रकार देव कुमार पुखराज पूर्वांचलियों को हैदराबाद की लाइफ-लाइन बताते हैं। कहते हैं-बिहार और पूर्वी उत्तर प्रदेश के कामगार अगर काम करना बंद कर दें तो हैदराबाद संकट में आ जाएगा। इसीलिए कोरोना के समय केसीआर की सरकार ने बिहारी कामगारों का भरपूर ख्याल रखा था।

### पूर्वांचलियों के कई संगठन

हैदराबाद में पूर्वांचलियों ने अलग-अलग कई संगठन बना रखे हैं। बिहार एसोसिएशन मुख्य और मातृ संगठन है, जिससे सारे अन्य संगठन जुड़े हैं। उत्तर भारतीयों के तेलंगाना में रच-बस जाने की झलक पांच मई को मलकाजगिरी संसदीय क्षेत्र के सफीलगुडा रेलवे गेट के पास देखा गया। हैदराबाद में केंद्रीय गृहमंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह की जनसभा से तीन-चार घंटे पहले दोपहर की 49 डिग्री तापमान में झुलसते आम यात्रियों को राहत पहुंचाने के लिए बिहार सहयोग समिति और नार्थ पीपुल्स एसोसिएशन के लोग बटर मिल्क लेकर खड़े थे।

पटना के पास दानापुर के मूलनिवासी विनय कुमार यादव बिहार सहयोग समिति के अध्यक्ष हैं। उनके कर्मों में तेलंगाना है, लेकिन रगों में खाटी बिहारीपन है। तेलंगाना (तब अविभाजित आंध्रप्रदेश) में करीब सात दशक पहले उनके दादा के कदम पड़े थे। तीन पीढ़ियों के बाद भी विनय खुद को असली बिहारी बताते हैं और राजनीति में उसी तरह सक्रिय रहते हैं, जैसे बिहार-उत्तर प्रदेश के आम लोग।

### दर्जनों फैक्ट्रियों के मालिक हैं पूर्वांचली

सीतामढ़ी से 1991 में खाली हाथ आए राम गोपाल चौधरी की हैदराबाद में तीन फैक्ट्रियां हैं। सैकड़ों लोगों को नौकरी और हजारों को रोजगार दे रखा है। लगभग छह दशक पहले सीतामढ़ी से रामदेव मिश्रा आए थे। श्रम किया, संसाधन जुटाए, फैक्ट्री खोली और देखते-



देखते कामगार से नियोक्ता बन गए। आज हैदराबाद में सिर्फ सीतामढ़ी के श्रम-साधकों की दर्जनभर कंपनियां हैं, जिनसे हजारों पूर्वांचलियों को आर्थिक ताकत मिल रही है। रामदेव मिश्र नहीं रहे, पर उनके बेटे मानवेंद्र मिश्र खनन कारोबार में अच्छा दखल रखते हैं। उनकी मां डॉ. अहिल्या मिश्रा दक्षिण की प्रख्यात हिंदी सेवी के तौर पर राष्ट्रपति तक से सम्मानित हो चुकी हैं। इसी तरह रामजी मिश्रा के बेटे संजीव मिश्रा भी पिता की औद्योगिक विरासत को विस्तार दे रहे हैं। गया जिले के परमानंद शर्मा नौकरी करने आए थे। आज पाइप फैक्ट्री के मालिक हैं। औरंगाबाद जिले के एसएन शर्मा की सुरक्षा एजेंसी में पूर्वांचलियों के साथ स्थानीय लोग भी काम कर रहे हैं।

### पिछले चुनाव में किसे मिले कितने मत

- 41.7 प्रति. टीआरएस
- 19.7प्रति. भाजपा
- 29.8प्रति. कांग्रेस
- 2.8प्रति. एआइएमआइएम
- 0.5प्रति. जेएनपी

# उत्तर प्रदेश में नाराज ठाकुरों को मनाने के लिये राजनाथ-शाह ने संभाला मोर्चा

**उधर, ठाकुरों को मनाने के लिये मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भगवा चोले से निकल कर बाहर आने को मजबूर हो गये। वह पश्चिमांचल से लेकर पूर्वांचल तक में क्षत्रियों को मनाने की कसरत कर रहे हैं। इसी कड़ी में अब यूपी के ठाकुरों को मनाने के लिये बीजेपी की केन्द्रीय टीम भी उतर आई है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को भी ठाकुरों को मनाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है,तो केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी यूपी में क्षत्रिय समाज के बीच पैठ रखने वाले नेताओं से सम्पर्क में हैं। उधर, कहा यह भी जा रहा है कि लोकसभा चुनाव 2024 में जीत की हैट्रिक लगाने के लिए बीजेपी भले ही दावे कर रही है, लेकिन पीएम मोदी के नेतृत्व वाले एनडीए को इंडी गठबंधन के उम्मीदवारों से कड़ी टक्कर मिल रही है।**

बीजेपी में वरिष्ठ नेता व गृहमंत्री अमित शाह ने रूठे नेताओं की कमान संभाल ली है। शाह ने पहले बृजभूषण शरण सिंह से बात कर कैसरगंज सीट का हल निकाला और अब जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के मुखिया व कुंडा से विधायक रघुराज प्रताप सिंह राजा भैया से बेहद अहम मुलाकात की है। उत्तर प्रदेश में क्षत्रिय समाज की बीजेपी से नाराजगी ने पार्टी आलाकमान को हिला कर रख दिया है। इसी नाराजगी से डरा पार्टी आलाकमान कैसरगंज लोकसभा सीट से बृजभूषण शरण सिंह का टिकट काटने के बावजूद उनके बेटे को टिकट देने को मजबूर हो गया, वहीं पार्टी का शीर्ष नेतृत्व मैनपुरी में समाजवादी पार्टी के कुछ नेताओं द्वारा महाराणा प्रताप सिंह की मूर्ति के साथ छेड़छाड़ की घटना को भी खूब हवा दे रहा है, ताकि क्षत्रिय वोटरों को अपने पाले में खींचा जाये। दरअसल, चार मई को मैनपुरी में अखिलेश यादव के रोड शो के दौरान समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा महाराणा प्रताप की प्रतिमा के साथ छेड़छाड़ की गई और उनके हाथ में सपा का झंडा थमा दिया गया था, जिसे बीजेपी के नेताओं ने अपने बयान से बड़ा मुद्दा बना दिया। इसके साथ ही मैनपुरी में राष्ट्रनायक महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर अराजकता और उपद्रव करने के साथ ही प्रतिमा के साथ छेड़छाड़ करने वाले सपाई कार्यकर्ताओं पर मैनपुरी कोतवाली में एफआईआर दर्ज हो गई। वहीं, इस घटना से आक्रोशित लोगों ने दूसरे दिन महाराणा प्रताप चौक पर धरना दिया और अराजक सपाइयों के साथ ही सपा के लोकसभा प्रभारी और विधान सभा प्रभारी की गिरफ्तारी की मांग की। महाराणा प्रताप क मूर्ति से छेड़छाड़ की घटना को भुनाने के लिये बीजेपी के साथ उसके अनुवांशिक संगठन भी आगे आ गये हैं।

उधर, ठाकुरों को मनाने के लिये मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भगवा चोले से निकल कर बाहर आने को मजबूर हो गये। वह पश्चिमांचल से लेकर पूर्वांचल तक में क्षत्रियों को मनाने की कसरत कर रहे हैं। इसी कड़ी में अब यूपी के ठाकुरों को मनाने के लिये बीजेपी की केन्द्रीय टीम भी उतर आई है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को भी ठाकुरों को मनाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है,तो केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी यूपी में क्षत्रिय समाज के बीच पैठ रखने वाले नेताओं से सम्पर्क में हैं। उधर, कहा यह भी जा रहा है कि लोकसभा चुनाव 2024 में जीत की हैट्रिक लगाने के लिए बीजेपी भले ही दावे कर रही है, लेकिन पीएम मोदी के नेतृत्व वाले एनडीए को इंडी गठबंधन के उम्मीदवारों से कड़ी टक्कर मिल रही है। इसको देखते हुए बीजेपी हर एक सीट पर जीत दर्ज करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है।




इसी कड़ी में अब बीजेपी में वरिष्ठ नेता व गृहमंत्री अमित शाह ने रूठे नेताओं की कमान संभाल ली है। शाह ने पहले बृजभूषण शरण सिंह से बात कर कैसरगंज सीट का हल निकाला और अब जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के मुखिया व कुंडा से विधायक रघुराज प्रताप सिंह राजा भैया से बेहद अहम मुलाकात की है। सूत्रों का कहना है कि अमित शाह ने राजा भैया से मुलाकात कर कौशाम्बी सीट पर उनका समर्थन मांगा है। वहीं राजा भैया ने भी समर्थन देने की बात कह दी है। बता दें, राजा भैया को अपने पाले में लाने का प्रयास करके क्षत्रिय समाज की नाराजगी को कम करने का प्रयास किया है।

बताते चलें कुंडा से विधायक व बाहुबली नेता रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया हमेशा से चाहते थे कि कौशांबी लोकसभा सीट बीजेपी जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के लिए छोड़ दें। क्योंकि चाहे राज्यसभा चुनाव हो या अन्य मौके राजा भैया ने समय समय पर बीजेपी की मदद की है। सीएम योगी की तारीफ से लेकर बीते राज्यसभा चुनाव में सपा के विधायकों की बगावत में राजा भैया का अहम रोल रहा है। इसको लेकर कहीं ना कहीं किसी रूप में बीजेपी ने भी राजा भैया को आश्वस्त भी किया था। राजा भैया कौशांबी सीट से पूर्व सांसद शैलेंद्र कुमार को अपनी पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ना चाहते थे। लेकिन राजा भैया की बात नहीं बन पाई। बीजेपी ने दो बार के सांसद विनोद सोनकर को फिर से टिकट दे दिया है। कौशांबी लोकसभा सीट में कुंडा और बाबागंज विधानसभा सीट भी आती है, जहां राजा भैया की चलती है। यह दोनों ही सीट राजा भैया के प्रभाव वाली हैं। कुंडा से खुद राजा भैया लगातार चुनाव जीतते आ रहे हैं। साथ ही बाबागंज सीट से राजा भैया के करीबी विधायक हैं। ऐसे में जब हर सीट पर कांटे का मुकाबला हो रहा है। अब गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात के बाद अगर राजा भैया अगर बीजेपी प्रत्याशी की मदद कर देंगे तो कौशाम्बी सीट से बीजेपी की जीत तय हो जाएगी। कौशाम्बी से बीजेपी के उम्मीदवार की घोषणा करने के बाद से राजा भैया शांत हो गए थे। जानकार बताते हैं कि राजा भैया अंदर ही अंदर रणनीति तैयार कर रहे थे। इससे बीजेपी की मुश्किलें बढ़ सकती थी, इसी को लेकर अमित शाह को मोर्चा संभालना पड़ा। सूत्र बताते हैं कि कुंडा विधायक राजा भैया और गृहमंत्री अमित शाह की मुलाकात बैंगलुरू में हुई थी।

बीजेपी जिस तरह से यूपी में एड़ी-चोटी का जोर लगाये हुए हैं उसके आधार पर कुछ राजनैतिक पंडित कह रहे हैं कि असल में अबकी बार बीजेपी का 400 पर का नारा सिर्फ नारा ही लग रहा है, जमीनी हकीकत कुछ और ही है। इसकी भनक बीजेपी नेतृत्व को भी लग गई है। इसको लेकर बीजेपी नेतृत्व बहुत चिंतित है, इसलिए हर सीट पर जीत दर्ज करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। वहीं राजा भैया समर्थकों और बीजेपी उम्मीदवार विनोद सोनकर के बीच तनातनी की खबरें जगजाहिर है।

# वर्तमान कृषि में एकीकृत कृषि प्रणाली






## एकीकृत कृषि प्रणाली की आवश्यकता

भारत में जनसँख्या वृद्धि एक विकट समस्या हैं जहाँ एक और किसान के पास सीमित कृषक भूमि है वहीं दूसरी और सीमित सांसदों के रहते किसान को आवश्यक है की कृषि से अधिक से अधिक उपज प्राप्त हो सके इसलिए रसायनो का उपयोग कृषि में बढ़ता जा रहा है जिससे पर्यावरण प्रदूषित हो रहा है। कृषि में फसलोत्पादन अधिकतर मौसम आधारित होने के कारण विपरीत मौसम परिस्थितियों में आशान्वित उपज प्राप्त नहीं हो पाती। इससे कृषक आय पर प्रभाव पड़ता है जो की आर्थिक व् सामाजिक दृष्टिकोण से भी कृषक को प्रभावित करता है। इस हेतु यह आवश्यक हो गया है की कृषि में फसल के साथ साथ अन्य घटको को भी समेकित किया जाए जिससे किसान को सतत आय मिलती रहे साथ ही विभिन्न घटको के अवशेषों को भी संसाधनों के रूप में पुनर्चक्रण किया जाए जो पर्यावरण की दृष्टि से भी लाभकारी हो।




## एकीकृत कृषि प्रणाली क्या है ?

एकीकृत कृषि प्रणाली का तात्पर्य कृषि की उस प्रणाली से है जिसमे कृषि के विभिन्न घटक जैसे फसल उत्पादन, मवेशी पालन, फल तथा सब्जी उत्पादन, मधुमकखी पालन, वानिकी इत्यादि को इस प्रकार समेकित किया जाता हैं, वे एक दूसरे के पूरक हो जिससे संसाधनों की क्षमता, उत्पादकता एवं लाभप्रदता में पर्यावरण को सुरक्षित रखते हुए वृद्धि की जा सके इसे एकीकृत कृषि प्रणाली कहते है। यह एक स्व-सम्पोषित प्रणाली है इसमें अवशेषों के चक्रीय तथा जल एवं पोषक तत्वों आदि का निरंतर प्रवाह होता रहता है जिससे कृषि लागत में कमी आती है और कृषक की आमदनी में वृद्धि होती है साथ ही रोजगार भी मिलता है।

एकीकृत कृषि प्रणाली में एक उद्यम की दूसरे उद्यम पर अंर्तनिर्भरता समन्वित कृषि प्रणाली की मूल-भावना एक उद्यम की दूसरे उद्यम अंर्तनिर्भरता पर आधारित है। अतः समेकित कृषि प्रणाली में विभिन्न घटकों को एक निश्चित अनुपात में रखा जाता है जिससे विभिन्न उद्यम आपस में परस्पर सम्पूरक एवं सहजननात्मक संबंध स्थापित करके कृषि लागत में कमी लाते हुए आमदनी एवं रोजगार में वृद्धि कर सके।

## एकीकृत कृषि प्रणाली के सिद्धांत

यह प्रणाली मूलतः इस सिद्धांत पर आधारित है की इसमें समेकित घटक के बीच में परस्पर प्रतिस्पर्धा अधिक न हो और परस्पर पूरकता अधिक से अधिक हो और इसमें कृषि-अर्थशास्त्रीय प्रबन्धन के परिष्कृत नियमों का उपयोग करते हुए किसानों की आमदनी, पारिवारिक पोषण के स्तर और पारिस्थितिकीय प्रणाली से मिलने वाले लाभ सतत और पर्यावरण की दृष्टि से अनुकूल हो। इनके साथ ही जैव विविधता का संरक्षण, फसल/खेती की प्रणाली में विविधता और अधिकतम मात्रा में पुनर्चक्रण करना इस प्रणाली हेतु आवश्यक है।

### रोजगार

खेती के साथ अन्य गतिविधियों को अपनाने से मजदूरी की माँग उत्पन्न होती है जिससे पूरे साल परिवार के सदस्यों को काम मिलता है और उन्हें खाली नहीं बैठे रहना पड़ता। पुष्प उत्पादन, मधुमक्खी पालन और प्रसंस्करण से भी परिवार को अतिरिक्त रोजगार प्राप्त होता है। भोजन और पौष्टिक आहार की घरेलू आवश्यकता पूरा करना तथा बाजार पर निर्भरता घटाना।

### पुनर्चक्रण के द्वारा भूमि की उर्वरकता में सुधार

अपशिष्ट पदार्थों का पुनर्चक्रण कृषि प्रणालियों का अभिन्न अंग है। यह खेती से निकलने वाले अपशिष्ट पदार्थों के टिकाऊ निपटान का सबसे उपयोगी तरीका है। इससे पर्याप्त मात्रा में नाइट्रोजन, फास्फोरस और पोटेशियम के साथ-साथ बहुत से सूक्ष्म पोषक तत्वो का भी खेतों में ही पुनर्चक्रण के माध्यम से उपयोग किये जा सकते हैं।

## संसाधनों का विविध उपयोग

एकीकृत कृषि प्रणाली की उत्पादकता और लाभप्रदता बढ़ाने के लिये भूमि और जल जैसे संसाधनों का विविधतापूर्ण उपयोग बेहद जरूरी है। वर्षा जल को जल संग्रहण संरचना बनाकर एकत्रित किया जा सकता है व् इस जल का उपयोग फल वृक्षों को लगाने में या सब्जी उत्पादन में पूरक सिचाई हेतु किया जा सकता है। जिससे छोटे काश्तकारों की आमदनी बढ़ाने, उनके पौष्टिक आहार के स्तर में सुधार और रोजगार के अवसर बढ़ाने में मदद मिल सकती है।

छोटे और सीमान्त कृषकों के खेती के अपशिष्ट पदार्थों के फिर से इस्तेमाल की व्यवस्था करने से उर्वरकों का उपयोग कम करने में भी मदद मिलेगी जिसका सकारात्मक असर पड़ेगा।

## एकीकृत कृषि प्रणाली के लाभ

### उत्पादकता

एकीकृत कृषि प्रणाली में फसल और इससे सम्बन्धित उद्यमों में सघनता से उपज और आर्थिक/इकाई समय का इजाफा होता है। भारत में किये गए कई अध्ययनों से पता चला है कि समन्वित कृषि दृष्टिकोण अपनाने से छोटे और सीमान्त किसानों की आजीविका में महत्त्वपूर्ण सुधार हुआ है।


### कृषक आय में लाभ

एकीकृत कृषि प्रणाली खेतों के स्तर पर अपशिष्ट पदार्थों का परिष्कार करके उसे दूसरे घटक को बिना किसी लागत या बहुत कम लागत पर उपलब्ध कराने का समग्र अवसर प्रदान करती है। इस तरह एक उद्यम से दूसरे उद्यम के स्तर पर उत्पादन लागत में कमी लाने में मदद मिलती है। इससे निवेश किये गए प्रत्येक रुपए से काफी अधिक मुनाफा मिलता है। अपशिष्ट पदार्थों के पुनर्चक्रण से आधानों के लिये बाजार पर निर्भरता कम होती है

## जोखिमों में कमी

एकीकृत कृषि प्रणाली दृष्टिकोण अपनाने से खेती के जोखिमों को कम करने, खासतौर पर बाजार में मंदी और प्राकृतिक आपदाओं से उत्पन्न खतरों से बचाव में भी मदद मिलती है। एक ही बार में कई घटकों के होने से एक या दो फसलों के खराब हो जाने का परिवार की आर्थिक स्थिति पर कोई खास असर नहीं पड़ता।

एकीकृत कृषि प्रणाली अपनाकर किसान अपने खेतों में संग्रहित जल से फसल आच्छादन बढ़ा सकते है तथा उपलब्ध संसाधनों का भरपूर दोहन करते हुए अपनी आय में वृद्धि कर सकते है। समन्वित कृषि प्रणाली के अंतर्गत कृषि के विभिन्न उद्यम से किसानों को रोजाना आय प्राप्त हो सकती है जिससे वह अपनी रोजमर्रा की जरूरतों की पूर्ति कर सकता है। छोटे एवं सीमांत किसान इस प्रणाली के द्वारा अपनी भूमि पर सालो भर रोजगार प्राप्त कर सकते है तथा बड़े किसान अपनी भूमि पर दूसरों को रोजगार मुहैया करा सकते है। अतः अच्छी आमदनी एवं रोजगार प्राप्त होने पर किसानों एवं मजदूरों का गाँवों से शहरों की तरफ होने वाले पलायन को रोका जा सकता है। साथ ही इस प्रणाली को अपनाकर हम मृदा-उत्पादकता को बरकरार रखते हुए अपने पर्यावरण को सुरक्षित रख सकते है।




## एकीकृत कृषि प्रणाली के घटक

मिट्टी की जीवन्तता को बनाए रखना और प्राकृतिक संसाधनों के कारगर प्रबन्धन से खेत को टिकाऊ आधार प्रदान करना। इसके अन्तर्गत जो बातें शामिल हैं, वे इस प्रकार हैंः

### मृदा प्रबंधन

मिट्टी को उपजाऊ बनाना रसायनों का आवश्यकतानुसार उपयोग, फसली अपशिष्ट का पलवार के रूप में उपयोग करना, जैविक और जैव उर्वरकों का उपयोग करना, फसलों को अदला-बदली करके बोना और उनमें विविधता, जमीन की जरूरत से ज्यादा जुताई न करना और मिट्टी को हरित आवरण यानी जैव पलवार से ढँककर रखना।

### तापमान प्रबन्धन

जमीन को आच्छादित यानी ढँककर रखना, पेड़-पौधे और बाग लगाना और खेतों की मेढ़ों पर झाड़ियाँ उगाना।

जल उपयोग एवं संरक्षणः वर्षा जल संग्रहण हेतु टांका ,जल होज, इत्यादि का निर्माण क्र जल को संगृहीत कर के उपयोग में लाया जा सकता है।

### ऊर्जा दक्षता

विभिन्न प्रकार की फसल प्रणालियों और अन्य पेड़-पौधे उगाकर पूरे साल जमीन को हरा-भरा बनाए रखना।

### कृषि आदान में आत्मनिर्भरता

अपने लिये बीजों का अधिक-से-अधिक उत्पादन करना, अपने खेतों के लिये खुद कम्पोस्ट खाद बनाना, वर्मी कम्पोस्ट, वर्मीवॉश, तरल खाद और वनस्पतियों का रस बनाना।

### जैवविविधता संरक्षण

विभिन्न प्रकार के जैव-रूपों के लिये पर्यावास का विकास, स्वीकृत रसायनों का कम-से-कम उपयोग और पर्याप्त विविधता का निर्माण।

### पशुपालन एवं पशुकल्याण

मवेशी कृषि प्रबन्धन के महत्त्वपूर्ण घटक हैं और उनके न सिर्फ कई तरह के उत्पाद मिलते हैं बल्कि वे जमीन को उपजाऊ बनाने के लिये पर्याप्त मात्रा में गोबर और मूत्र भी उपलब्ध कराते हैं।

नवीकरणीय स्रोत ऊर्जाः सौर ऊर्जा, बायोगैस और पर्यावरण की दृष्टि से अनुकूल यंत्रों और उपकरणों का उपयोग।

### अवशेषों का पुनर्चक्रण

खेती से प्राप्त होने वाले अपशिष्ट पदार्थों का पुनर्चक्रण कर अन्य कार्यों में इस्तेमाल करना।

परिवार की बुनियादी जरूरतों को पूर्ण करना ः परिवार की भोजन, चारे, आहार, रेशे, ईंधन और उर्वरक जैसी बुनियादी जरूरतों को खेत-खलिहानों से ही टिकाऊ आधार पर अधिकतम सीमा तक पूरा करने के लिये विभिन्न घटकों में समन्वय और सृजन।

### सामाजिक आवश्यकताओं की पूर्ति के लिये पूरे साल आमदनी

बिक्री को ध्यान में रखकर पर्याप्त उत्पादन करना और कृषि से सम्बन्धित मधुमक्खी पालन, मशरूम की खेती, खेत-खलिहान में ही प्रसंस्करण व मूल्य संवर्धन, आदि गतिविधियाँ संचालित करके परिवार के लिये पूरे साल आमदनी का इन्तजाम करना ताकि परिवार की सामाजिक जरूरतें जैसे, शिक्षा, स्वास्थ्य और विभिन्न सामाजिक गतिविधियाँ सम्पन्न हो सकें।

# बरसीन



बरसीन हरे चारें अपने गुणों द्वारा दुधारू पशुओं के लिये प्रसिद्ध है। उत्तरी/पूर्वी क्षेत्र में मक्का या धान के बाद इसकी सफल खेती होती है।

### भूमि

दोमट तथा दोमट अधिक उपयुक्त है। बरसीन के लिए अम्लीय मृदा अनुपयुक्त है।

### भूमि की तैयारी

खरीफ की फसल के बाद पहली जुताई मिट्टी पलटने वाले हल से फिर 2-3 बार हैरों चलाकर मिट्टी भूरभूरी कर लेना चाहिये। बुवाई के लिए खेत के लगभग 4 *5 मी. की क्यारियों में बॉट ले।

### बुवाई का समय

बुवाई 15 अक्टूबर से 15 नवम्बर तक करना ठीक रहता है। देर से बोने पर कटाई की संख्या कम और चारों की उपज प्रभावित होता हे।

### बुवाई की विधि

तैयार क्यारियों में 5 सेमी0 गहरा पानी भरकर उसके ऊपर बीज छिड़क देते है। बुवाई के 24 घण्टें बाद क्यारी से जल निकाल कर देना चाहिये। जहॉ धान काटने मे देर हो वहॉ बरसीन की उतेरा करना उचित है इसमें धान कटने से 10-15 दिन पूर्व ही बरसीन को खड़ी फसल में छिड़काव विधि से बुवाई करते है।

### बीज दर

प्रति हेक्टेयर 25-30 किग्रा0 बीज बोते है। पहली कटाई मे चारा की उपज अधिक लेने के लिए 1 किग्रा0 /हे0 चारे वाली टा -9 सरसों का बीज बरसीन में मिलाकर बोना चाहियें।

### कटाई

कटाई 8-10 सेमी0 की जमीन के ऊपर करने से कल्ले निकलते है। बीज लेने के लिए पहली कटाई के बाद फसल छोड दे।

### बीजोपचार

प्रायः बरसीन के साथ कासनी का बीज मिला रहता है। मिश्रत बीज को 5-10 प्रतिशत नमक के घोल में डाल देने से कासनी का बीज ऊपर तैरने लगता है। इसे छानकर अलग कर लेते है। बरसीन के बीज को नमक के घोल से तुरन्त निकाल कर साफ पानी से अच्छी तरह धोले।

यदि बरसीन की किसी खेत में पहली बार बुवाई की जा रही है। तो उसे प्रति 10 किग्रा0 बीज को 250 ग्राम बरसीन कल्चर की दर से उपचारित कर लें। कल्चर ने मिलने पर बरसीन के बीज के बराबर मात्रा में पहले बरसीन बोई गंई खेत की नम भुरभुरी मिट्टी मिला लेते है।



### उर्वरक

20 किग्रा0 नत्रजन एंव 80 किग्रा0 फास्फोरस प्रति हेक्टेयर की दर से बोते समय खेत में छिड़कर कर मिट्टी में अच्छी तरह मिला दें।

### सिचाई

पहली ः सिंचाई बीज अंकुरण के तुरन्त बाद करनी चाहियें। बाद में प्रत्येक सप्ताह के अन्तर पर 2-3 बार सिंचाई करनी चाहियें। इसके पश्चात फरवरी के अन्त तक बीस दिन के अन्तर पर सिंचाई करें मार्च से मई तक 10 दिन कि अन्तर पर सिंचाई करना आवश्यक होगा। साधारणतः प्रत्येक कटाई के बाद सिंचाई अवश्य की जानी चाहियें। एक बार में लगभग 5 सेन्टीमीटर से ज्यादा पानी नही देना चाहिये।

### बीजोत्पादन

बरसीन की 2-3 कटाई के बाद कटाई बन्द कर दें। फरवरी का अन्तिम या मार्च का प्रथम सप्ताह उपयुक्त है। अन्तिम कटाई के 10-15 दिन तक सिंचाई रोक देना चाहियें। अधिक बार कटाई करने से बीज का उपज कम एवं कमजोर होते है।

### उपज

प्रति हेक्टेयर 80-100 टन हरा प्राप्त होता है। 2-3 कटाई के बाद बीज 2-3 कुन्तल/हे0 एवं 40-50 टन/हे0 हरा चारा मिल जाता है।

### कटाई

कुल 4-5 कटाई करते है। कटाई 5-6 सेंमी. ऊपर से करना चाहिये।

| | |
|---|---|
| पहली कटाई | बोने के 45 दिन |
| दिसम्बर एवं जनवरी | 30-35 दिन बाद |
| फरवरी से | 20-25 दिन के अन्तर पर |



### उन्नतिशील प्रजातियॉ

| क्र.सं. | प्रजातियॉ | हरा चारा (कु0हे0) | उपयुक्त क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| 1. | वरदान | 900-1000 | सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश |
| 2. | मेस्कावी | 800-900 | सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश |
| 3. | बुंदेलखण्ड बरसीन-2 (जे.एच.बी.-146) | 900-1100 | सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश |
| 4. | बुंदेलखण्ड बरसीन-3 (जे.एच.टी.बी.-146) | 950-1100 | सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश पश्चिमी व पूर्वी क्षेत्र |



# बीसीसीआई सेक्रेटरी ने घरेलू क्रिकेट के लिए किए तीन सिफारिश

## रणजी ट्रॉफी के मैचों के बीच चार दिन का गैप, सीके नायडू ट्रॉफी में टॉस खत्म होगा



**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड घरेलू क्रिकेट को बेहतर बनाने के लिए रणजी ट्रॉफी को दो चरणों में कराने के साथ ही तीन बदलाव करने जा रही है। बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने 2024-2025 के घरेलू सीजन के लिए एपेक्स काउंसिल को तीन बड़ी सिफारिशें भेजी हैं। जिनमें रणजी ट्रॉफी को दो चरणों में करना, अंडर-23 सीके नायडू ट्रॉफी में टॉस खत्म करना और दलीप ट्रॉफी के लिए जोन टीमों का चयन नेशनल सिलेक्शन कमिटी की ओर से किया जाना शामिल है। रणजी ट्रॉफी के मैचों के बीच तीन की जगह अब चार दिन का गैप होगा। दरअसल पिछले साल शार्दूल ठाकुर ने कहा था कि रणजी ट्रॉफी के मैचों के बीच गैप कम है, पहले ग्रुप मैचों के बीच 4 दिन और नॉक आउट मैचों के बीच 5 दिन का गैप होता था। अगर मैचों का ऐसा शेड्यूल दो-तीन साल ऐसा ही रहा तो देश के कई युवा खिलाड़ी चोटों से जूझते नजर आएंगे। शार्दूल की बात तो बीसीसीआई ने गंभीरता से लिया।

बीसीसीआई अब रणजी ट्रॉफी को दो चरणों में कराने की योजना तैयार की है। रणजी ट्रॉफी अब जनवरी के बजाय सितंबर के आखिर या अक्टूबर के शुरुआत में कराया जाएगा। शुरुआती चरणों के 5 राउंड के मैचों के बाद सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी और विजय हजारे ट्रॉफी के मैच होंगे। वहीं उसके बाद रणजी राउंड के दूसरे चरण में तीन राउंड और नॉकआउट के मैच होंगे। 2023-2024 सीजन में रणजी के मैच जनवरी में हुए थे। इस दौरान मौसम की खराबी की वजह से कई मैचों में बाधा उत्पन्न हुई थी। इसलिए इसे अब सितंबर-अक्टूबर में कराया जाएगा। पिछले सीजन खराब मौसम की वजह से कई रणजी मैचों में परेशानी हुई थी।

### 2. सीके नायडू में टॉस नहीं होगा

वहीं बीसीसीआई सेक्रेटरी की ओर से एपेक्स कमेटी के पास जो दूसरी सिफारिश की गई है, उसमें एक प्रस्ताव अंडर-23 सीके नायडू टॉफी में टॉस खत्म करने की गई है। इसमें विजिट करने वाली टीम को यह अधिकार होगा कि वह पहले गेंदबाजी या बल्लेबाजी का चयन कर सकती है। यहीं नहीं नई प्वाइंट्स टेबल का भी चलन किया जाएगा। अगर यह प्रयोग सफल रहा, तो इस व्यवस्था को सीनियर स्तर पर भी लागू किया जाएगा।

### 3.दलीप ट्रॉफी का चयन नेशनल सिलेक्शन कमेटी करेगी

वहीं जय शाह ने घरेलू सीजन के लिए जो प्रपोजल दिए हैं, उनके एक प्रस्ताव यह भी है कि दलीप ट्रॉफी टीम का चयन क्षेत्रीय सेलेक्टरों के बजाय नेशनल सेलेक्शन कमेटी करेगी। इससे फायदा होगा कि चयन में प्रादर्शिता आएगी।

# चेन्नई ने राजस्थान को 5 विकेट से हराया

## गायकवाड ने नाबाद 42 रन बनाए, सिमरजीत ने 3 विकेट लिए



**चेन्नई (एजेंसी)।** चेन्नई सुपर किंग्स ने आईपीएल-2024 के प्लेऑफ की उम्मीदें कायम रखी हैं। टीम ने मौजूदा सीजन के 61वें मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स को 5 विकेट से हराया। दिन के पहले मैच में एमए चिदंबरम स्टेडियम में राजस्थान ने टॉस जीतकर बैटिंग का फैसला लिया। राजस्थान ने पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 141 रन बनाए और चेन्नई को 142 रन का टारगेट दिया। जवाब में चेन्नई ने 5 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया।

### सिमरजीत सिंह ने 3 विकेट लिए

राजस्थान ने चेन्नई को 142 रन का टारगेट दिया है। राजस्थान ने पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 141 रन बनाए। टीम के लिए रियान पराग ने नाबाद 47 रन की पारी खेली। उनके अलावा ध्रुव जुरेल ने 28, यशस्वी जायसवाल ने 24 और जोस बटलर ने 21 रन बनाए। चेन्नई की ओर से सिमरजीत सिंह ने 3 विकेट लिए। उनके अलावा तुषार देशपांडे ने 2 विकेट झटके।

# प्रगनानंद ने विश्व के नंबर एक खिलाड़ी कार्लसन को हराया, तीसरे स्थान पर बरकरार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के युवा ग्रैंडमास्टर आर प्रगनानंद ने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन करते हुए सुपरबेट रैपिड और ब्लिट्ज शतरंज टूर्नामेंट में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी नॉर्वे के मैग्नस कार्लसन को हराकर अपनी प्रतिभा दिखाई। प्रगनानंद जीत के बावजूद तीसरे स्थान पर बने हुए हैं, जबकि चीन के जबकि चीन के वेई यी ने 2.5 अंकों की मजबूत बढ़त हासिल कर ली है। यह पहली बार नहीं है जब प्रगनानंद ने कार्लसन पर जीत दर्ज की है। वह इससे पहले भी कई मौकों पर विश्व के नंबर एक खिलाड़ी को चौंका चुके हैं।

**गुकेश की फॉर्म चिंता का विषय** - हाल ही में कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीतकर इतिहास रचने वाले विश्व चैंपियनशिप के चैलेंजर डी गुकेश की फॉर्म चिंता का विषय बनी हुई है क्योंकि वह 1,75,000 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि वाले इस टूर्नामेंट में 9.5 अंकों के साथ अंतिम स्थान पर हैं। भारत के अर्जुन एरीगैसी 14 अंक लेकर चौथे स्थान पर हैं, जबकि पोलैंड के डुडा जान क्रिज्सटोफ 13 अंकों के साथ उनके ठीक पीछे हैं। उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसात्तोरोव 12.5 के साथ छठे स्थान पर हैं और उन्होंने जर्मनी के विंसेंट कीमर पर एक अंक की बढ़त बना रखी है। प्रतियोगिता के शुरू में शीर्ष पर रहने वाले रोमानिया के किरिल शेवचेंको 11 अंकों के साथ आठवें स्थान पर हैं। हॉलैंड के अनीश गिरी 10.5 अंकों के साथ नौवें स्थान पर पहुंच गए हैं।



### नौ दौर की बाजियां शेष

ब्लिट्ज प्रतियोगिता में अभी नौ दौर की बाजियां खेली जानी बाकी हैं। वेई यी सात जीत के साथ 20.5 अंक लेकर शीर्ष पर बने हुए हैं। कार्लसन के 18 अंक हैं और वह दूसरे स्थान पर हैं। उनके बाद प्रगनानंद का नंबर आता है। इस भारतीय खिलाड़ी के हालांकि 14.5 अंक है और ऐसे में खिताब के लिए मुख्य मुकाबला वेई यी और कार्लसन के बीच रह गया है।

# बड़े खिलाड़ियों पर मौन, छोटों को सजा ! अब केकेआर के रमननदीप सिंह पर आईपीएल में ठोका गया जुर्माना



**कोलकाता, एजेंसी।** केकेआर के ऑलराउंडर रमनदीप सिंह पर मुंबई इंडियंस के खिलाफ शनिवार को यहां खेले गए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच के दौरान आईपीएल की आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए मैच फीस का 20 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। इस 27 वर्ष के खिलाड़ी ने आईपीएल आचार संहिता के अनुच्छेद 2.20 के तहत लेवल एक का अपराध किया। उन्होंने अपना अपराध और मैच रेफरी की सजा स्वीकार कर ली है। आचार संहिता के लेवल एक के उल्लंघन पर मैच रेफरी का फैसला अंतिम और बाध्यकारी होता है। यह पता नहीं चल पाया है कि रमनदीप सिंह को किस गलती की सजा दी गई है। इससे पहले केकेआर के ही हर्षित राणा को फ्लाइंग किस सेलिब्रेशन पर बैन किया गया था जबकि विराट कोहली के गन स्टाइल हिंसात्मक सेलिब्रेशन पर हर किसी ने आंखें मुंद ली थी।

**रमनदीप सिंह ने बनाए 8 गेंद में 17 रन** - केकेआर ने बारिश से प्रभावित इस मैच में मुंबई इंडियंस को 18 रन से हराकर प्लेऑफ में जगह बनाई। रमनदीप ने इस मैच में आठ गेंद पर 17 रन बनाए। कोलकाता नाइटराइडर्स के रमनदीप सिंह पर ईडन गार्डंस में मुंबई इंडियंस के खिलाफ मैच के दौरान आईपीएल आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए मैच फीस का 20 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। 27 वर्षीय खिलाड़ी ने आईपीएल आचार संहिता के अनुच्छेद 2.20 के तहत लेवल 1 का अपराध करना स्वीकार किया और मैच रेफरी द्वारा लगाए गए दंड को स्वीकार कर लिया।

# आईपीएल:2024 अगले सीजन कोलकाता का हिस्सा होंगे रोहित शर्मा?

## केकेआर कोच और प्लेयर संग मीटिंग के बाद मिले संकेत



कोलकाता नाइट राइडर्स ने मुंबई इंडियंस को 18 रनों से हराया. इस जीत के बाद श्रेयस अय्यर की अगुवाई वाली कोलकाता नाइट राइडर्स प्लेऑफ में पहुंच गई है. वहीं, मुंबई इंडियंस बनाम कोलकाता नाइट राइडर्स मैच के बाद रोहित शर्मा की तस्वीरें खूब वायरल हो रही है. दरअसल, रोहित शर्मा कोलकाता नाइट राइडर्स के कोच और खिलाड़ियों संग बैठे नजर आए. इस दौरान लंबी बातचीत हुई. इसके बाद सोशल मीडिया पर लगातार तरह-तरह के कयास लग रहे हैं. सोशल मीडिया पर फैंस का कहना है कि आईपीएल 2025 में रोहित शर्मा कोलकाता नाइट राइडर्स का हिस्सा होंगे।

दरअसल, इस सीजन की शुरूआत से पहले मुंबई इंडियंस ने हार्दिक पांड्या को अपना कप्तान बनाया. जिसके बाद खबरों में दावा किया गया कि रोहित शर्मा खुश नहीं हैं. बहरहाल, अब सोशल मीडिया पर वायरल फोटो के आधार पर कहा जा रहा है कि रोहित शर्मा अगले सीजन कोलकाता नाइट राइडर्स का हिस्सा हो सकते हैं।

**मैं इस बल्लेबाज को कोलकाता नाइट राइडर्स में देखना पसंद करूंगा** - वहीं, इस पर कोलकाता नाइट राइडर्स स्पोर्ट स्टाफ का हिस्सा रह चुके पूर्व पाकिस्तानी दिग्गज वसीम अकरम का भी बयान आया है. वसीम अकरम ने कहा कि मुझे लगता है रोहित शर्मा अगले सीजन मुंबई इंडियंस का हिस्सा नहीं होंगे. मैं इस बल्लेबाज को कोलकाता नाइट राइडर्स में देखना पसंद करूंगा. रोहित शर्मा को बतौर ओपनर, गौतम गंभीर को मेंटर और श्रेयस अय्यर को कप्तान के तौर पर देखना शानदार अहसास होगा।

# अब भारत के डोमेस्टिक मैचों में नहीं होगा टॉस ! इन बड़े बदलावों पर विचार कर रही है बीसीसीआई

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय डोमेस्टिक क्रिकेट में जल्द बड़ा बदलाव संभव है. दरअसल, बीसीसीआई जल्द घरेलू क्रिकेट में टॉस पर फैसला ले सकती है. ऐसा माना जा रहा है कि बीसीसीआई घरेलू क्रिकेट से टॉस को खत्म करने पर विचार कर रहा है. अगर ऐसा हुआ तो टॉस के बजाय मेहमान टीम को गेंदबाजी या बल्लेबाजी चुनने का अधिकार होगा. यानी, मेहमान टीम बिना टॉस के गेंदबाजी करने या बल्लेबाजी करने का फैसला ले सकती है. साथ ही ऐसा माना जा रहा है कि इन नियम को सीके नायुडू ट्रॉफी से लागू किया जा सकता है.

**इन बदलावों पर विचार कर रही है बीसीसीआई** - इसके अलावा डोमेस्टिक मैचों के शेड्यूल में बदलाव किया जा सकता है. ऐसा माना जा रहा है कि 2 डोमेस्टिक मैचों के बीच समय-अवधि अधिक हो सकता है. दरअसल, पिछले डोमेस्टिक सीजन कई टीमों के कप्तान ने मांग की थी कि 2 मैचों के बीच के समय को बढ़ाया जाए. वहीं, अब ऐसा माना जा रहा है कि बीसीसीआई इस पर आखिरी मुहर जल्द लगा सकता है।

# विश्व कप विजेता का छलका दर्द, बताया कैसे नस्लवाद की वजह से हुए थे परेशान

**कोच्चि, एजेंसी।** एस श्रीसंत एक बार फिर खबरों की दुनिया में अपने बयान को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं. यूट्यूबर रणवीर अल्लाहबादिया के पोडकास्ट द रणवीर शो पर श्रीसंत ने कई राज खोलें. उनके बयान से भारतीय क्रिकेट में नस्लवाद का मुद्दा एक बार फिर गरमा गया है. इस मुद्दे पर पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज एस. श्रीसंत ने एक बड़ा खुलासा किया है. मद्रासी शब्द से हुई जिंदगीभर परेशानी ! द रणवीर शो में श्रीसंत ने कहा- पूरी जिंदगी मुझे... मैं बोल सकता हूं. आप जानते हैं, बॉम्बे से नीचे सब कुछ मद्रासी जैसा था. अंडर-13 से अंडर-19 तक, हर जगह ये सुनता रहा. फिर हमें कोच्चि (टस्कर्स केरल) टीम मिली और लगा कि फिर से देश के लिए खेल रहे हैं. आपको बता दें कि एस श्रीसंत का जन्म केरल के कोतमंगलम में हुआ था. गौरतलब है कि मद्रासी दक्षिण भारत, खासकर तमिलनाडु के रहने वालों के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला क्षेत्रीय अपमान है.



**कोच्चि टस्कर्स केरल से अभी भी है वेतन का इंतजार** - इसी शो में श्रीसंत ने खुलासा किया कि अब बंद हो चुकी कोच्चि टस्कर्स केरल टीम ने उन्हें अभी तक उनका वेतन नहीं दिया है. श्रीसंत 2011 के आईपीएल में खिलाड़ी के रूप में इस टीम का हिस्सा थे. अगले सीजन से पहले ही टीम को खत्म कर दिया गया था. श्रीसंत ने कहा, उन्हें बहुत पैसा देना है. उन्होंने अभी तक नहीं दिया है. आपको मुथैया मुरलीधरन सर, महेला जयवर्धने को इस शो में लाना चाहिए, वो आपको यही बताएंगे. मैकुलम भी वहां थे, और जडेजा भी. उन्होंने हंसते हुए आगे कहा, ÷यारों, बीसीसीआई ने उन्हें पैसा दे दिया है, ऐसा मुझे लगता है. कृपया हमें भी पेमेंट कर दो... वैसे भी, जब भी करो, हर साल 18त्न ब्याज याद रखना. मुझे लगता है मेरे बच्चे की शादी तक तो जरूर मिल जाएगा पैसा. टीम तीन साल चलने वाली थी, और पहले साल ही खत्म हो गई. मुझे नहीं लगता किसी ने इस बारे में बात की है. अब भी जब खिलाड़ी मिलते हैं, तो इस बारे में बात करते हैं. किसी भी इंटरनेशनल क्रिकेटर ने इस मुद्दे पर आवाज नहीं उठाई.




पेरिस ओलंपिक: 2024

# रेसलर अमन सहरावत ने हासिल किया भारत के लिए पेरिस ओलंपिक कोटा

## दीपक को नहीं मिली सफलता

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एशियाई चैंपियन अमन सहरावत ने तुर्किये में विश्व कुश्ती ओलंपिक क्वालिफायर में पुरुषों के 57 किग्रा फ्रीस्टाइल वर्ग में भारत के लिए पेरिस 2024 कोटा हासिल किया। वहीं, दीपक पूनिया असफल रहे। एशियाई चैंपियन अमन सहरावत ने तुर्किये में विश्व कुश्ती ओलंपिक क्वालिफायर में पुरुषों के 57 किग्रा फ्रीस्टाइल वर्ग में भारत के लिए पेरिस 2024 कोटा हासिल किया। वहीं, दीपक पूनिया असफल रहे। वह पहले ही राउंड में बाहर हो गए। भारत के लिए यह छठा पेरिस ओलंपिक 2024 कुश्ती कोटा है, जबकि पुरुषों के डिवीजन में पहला है। पिछले सभी पांच कोटा भारतीय महिला पहलवानों ने हासिल किये थे। अंडर 23 विश्व चैंपियन सहरावत ने सेमीफाइनल में डेमोक्रेटिक पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ कोरिया के चोंगसोंग हान को 12-2 से हराया। इस्तांबुल प्रतियोगिता पहलवानों के लिए आगामी ओलंपिक खेलों के लिए कोटा प्राप्त करने का आखिरी मौका है। प्रत्येक भार वर्ग में तीन कोटा दांव पर हैं। अपने दोनों मुकाबलो में अमन ने आसानी से जीत हासिल की। पहले उन्होंने जॉजी वालेनतिनोव को 10-4 से मात दी। इसके बाद अमन ने यूक्रेन के एंड्री यातसेंको को हराया। यातसेंको ने भारतीय पहलवान को चुनौती दी लेकिन अमन काफी मजबूत साबित हुए। अमन ने अपने प्रतिद्वंद्वी को 'टेक डाउन' के बाद तकनीकी श्रेष्ठता से जीत हासिल की। उन्होंने उत्तर कोरिया के चोंगसोंग हान को 12-2 के अंतर से हराया।

आईपीएल

# विराट कोहली जैसे खिलाड़ियों को सलाह देना ठीक नहीं, क्योंकि..., ये क्या बोल गए मैथ्यू हेडन !



**नईदिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल सीजन शुरू होने से पहले विराट कोहली की बल्लेबाजी पर लगातार सवाल उठते रहे. खासकर, टी20 फॉर्मेट में विराट कोहली की स्ट्राइक रेट पर दिग्गज अपना बयान देते रहे हैं. लेकिन इस सीजन विराट कोहली ने अपनी बल्लेबाजी से आलोचकों को करारा जवाब दिया है. दरअसल, अब तक इस सीजन विराट कोहली 12 मैचों में 153.51 की स्ट्राइक रेट से 634 रन बना चुके हैं. साथ ही रॉयल चैलेंजर्स बैंगलुरू का यह बल्लेबाज ऑरेंज कैप की रेस में टॉप पर चल रहा है. बहरहाल, अब ऑस्ट्रेलिया के पूर्व दिग्गज मैथ्यू हेडन का बयान आया है.

### विराट कोहली जैसे खिलाड़ियों को सलाह नहीं देना चाहिए...

दरअसल, मैथ्यू हेडन का मानना है कि विराट कोहली जैसे खिलाड़ियों को सलाह नहीं देना चाहिए. ऐसे खिलाड़ियों का खेल वक्त के साथ खुद ब खुद बेहतर होता जाता है. उन्होंने कहा कि फैंस के लिहाज से देखूं तो विराट कोहली की स्ट्राइक रेट चर्चा का विषय रहा है, लेकिन इस बात में कोई शक नहीं कि वह शानदार बल्लेबाज हैं. खासकर, तकनीकि तौर पर विराट कोहली का कोई जवाब नहीं है. लिहाजा, तीनों फॉर्मेट में वह बेहतरीन बल्लेबाज हैं.

### मिडिल ओवर्स में विराट कोहली की स्ट्राइक रेट परेशानी का सबब...

इस सीजन विराट कोहली ने मिडिल ओवर में स्पिनरों के खिलाफ 138 की स्ट्राइक रेट से रन बनाए हैं. मैथ्यू हेडन का मानना है कि मिडिल ओवर में स्पिनरों के खिलाफ विराट कोहली की स्ट्राइक रेट जरूर परेशानी का सबब है।


### आमिर खान को है पूरा विश्वास

# निशिचत रूप से बनेगी सरफरोश 2



आमिर खान और सोनाली बेंद्रे की सरफरोश ने 30 अप्रैल, 2024 को अपनी 25वीं वर्षगांठ मनाई। फिल्म की टीम ने शुक्रवार, 10 मई को मुंबई में एक भव्य स्क्रीनिंग के साथ इस अवसर का जश्न मनाया। फिल्म की स्क्रीनिंग के बाद, प्रेस को संबोधित करते हुए, आमिर खान ने आखिरकार सरफरोश 2 को सीरियस शॉट देने के बारे में जानकारी साझा की। बातचीत के दौरान आमिर से सरफरोश 2 को लेकर उनकी योजनाओं के बारे में पूछताछ की गई। उन्होंने कहा, आपने वही कहा जो हम सभी ने अपने दिल में महसूस किया है। मैं कई सालों से जॉन मैथ्यू मैथन ( फिल्म के निर्देशक ) के पीछे पड़ा हूं कि उन्हें इसका सीक्वल बनाना चाहिए। मैं एक चीज के बारे में प्रतिबद्धता जता सकता हूं कि हम बनाएंगे। निश्चित रूप से इसे गंभीरता से लेते हुए सरफरोश 2 बनाई जानी चाहिए और मुझे भी ऐसा लगता है। स्क्रीनिंग पर आमिर गहरे नीले रंग की टी-शर्ट के साथ रिप्ड जींस पहनकर कैजुअल ड्रेस में पहुंचे। सरफरोश में उनकी सह-कलाकार सोनाली बेंद्रे ने शानदार लाल गाउन पहनकर प्रीमियर की शोभा बढ़ाई। उनके साथ फिल्म के सहायक कलाकार भी थे, जिनमें नसीरुद्दीन शाह, मकरंद देशपांडे, गोविंद नामदेव, अखिलेंद्र मिश्रा, प्रदीप राम सिंह रावत और अशोक लोखंडे शामिल थे। सरफरोश एक भारतीय पुलिस अधिकारी की सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई की कहानी पर आधारित है। नसीरुद्दीन शाह द्वारा अभिनीत नायक गुलफ़ाम हसन के ख़िलाफ़ आमिर के अजय सिंह राठौड़ के किरदार को प्रशंसा मिली। फिल्म ने आलोचनात्मक और व्यावसायिक दोनों तरह से सफलता हासिल की और संपूर्ण मनोरंजन प्रदान करने वाली सर्वश्रेष्ठ लोकप्रिय फिल्म का राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार अर्जित किया। इसे कन्नड़ में सत्यमेव जयते और तेलुगु में अस्त्रम नाम से बनाया गया था।

## शाहिद के बाद क्या मीरा भी दिखाएंगी फिल्मों में अपना जलवा !



शाहिद कपूर की खूबसूरत पत्नी मीरा कपूर अक्सर अपने लुक्स को लेकर सुर्खियां बटोरती रहती हैं। मीरा कपूर की फिटनेस और स्टाइल के लाखों लोग दीवाने हैं। मीरा कपूर की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल होती रहती हैं। आज मीरा कपूर अपनी कुछ सेल्फी को पोस्ट करते हुए अपने फैंस से सवाल पूछती नजर आईं। मीरा कपूर की तस्वीरों को देखकर यूजर्स कयास लगा रहे हैं कि वे शायद जल्द ही फिल्मों में नजर आएंगी। एक यूजर ने लिखा है, क्या आप भी अब फिल्मों में काम करेंगी।

### जबलपुर कोर्ट ने जारी किया नोटिस

## कानूनी लफड़े में फंसी करीना कपूर खान



करीना कपूर खान कानूनी विवादों में फंस गई हैं। उनकी मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं। मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की जबलपुर बेंच ने करीना कपूर को एक नोटिस जारी किया है। यह नोटिस करीना कपूर प्रेगनेंसी बाइबल नाम की विवादित पुस्तक को लेकर दिया गया है। करीना कपूर के अलावा जस्टिस जीएस आहलूवालिया की एकलपीठ ने अदिति शाह भीमजियानी, अमेजान इंडिया, जगरनाट बुक्स और अन्य को भी नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

मामले पर अगली सुनवाई एक जुलाई को होगी। दअरसल, जबलपुर सिविल लाइन निवासी क्रिस्टोफर एंथोनी ने हाईकोर्ट में एक याचिका दायर की है। जिसमें उन्होंने करीना कपूर प्रेगनेंसी बाइबल पुस्तक के जरिए ईसाई समाज की धार्मिक भावनाएं आहत करने का आरोप लगाया है। याचिका के जरिए करीना कपूर पर आपराधिक मुकदमा दर्ज कराने की मांग की गई है। साथ ही कहा गया है कि करीना कपूर खान ने सस्ती लोकप्रियता हासिल करने की मंशा से यह किताब लिखी है, जिसका कवर पेज भी आपत्तिजनक है। अधिवक्ता किस्टोफर एंथोनी ने याचिका दायर कर दलील दी कि करीना कपूर खान ने अपनी प्रेगनेंसी के अनुभव को साझा करने पर यह किताब प्रकाशित की थी।

किताब के नाम में बाइबिल जोड़ने से ईसाई धर्म के लोगों को पीड़ा हुई और उनकी भावनाएं आहत हुई। किताब का शीर्षक ईसाई धर्म के मानने वाले अनुयाईयों के पवित्र धार्मिक ग्रंथ बाइबिल से लिया गया है। जिस कारण ईसाई समाज के लोगों द्वारा ज्ञापन और विरोध प्रदर्शन किया गया था। बाइबिल ईसाई धर्म का धार्मिक ग्रंथ है और प्रभु की शिक्षा व दृष्टांतों का वर्णन इस पवित्र पुस्तक में पाया जाता है।

## कृति का दिल जीतने के लिए होनी चाहिए ये खूबियां



कृति सैनन हिंदी फिल्मों की मशहूर अभिनेत्री हैं। उनके फैंस उनकी फिल्मों के अलावा उनकी लव लाइफ के बारे में भी जानने को उत्सुक रहते हैं। एक इंटरव्यू में अभिनेत्री ने अपने आदर्श हमसफर के बारे में बात की है। कृति सैनन बॉलीवुड की जानी-मानी अभिनेत्री हैं। उन्होंने फिल्म हीरोपंती से फिल्मी दुनिया में कदम रखा था। यह फिल्म साल 2014 में रिलीज हुई थी। पहली फिल्म से अब तक कृति ने बॉलीवुड में लगभग एक दशक पूरा कर लिया है। अपने अब तक के करियर में उन्होंने बहुमुखी किरदार किए हैं। उनके लिए इस साल की शुरुआत भी काफी बेहतरीन रही है। एक के बाद एक उनकी दो फिल्में इस साल रिलीज हुई हैं। तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया और क्रू दोनों बॉक्स ऑफिस पर सफल साबित हुई हैं।

### निजी जिंदगी पर की बात

इस साल रिलीज हुई कृति की दोनों फिल्मों को फिल्म समीक्षकों और दर्शकों से अच्छी प्रतिक्रिया मिली। साल की शुरुआत में लगातार दो सफल फिल्में दे कर उन्होंने फिर से अपनी मौजूदगी जाहिर की है। अभिनेत्री की सफलता से उनके फैंस काफी खुश हैं।

अभिनेत्री के फैंस उनकी फिल्मों के अलावा निजी जिंदगी के बारे में जानने को भी काफी उत्सुक रहते हैं। हाल में ही क्रू अभिनेत्री ने अपने आदर्श हमसफर को लेकर बात की है।

### बताया था आदर्श हमसफर के गुण

एक इंटरव्यू के दौरान, उनसे उनके पुराने बयान को लेकर सवाल पूछा गया। अपने पुराने बयान में उन्होंने कहा था कि उनके लिए एक आदर्श हमसफर में आदर भाव के साथ कई और आवश्यक गुण होने चाहिए। इसको लेकर उनसे सवाल किया गया कि उनके जैसी सफल महिला के लिए जो कामयाब,स्मार्ट, खूबसूरत और आर्थिक रुप से आजाद है, क्या उनके लिए ऐसा लड़का ढूंढ़ पाना संभव है, जिसमें वो सभी गुण हो? इसका जवाब देते हुए उन्होंने हंसते हुए कहा, मुझे नहीं पता।

फिलहाल तो मुझे नहीं पता कि लड़के में इन सभी गुणों को होना आवश्यक है या नहीं। मुझे नहीं लगता।

## शिव ठाकरे का नया म्यूजिक वीडियो कोई बात नहीं रिलीज

बिग बॉस मराठी 2 के विजेता शिव ठाकरे ने शनिवार को म्यूजिक वीडियो कोई बात नहीं जारी किया। म्यूजिक वीडियो में शिव के साथ एक और बिग बॉस की एक्स कंटेस्टेंट सोनिया बंसल नजर आ रही हैं। गाने में एकतरफा प्यार और दिल टूटने वाली भावनाएं हैं। इसे साज भट्ट ने गाया है और अमजद नदीम आमिर ने कंपोज किया है, वहीं इसके बोल अजीम शिराजी ने लिखे हैं।



गाने के बारे में बात करते हुए, शिव ने कहा, यह व्हाइट हिल बीट्स के साथ मेरा पहला सहयोग है, और पहली बार गाना सुनने पर, मुझे किरदार से जुड़ा हुआ महसूस हुआ, जिसका दिल उस वक्त दिल टूट जाता है, जब उसके प्यार की शादी किसी दूसरे से हो रही होती है। उन्होंने आगे कहा, मेरा मानना है कि यह ट्रैक दर्शकों को गहराई से पसंद आएगा, वे मेरे किरदार से जुड़ पाएंगे। सोनिया के साथ काम करना शानदार रहा। यह म्यूजिक वीडियो मेरे लिए एक बेहतरीन अवसर था। सोनिया ने कहा, वीडियो को नैनीताल में शूट किया गया। यह गाना प्यार की मासूमियत के खट्टे-मीठे सार को दर्शाता है। जब से यह गाना मेरे पास आया है, तब से मैं इसे लेकर काफी रोमांचित हूं। मुझे शिव और टीम के साथ मिलकर काम करने में बहुत मजा आया और मुझे उम्मीद है कि दर्शक इस गाने को अपना प्यार देंगे। गुनबीर सिंह सिद्धू और मनमोर्ड सिंह सिद्धू द्वारा निर्मित, यह गाना व्हाइट हिल बीट्स के लेबल के तहत जारी किया गया है और यह ऑडियो स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर स्ट्रीम करने के लिए उपलब्ध है।

## सूर्या ने पत्नी ज्योतिका की फिल्म श्रीकांत की समीक्षा की



सूर्या ने अपनी पत्नी ज्योतिका और राजकुमार राव की फिल्म श्रीकांत की समीक्षा की और इसे रोलरकोस्टर राइड बताया। अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर अपने विचार साझा करते हुए सूर्या ने भी ज्योतिका की सराहना करते हुए उन्हें बहुत खास बताया। बायोपिक की रिलीज के तुरंत बाद, तमिल अभिनेता सूर्या ने एक्स पर अपनी समीक्षा साझा की और लिखा, श्रीकांत फिल्म एक खूबसूरत रोलरकोस्टर राइड है जो हमें हंसाएगी और रुलाएगी और एहसास कराएगी कि कैसे एक व्यक्ति जीवन में इतनी सारी चीजें हासिल कर सकता है। इसके अतिरिक्त, उन्होंने फिल्म के कलाकारों और क्रू की प्रशंसा की और राजकुमार की उनके ईमानदार प्रयासों के लिए सराहना की। सूर्या ने फिल्म के निर्देशक तुषार हीरानंदानी को बधाई दी और उनकी पत्नी ज्योतिका को विशेष बधाई दी।

उन्होंने लिखा, ज्योतिका जिस तरह की कहानियों का आप हिस्सा होती हैं वह हमेशा बहुत खास होती हैं जो ! आपकी उपस्थिति आपके आस-पास की हर चीज को इतना वास्तविक बना देती है। उन्होंने अपने प्रशंसकों और फॉलोअर्स से फिल्म देखने का आग्रह किया और लिखा, यह एक महत्वपूर्ण फिल्म है दोस्तों, अपने बच्चों के साथ इसे जरूर देखें।

## गोट - ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम की शूटिंग के लिए यूएस रवाना हुए विजय




साउथ सुपरस्टार विजय इन दिनों गोट-ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम के निर्माण में व्यस्त हैं। यह फिल्म इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। फिल्म का क्रेज दर्शकों के बीच अभी से छाया हुआ है। हाल ही में फिल्म का पहला गाना व्हिसल पोडु रिलीज हुआ था, जिसे फैंस ने खूब पसंद किया। वहीं अब तेजी से फिल्म की शूटिंग आगे बढ़ रही है, जिसके बारे में अब नई जानकारियां सामने आई हैं।

फिल्म को लेकर नई जानकारी यह है कि गोट के अगले शेड्यूल की शूटिंग शुरू हो चुकी है। विजय इस एक्शन ड्रामा के नए शेड्यूल के लिए यूएसए गए हैं। अभिनेता को अमेरिका के लिए रवाना होते हुए चेन्नई हवाईअड्डे पर देखा गया। खबर है कि यूएसए में विजय कुछ तकनीकी दृश्य फिल्मा सकते हैं। निर्माता इस फिल्म के लिए डी-एजिंग तकनीक का उपयोग करेंगे और विजय दो भूमिकाओं में नजर आएंगे। इसके साथ ही फिल्म को लेकर यह जानकारी है कि विजय ने डबिंग का 50 प्रतिशत काम पहले ही पूरा कर लिया है और उनके हिस्से की डबिंग जल्द ही पूरी कर ली जाएगी।

इससे पहले खबर आई थी कि निर्माता जल्द ही फिल्म का दूसरा गाना रिलीज करने की भी योजना बना रहे हैं। इस बारे में बात करते हुए निर्देशकों ने पुष्टि की थी कि दूसरा गाना जून में रिलीज किया जाएगा। इस फिल्म के जरिए वेंकट प्रभु और विजय पहली बार साथ काम कर रहे हैं। गोट विजय की 68वीं फिल्म है। यह फिल्म एजीएस एंटरटेनमेंट प्रोडक्शन के बैनर तले बन रही है। कहा जा रहा है कि यह एक एक्शन-आधारित विज्ञान-फाई फिल्म होगी।

## सरफरोश को लेकर कई बार लगा कि क्या हम एक डॉक्यूमेंट्री बना रहे हैं : सोनाली बेंद्रे



एक्ट्रेस सोनाली बेंद्रे को स्ट्रीमिंग शो द ब्रोकन न्यूज के दूसरे सीजन के लिए काफी सराहना मिल रही है। वह हिंदी सिनेमा की उन एक्ट्रेसेस में से एक हैं, जिन्होंने देश की अलग-अलग फिल्म इंडस्ट्रीज में काम किया है। तमिल, मराठी, कन्नड़ और तेलुगु सिनेमा में काम करने के अनुभव के बारे में एक्ट्रेस ने कहा कि उनके लिए फिल्म इंडस्ट्री में काम करते समय भाषा एक बड़ी चुनौती थी, और उस समय उन्हें लगता था कि वह भी फिल्म की टीम के सदस्यों के साथ थोड़ा और घुले-मिलें।

एक्ट्रेस ने बात करते हुए कहा कि हम 1990 के दशक में पैन-इंडिया नहीं कहते थे, हमने सिर्फ राज्यों में अलग-अलग फिल्में बनाते थे। मैंने मराठी सिनेमा में एक फिल्म की है, अनाहत। यह एक शानदार कहानी थी। मैंने एक अद्भुत तमिल फिल्म की है, यह इंटरनेट पर बेस्ड लव स्टोरी थी। वह ऐसा समय था जब लोग साइबर कैफे में जाते थे। मैंने कन्नड़ फिल्में और तेलुगु फिल्में भी की हैं। सबसे बढ़कर, मुझे तेलुगु सिनेमा में काम करने में मजा आया। वे बहुत अच्छे लोग हैं। सोनाली बेंद्रे ने आगे कहा कि दिन भर के अच्छे काम के बाद रचनात्मकता, संतुष्टि की भावना, सभी फिल्म सेट पर एक समान है।

मुझे लगता है कि एकमात्र अंतर भाषा का है। दुर्भाग्य से, मैं सभी भाषाएं नहीं जानती थी और उन फिल्मों के सेट पर लोगों से ज्यादा बातचीत नहीं कर पाता थी। मैं शब्दों का अर्थ तो जानती थी, लेकिन भाषा को आत्मविश्वास के साथ सहजता से बोलने में मैं बहुत घबरा जाती थी। यह मेरे लिए हिंदी सिनेमा की तुलना में चार गुना ज्यादा काम जैसा था। सरफरोश, जिसमें वह बॉलीवुड सुपरस्टार आमिर खान के साथ नजर आईं, हिंदी सिनेमा में गेम-चेंजर बनकर उभरी। दिलचस्प कहानी और बेहतरीन कास्टिंग के चलते दर्शकों के दिलों में आज भी इसकी अपनी अलग जगह है। फिल्म से जुड़ी अपनी सबसे प्यारी यादों के बारे में बात करते हुए, एक्ट्रेस ने कहा कि कई बार उन्हें ऐसा महसूस हुआ कि क्या हम एक डॉक्यूमेंट्री की शूटिंग कर रहे हैं? लेकिन, फिल्म में उनके किरदार ने उन्हें यह विश्वास दिलाया कि यह एक पूरी तरह से कमर्शियल फिल्म है। एक्ट्रेस ने कहा कि सरफरोश एक बहुत ही खास फिल्म है, खासकर निर्देशक जॉन मैथ्यू मैथन की वजह से।

मैंने और जॉन ने विज्ञापन फिल्मों में बड़े पैमाने पर काम किया था। कई बार हमें ऐसा लगता था, क्या हम एक डॉक्यूमेंट्री बना रहे हैं? लेकिन, यह फिल्म में मेरे और आमिर खान के किरदारों के बीच म्यूजिक और बॉन्डिंग थी, जिसने हमारे विश्वास को मजबूत किया कि हम एक कमर्शियल बॉलीवुड फिल्म बना रहे हैं।

- साभार एजेंसी